श्रावण शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 182, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश 13

35 साल बाद फिर से रिलीज होगी मैंने प्यार किया 14

## एक नजर

### सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़, अंतर्राष्ट्रीय कॉल डायवर्ट करते थे चीन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बांग्लादेश के एक नागरिक द्वारा भुवनेश्वर से संचालित किए जा रहे सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय कॉल को पाकिस्तान, चीन और पश्चिम एशिया में भेजता था। सिम बॉक्स का इस्तेमाल मूल फोन नंबर को छिपाने के लिए किया जाता है। साइबर अपराध, आतंकवादी कृत्यों, जबरन वसूली व अन्य अवैध गतिविधियों के लिए अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिम बंगाल के रहने वाले राजू मंडल को शनिवार को भुवनेश्वर में एक मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 1,000 से अधिक सिम कार्ड, राउटर और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

### राजस्थान के सौ अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार सुबह राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के करीब सौ अस्पतालों को बम से उड़ानें की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार ई-मेल के जरिये सुबह जयपुर के मोनिलेक और सीके बिरला समेत कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद प्रशासन एवं पुलिस हरकत में आया और अस्पतालों में तलाशी अभियान चलाया गया। दोपहर तक किसी भी अस्पताल में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और यह धमकी झूठी निकली। धमकी के बाद अस्पतालों में तलाशी अभियान चलाने से मरीजों एवं आने जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। इससे पहले भी पिछले दिनों स्कूलों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी दी गई थी।

### कोस्टगार्ड के डीजी राकेश पाल का हृदयाघात से निधन

**नई दिल्ली/चेन्नई।** तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल का रविवार शाम चेन्नई में दिल का दौरा पढ़ने से निधन हो गया। राकेश पाल को अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद चेन्नई स्थित राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए चेन्नई आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंच गए थे। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि राकेश पाल के निधन से गहरा दुख पहुंचा है। वह एक योग्य तथा प्रतिबद्ध अधिकारी थे।

## मर्सिडीज सवार ने मारी टक्कर 200 मीटर तक घसीटा, मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में हिट एंड रन का मामला चालक गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि कार सवार ने उसे दो सौ मीटर घसीटा। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक प्रदीप गौतम (45) अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान यूपी के रायबरेली के राजेश के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि वह जोर बाग इलाके में माली का काम करता था। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि राजेश मदनपुर खादर से जोर बाग तक लगभग 20 किलोमीटर साइकिल से जाता था। पुलिस ने बताया कि गौतम के खिलाफ 'हिट एंड रन' का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सूचने पर मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क पर एक साइकिल सवार खून से लथपथ मृत हालत में मिला, जबकि उसकी साइकिल करीब दो सौ मीटर आगे मिली।

# हाईकोर्ट के आदेश पर बनेगी अभ्यर्थियों की नई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 69,000 शिक्षक भर्ती मामला

### यूपी बेसिक शिक्षा के सचिव तैयार करेंगे नई सूची

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा- किसी के साथ अन्याय न हो, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को मिले आरक्षण का लाभ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार तीन माह के भीतर 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई सूची तैयार करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा और न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार को अहम बैठक में स्थिति साफ कर दी। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए।

बैठक के बाद यह भी संकेत मिल गया कि राज्य सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को उच्च न्यायालय के निर्णय के सभी तथ्यों से अवगत कराया गया। सर्वोच्च न्यायालय के ऑब्जर्वेशन एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ बेंच के निर्णय के आलोक में कार्यवाही करने के लिए विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए एवं किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम और महानिदेशक कंचन वर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती की नई सूची बनाने को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। न्याय विभाग के अधिकारियों समेत सरकारी अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से उर्ध्वाधर आरक्षण को लेकर दिए गए ऑब्जर्वेशन के क्रम में हाईकोर्ट के आदेश का बारीकियां प्रस्तुत की। बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी थे।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के सचिव सुरेंद्र तिवारी हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में नई सूची तैयार करेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि नई सूची में कितने नए अभ्यर्थी शामिल होंगे और कितने नाम बाहर होंगे, अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि अलग-अलग संख्या शिक्षक नेताओं की ओर से बताई जा रही है। सूची बनने पर ही सही आंकड़ा सामने आएगा।

### आसान नहीं था आंदोलन से कोर्ट तक का सफर

शिक्षक भर्ती में धांधली की लड़ाई आसान नहीं थी। मुख्यमंत्री आवास से लेकर विधानसभा, शिक्षा मंत्री का आवास, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास समेत सात महीने 100 फीट ऊंची टंकी पर प्रदर्शन के साथ इस दौरान आंदोलनकारियों ने कुछ साथियों को भी खो दिया। अयोध्या के अजय जायसवाल बताते हैं कि कुछ साथियों ने सुसाइड भी किया, लेकिन मजबूती से लड़ते रहे। अंततः हाइकोर्ट से जीत मिली और अब तीन माह में नई सूची जारी होते ही नौकरी भी पक्की हो गई है। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले रायबरेली के कृष्णचंद ने भी तमाम दुश्वारियां गिनाई।

# आईएसबीटी पर खड़ी बस में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

### देहरादून में बस के तीन ड्राइवर, एक कंडक्टर समेत पांच लोगों ने किया था दुस्साहस

ब्यूरो, देहरादून






पुलिस हिरासत में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी, अंतर्राज्यीय बस अड्डे पर इसी बस में हुआ था दुष्कर्म। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) में खड़ी रोडवेज बस में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक किशोरी पंजाब की निवासी है। उसे पंजाब भेजने का झांसा देकर एक कंडक्टर ने दिल्ली से देहरादून की बस में बिठा लिया। यहां कंडक्टर और रोडवेज के चार अन्य कर्मचारियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बस की फॉरेंसिक जांच की जा रही है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शनिवार को बाल कल्याण समिति की सदस्य प्रतिभा जोशी ने पटेल नगर पुलिस थाने में तहरीर देकर कहा कि बीती 12 अगस्त की देर रात आईएसबीटी में गुमशुम बैठी पंजाब निवासी एक नाबालिग लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया था। लड़की ने काउंसलिंग में बताया कि बीती 12 अगस्त की रात अंतर्राज्यीय बस अड्डा परिसर की एक बस में चार-पांच अज्ञात लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने पॉस्को समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की।

पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर खुलासा हो गया। पुलिस ने घटना में शामिल पांचों आरोपियों धर्मेंद्र, निवासी ग्राम बंजारा वाला ग्रांट हरिद्वार, देवेंद्र निवासी चूडियाला हरिद्वार, रवि निवासी नवाबगंज, फर्रुखाबाद, राजपाल निवासी बुग्गावाला हरिद्वार और राजेश सोनकर निवासी माजरा देहरादून को गिरफ्तार किया है।

### दिल्ली से लेकर आया था परिचालक, पंजाब भेजने के बहाने देहरादून की बस में बिठाया

पुलिस के मुताबिक देवेंद्र कुमार बस परिचालक है। वह बीती 12 अगस्त को बस संख्या यूके 07 पीए 5299 लेकर दिल्ली गया था। कश्मीरी गेट पर उसे एक नाबालिग लड़की मिली, जो पंजाब जाने वाली बस की जानकारी ले रही थी। इस पर देवेंद्र ने उसे देहरादून से पौंटा से होते हुए पंजाब का रूट बताते हुए बस में बैठा लिया। देहरादून आने के बाद जब सभी यात्री उतर गए तो उसने नाबालिग को रोक लिया और बस चालक धर्मेंद्र के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। फिर आसपास की खड़ी बसों के चालक राजपाल और रवि को बुलाया तो उन्होंने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। वह कैश जमा करने गया और वहां मौजूद कर्मी राजेश को यह बात बताई। राजेश बाद में पहुंचा और उसने भी बलात्कार किया। बाद में सभी लड़की को बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गए।

### रक्षाबंधन मनाने पिकअप से घर लौट रहे थे श्रमिक

# यूपी के बुलंदशहर में बस और पिकअप की हुई टक्कर, 10 की मौत, 27 घायल

बुलंदशहर, एजेंसी



- मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के इलाज के दिए निर्देश
- सलेमपुर थाने के पास हुआ भीषण हादसा

जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक पिकअप और निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी। तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई।

जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद की एक ब्रेड कंपनी में काम करने वाले 35 से अधिक श्रमिक पिकअप में सवार होकर गाजियाबाद से अलीगढ़ की तहसील अतरौली के गांव रायपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने जा रहे थे। पिकअप जैसे ही सलेमपुर थाने के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार डग्गामार बस आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिला प्रशासन के मुताबिक, इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 10 यात्रियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से सात लोग अलीगढ़ जिले के हैं और एक बुलंदशहर जिले का है, जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह, दीन नाथ, ब्रजेश, शिशुपाल, बाबू सिंह, गिर्राज सिंह और सुगरपाल के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के ऊंचा गांव निवासी ओमकार के रूप में हुई है।


### बस चालक स्टेयरिंग फंसकर हुआ बुरी तरह जख्मी

हादसा इतना भयावह था कि बस की टक्कर के बाद पिकअप सवार लोग सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। हादसे के दौरान बस चालक भी बस के स्टेयरिंग में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गया। लोगों ने क्रेन की मदद से बस में फंसे चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# सीएए: लाखों लोगों को मिलेगा न्याय

अहमदाबाद, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री बोले- कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए। शाह ने गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र देने के बाद अहमदाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है।

शाह ने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला।' शाह ने कहा कि उन्हें (शरणार्थियों को) न केवल पड़ोसी देशों में हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख होने के कारण प्रताड़ित किया गया, बल्कि हमारे देश में भी लाखों-करोड़ों लोग तीन पीढ़ियों से न्याय के लिए तरस रहे हैं।

शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने करोड़ों घुसपैठियों को देश में घुसने दिया और उन्हें अवैध रूप से नागरिक बना दिया, लेकिन उन्होंने कानून का पालन करने वाले और इसके लिए आवेदन करने वाले लोगों को यह कहकर नागरिकता देने से इनकार कर दिया कि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। शाह ने कहा कि विभाजन के समय बांग्लादेश में 27 प्रतिशत हिंदू थे, लेकिन उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया, जिससे आज वे केवल नौ प्रतिशत रह गए हैं। उन्होंने देश भर में मौजूद शरणार्थियों से कहा कि वे बिना हिचकिचाहट के नागरिकता के लिए आवेदन करें।

## एम्स के चिकित्सक ने दवा की ओवरडोज लेकर की आत्महत्या

- फ्लैट से सुसाइड नोट भी मिला घरेलू कलह बताई जा रही वजह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 34 वर्षीय न्यूरो सर्जन ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि गुजरात के राजकोट निवासी राज घोनिया की मौत संभवतः दवाओं के ओवरडोज के कारण हुई है, क्योंकि दक्षिणी दिल्ली के गौतम नगर इलाके में स्थित उनके घर से दवाओं की इस्तेमाल की हुई शीशियां और सीरिंज मिलीं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। हालांकि घोनिया ने इसमें किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "रविवार दोपहर करीब 2 बजे हौज खास पुलिस थाने को गौतम नगर इलाके में एक चिकित्सक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घोनिया को अचेत अवस्था में पाया।" घोनिया को एम्स ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह एम्स के ट्रॉमा सेंटर में नियुक्त थे।

## शक के चलते पति ने सोती पत्नी को फावड़े से काट डाला

संवाददाता, खटीमा



मृतका व उसका पति

- घर में मचा कोहराम पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** पीलीभीत रोड पर स्थित भुजिया नंबर तीन में एक व्यक्ति ने शक के चलते रात्रि में सोती हुई पत्नी के गले पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी। सूचना पर घर पहुंचे बेटे ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को सौंपी तहरीर में भुजिया नंबर तीन निवासी नरेंद्र सिंह ने कहा है कि शनिवार रात्रि जब वह ईस्टर फैक्ट्री में काम पर था तो रात्रि 12 बजे उसकी पत्नी पिंकी ने फोन किया कि तुम तत्काल घर आ जाओ बड़ी घटना हो गई है। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि उसकी मां आशा देवी (50) बिस्तर पर पड़ी है, उसकी गर्दन कटी थी। इस पर उसकी पत्नी ने बताया कि रात्रि में करीब साढ़े 11 बजे उसके पिता मेघनाथ ने पत्नी की सोते समय फावड़े से वार कर हत्या कर दी है। नरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने मेघनाथ मूल पता ग्राम बमरौली थाना बिलसण्डा तहसील बीसलपुर जनपद पीलीभीत उत्तर प्रदेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मेघनाथ को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के दो पुत्र और एक पुत्री थे। जिनमें छोटे बेटे की एक साल पहले मौत हो चुकी है।

## यूपी : पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में मंत्री के ड्राइवर ने लगाई फांसी

- प्रेमिका की ब्लैकमेलिंग से था परेशान, भाई ने लिखाई प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के ड्राइवर राजवीर सिंह उर्फ कुंदन ने शनिवार रात फोन पर अपनी प्रेमिका से बात करते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में फंदे पर लटक कर जान दे दी। भाई ज्ञानवीर की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि राजवीर की प्रेमिका उसे ब्लैकमेल कर रही थी। मंत्री धर्मपाल सिंह के लिए लखनऊ के अलीगंज में की आनंद शुक्ला की ट्रैवल एजेंसी से गाड़ी उपलब्ध कराई गई थी, जिसे बाराबंकी निवासी 25 वर्षीय राजवीर सिंह चलाते थे। राजवीर 16-17 अगस्त को सिविल लाइंस स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रुके थे। शनिवार रात करीब 10 बजे उन्हें मंत्री को लेने स्टेशन जाना था। कई बार फोन करने के बाद भी राजवीर ने कॉल रिसीव नहीं की तो मंत्री के गनर गेस्टहाउस पहुंचे तो राजवीर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। सूचना पर पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो राजवीर का शव फंदे पर पंखे के कुंडे से लटका मिला।

# कोलकाता रेप-मर्डर का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीजेआई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ कल करेगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले का रविवार का स्वतः संज्ञान लिया और 20 अगस्त (मंगलवार) को सुनवाई करेगा।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त 2024 को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। 9 अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर के साथ शर्मशार करने वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14 अगस्त को उस अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया। डॉक्टर दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में देशभर के डॉक्टर लगातार जगह-जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच करने का निर्देश दिया था।

### अस्पताल के आसपास इकट्ठा होने पर रोक

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आसपास पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शहर में अगले सात दिनों के लिए नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा लागू कर दी गई है। इसी बीच, 9 अगस्त को अस्पताल के अंदर एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की अदालत की निगरानी में जांच कर रही सीबीआई ने लगातार तीसरे दिन अस्पताल के बर्खास्त प्राचार्य संदीप घोष को शुक्रवार और शनिवार को 23 घंटे की पूछताछ के बाद भी रविवार सुबह 11 बजे सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पेश होने के लिए बुलाया। सीबीआई अपराध के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अस्पताल में हुई तोड़फोड़ में बर्खास्त प्राचार्य के संबंध की जांच कर रही है।

# सरकार का लक्ष्य 2025 तक डेढ़ लाख लखपति दीदी बनाना

संवाददाता, टनकपुर




अमोड़ी में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के अमोड़ी में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव में की घोषणा
- सीएम ने 3916.85 लाख की 26 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चम्पावत जिले के अमोड़ी में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक डेढ़ लाख बहनों को लखपति दीदी बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने 2510.95 लाख की 13 योजनाओं का लोकार्पण और 1405.90 लाख की 13 योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए राज्य में महिला सशक्त बहना उत्सव योजना शुरू की गई है। यह योजना लागू होने के बाद प्रदेश में महिलाओं द्वारा बनाए उत्पादों की बिक्री की जा रही है, जिसका उन्हें सीधा मुनाफा मिल रहा है। इन उत्पादों की मांग पूरे विश्व में बढ़ी है। इन उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो गया है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के बनाए हस्त निर्मित पिरूल, ऐपण, सूत व अन्य स्थानीय उत्पादों से बनाई राखियों व अन्य उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद की माताएं व बहनें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा तो दे रही हैं साथ ही अन्य स्थानीय महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं।

इस वजह से महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। सीएम ने कहा कि चम्पावत को उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश का अग्रणी जिला बनाने के लिए कई विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप



राखियों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख की छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्राओं ने कश्मीर में तैनात जवानों को भेजी राखी

**भीमताल :** राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख में रक्षाबंधन के अवसर पर कौशलम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके के तहत कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं ने सुंदर राखियां बनाई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इन राखियों को कश्मीर में तैनात सेना के जवानों को भेजा जा रहा है। शिक्षिका दीपा जोशी छात्राओं को राखियां बनाना सीखा रही हैं।

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जनार्दन जोशी से मारपीट

**कालाढूंगी :** कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जनार्दन जोशी ने थाने में तहरीर देकर तीन लोगों से जान का खतरा बताया है। तहरीर में कहा कि वह शुक्रवार को बाजार से सामान लेकर घर जा रहे थे तभी पूरनपुर और गुलजारपुर के तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। बीच बचाव में आई उनकी पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने थाने में नामजद तहरीर देकर तीनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सड़क किनारे लगाए 50 से अधिक पौधे

**भीमताल :** देवगुरु नागरिक पुस्तकालय पोखरी शिवनगर के छात्रों ने पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हेमंत कुमार जोशी के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर लोगों को प्रकृति संरक्षण एवं तापमान वृद्धि को रोकने का संदेश दिया। छात्रों ने सड़क किनारे 50 से अधिक पौधे लगाये और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पीसीएस टापर हिमांशु कफल्टिया ने इस प्रकार के जागरूकता परक कार्यक्रमों को समाज के लिए बहुत उपयोगी बताया। इस दौरान संदीप, सुनील, हर्षित, गौरव परगांई मौजूद रहे।



जंगलियागांव में सरकार की योजनाओं की जानकारी देते कलाकार। ● अमृत विचार

### उत्तराखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव तथा हरीनगर में सूचना तथा जन संपर्क विभाग के तत्वावधान में कुमाऊनी छैल छबीली कुमाऊनी सांस्कृतिक संस्था द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। कुमाऊनी भाषा व संस्कृति के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार एवं प्रसार किया गया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने इस तरह के कार्यक्रम से लाभ लेने की अपील की तथा योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतार कर उपयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महेश चंद्र आर्य, नेहा तिवारी, बिशन कुमार, नवीन चंद्र, चंद्र प्रकाश, सतीश चंद्र, करिश्मा, महेश चंद्र बेलवाल, ईश्वरी राम, विजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल, कुशी राम, गोपाल राम, ललित मोहन चुनेरा, लीला देवी, जगदीश चंद्र, राधा आर्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राज्य आंदोलनकारी 28 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

**रामनगर :** राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच के जुड़े राज्य आंदोलनकारी 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बिल को राजभवन से अविलंब मंजूरी देने, राज्य की अवधारणा एवं राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 28 अगस्त को प्रदेश की सभी तहसील, जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर तहसीलदार, एसडीएम, जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजेंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य प्रभात ध्यानी ने दी। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया।

### कर्मियों को नियमित करने के फैसले का स्वागत

**नैनीताल :** सरकारी कार्यालयों में 10 वर्ष की सेवा दे चुके कर्मचारियों को नियमित करने के फैसले का विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने स्वागत किया है। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि सरकारी सेवा में लंबे समय से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारी नियमित होने की राह देख रहे थे। ऐसे में उत्तराखंड सरकार ने कैबिनेट में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का फैसला लिया है, जो स्वागत योग्य है। इस दौरान प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. विजय कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दीपिका गोस्वामी रहे।

### 350 से अधिक मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

**रामनगर :** उत्तराखंड मानव सेवा समिति दिल्ली ने बैडाझाल लूटाबड़ स्थित शिव शक्ति मंदिर परिसर में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर आरपीजी लाइफ साइंसेज मुम्बई के सहयोग से लगाया। जिसका 350 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। वहीं 150 से अधिक नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्में वितरित किए गए। संस्था के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त वीएन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों को देखते हुए जीवन शैली में परिवर्तन आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश के कैंसर विशेषज्ञ एवं संस्था के स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. दीपक सुंदरियाल ने जन समुदाय को बढ़ते कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक किया। शिविर में चामुंडा अस्पताल काशीपुर के निदेशक डॉ. यशपाल सिंह रावत, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. सुरभि सिंह, विनोद भट्ट, सतीश जुयाल, धर्मेंद्र सिंह, आरएस चौहान, अनिल कुमार, जयराम, जाकिर, इंदर, नजाकत, यशोजीत, हर्षवर्धन बौड़ाई, अशोक बौड़ाई, जाकिर, विपिन उप्रेती मौजूद थे।



विजेता छात्रों को सम्मानित करते न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी।

### विजेताओं को न्यायाधीश ने किया सम्मानित

**नैनीताल :** सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय सैनिक स्कूल प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इससे पूर्व विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वीएस डंगवाल ने पुष्प गुच्छ देकर न्यायाधीश का किया। अधिकांश प्रतियोगिताओं में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने बाजी मारी। वहीं वालीबॉल में सैनिक स्कूल झुंझनू, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल रेवाड़ी ने जीत हासिल की। घोड़ाखाल सैनिक स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार अभिषेक श्रीवास्तव, प्राधिकरण सचिव प्रदीप कुमार, कार्याधिकारी अरुण वोहरा, कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अधिकारी रहे।

### तेंदुए की दस्तक को लेकर किया निरीक्षण

**भीमताल :** बिलासपुर से थपलिया महरा गांव तक तेंदुए की दस्तक को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने वन विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। इसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी विजय मिलकानी ने बताया कि देर सांय से बिलासपुर से थपलियामहरा गांव तक वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक तेंदुए के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# महिला हिंसा के खिलाफ शहर में निकाली रैली

## बुद्ध पार्क में महिलाओं के कार्यक्रम पर श्रेय लेने की होड़, नाराज महिलाएं बोलीं- महिला हिंसा को राजनीति का जरिया न बनाएं

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** देश और शहर में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध के खिलाफ महिलाओं ने रैली निकाली और जोरदार विरोध दर्ज कराया। महिलाओं के इस कार्यक्रम को कुछ लोगों ने राजनीति चमकाने का जरिया बनाने की कोशिश की, लेकिन महिलाओं से मुंह की खानी पड़ी। महिलाओं ने दो टूक कहा, यदि राजनीति चमकानी है तो यह मंच आपके लिए नहीं है।

महिला हिंसा के विरोध में बुद्ध पार्क तिकोनिया से शुरू हुई रैली कालू सिद्ध तिराहे पर पर समाप्त हुई। महिलाए बारिश में भी नहीं रुकीं। रैली की संयोजक आशा राठौर, मनीषा जोशी, योगिता बनौला, मंजू भट्ट ने बताया कि महिलाओं पर हिंसा के मामले पूरे देश में बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। निर्भया कांड के बाद महिला हिंसा को रोकने के लिए कई बातें की गईं, लेकिन आज भी हालात नहीं सुधरे हैं। बारिश के दौरान भी रैली में लोग काफी संख्या में जुटे और महिला हिंसा के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने हाथ में महिला हिंसा के खिलाफ नारे लिखीं तख्तियां लिए थीं। इस दौरान शेखर राठौर, निकिता, अमित, गरिमा मेहरा, दक्षित मेहरा, तृप्ति अधिकारी, करिश्मा बिष्ट, प्राची सिंह, नीता राठौर, दिपांशी बोहरा, कृतिका बिष्ट, पारुल शर्मा रहे।



महिला हिंसा के विरोध में हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार



कोलकाता घटना के विरोध में प्रदर्शन करते स्कूली छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में किया प्रदर्शन

**नैनीताल :** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में नैनीताल के सभी स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कोलकाता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही पीड़ित परिवार को दिलाने की मांग की। सेंट मैरी की प्रधानाचार्य मंजूषा के नेतृत्व में शहर के सेंट जोसेफ, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर, डीएसबी परिसर समेत अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में पंत पार्क में एकत्र होकर घटना का विरोध किया। जिसके बाद शहर की माल रोड में कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश जताया। कैंडल मार्च गांधी चौक पहुंचकर समाप्त हुआ।

### नशे में धुत नाव चालक ने पर्यटकों से की अभद्रता

**नैनीताल :** शराब के नशे में धुत एक नाव चालक ने पर्यटकों के साथ अभद्रता कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी नाव चालक का चालान किया। पुलिस को रविवार की सुबह तल्लीताल क्षेत्र में एक नाव चालक की ओर से पर्यटकों के साथ अभद्रता करने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस बोट स्टैंड पहुंच गई।

पर्यटकों ने बताया कि नाव चालक शराब के नशे में है। पुलिस ने नाव चालक का चालान कर दिया। इधर दोपहर में बोट स्टैंड पर टिकट काउंटर से जब नाव चालक को टिकट नहीं दिया गया तो वह बिना टिकट के ही नाव में पर्यटकों को बैठाने लगा। इस पर अन्य नाव चालकों ने विरोध किया तो वह अभद्रता करने लगा। जिसके बाद सभी नाव चालक पुलिस के पास पहुंच गये। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि नाव चालक मोहन सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए पालिका ईओ से उसका लाइसेंस निरस्त करने की मांग की गई है।



वार्ड 18 भोलानाथ गार्डन का निरीक्षण करते नगर आयुक्त व निवर्तमान मेयर।

### निरीक्षण में खराब मिलीं स्ट्रीट लाइटें

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने रविवार को वार्ड 18 भोलानाथ गार्डन और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान 5 से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब मिलीं और तीन जगह नालियां चोक थीं।
भोलानाथ गार्डन क्षेत्र में लाइट नहीं होने के कारण खराब स्ट्रीट लाइटों की संख्या पता नहीं चल पाई। क्षेत्र की एक कॉलोनी में खुली पाइप लाइन होने के कारण इसके आसपास गंदगी पसरी थी, जिसके लिए नगर आयुक्त ने दो इंच की पेयजल लाइन डालने के निर्देश दिए। वार्ड 18 में भोलानाथ गार्डन, सिंचाई कॉलोनी एशबाग और इससे लगे कालाढूंगी रोड मुख्य मार्ग का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, सफाई निरीक्षक परमार आदि मौजूद रहे।

### सीओ ने किया थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण

**रामनगर :** पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी ने थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, आपदा उपकरणों, दंगा नियत्रण शस्त्रों/टियर गैस, सीसीटीएनएस, लावारिस मालों, वाहनों, मैस, बैरक, परिसर, सरकारी आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी अभिलेख एवं सरकारी संपत्ति उपकरण सही पाए गए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को जनता के साथ बेहतर संवाद बनाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई प्रथम मोहम्मद यूनुस, एसएसआई द्वितीय मनोज नयाल, एसआई राजवीर सिंह नेगी, एसआई भुवन चंद्र जोशी, एसआई तारा सिंह राणा, एसआई जोगा सिंह, सुभाष चौधरी मौजूद रहे।

# एसटीएच में किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी हिरासत में

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**दुस्साहस**
- डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की चौथी मंजिल पर हुई घटना
- शोर मचाया तो अस्पताल के सुरक्षा गार्ड ने बचाया

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में एक नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। वॉशरूम का रास्ता पूछने पर तीमारदार नाबालिग को एक युवक ने पकड़ कर खींच लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर पहुंचे अस्पताल के सुरक्षा गार्ड ने नाबालिग को बचाया, जिसके बाद अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया कि उसकी चाची अस्पताल में भर्ती है और 17 साल की उसकी बहन तीमारदारी में लगी है। बीती 17 अगस्त की देर रात नाबालिग वार्ड के बाहर टहल रही थी। तभी वहां पुलभट्टा ऊधमसिंह नगर निवासी जावेद खान पहुंच गया। उसने वॉशरूम का रास्ता पूछा। पीड़िता जवाब देती तभी वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जावेद बहला-फुसला कर नाबालिग को चौथी मंजिल पर ले गया और जबरदस्ती करने लगा। नाबालिग ने विरोध किया और शोर मचाया तो जावेद परिजनों को जान से मार डालने की धमकी देने लगा, लेकिन पीड़िता चुप नहीं हुई। वह शोर मचाती रही और शोर सुनकर अस्पताल के सुरक्षा कर्मी व पीड़िता के परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद एसटीएच में हंगामा शुरू हो गया।

जानकारी मिलते ही मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने किसी तरह लोगों को शांत कराया तो आरोपी पुलिस से अभद्रता पर आमादा हो गया। जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि किशोरी के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में बीएनएस की धारा 74 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### टपक योजना पर कार्यशाला संपन्न

**भीमताल, अमृत विचार:** विकास खंड भीमताल सभागार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने किया।

मुख्य उधान अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने अतिथियों, विशेषज्ञों व कृषकों का स्वागत किया। पंतनगर विश्व विद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. पीके सिंह, डॉ. एसके, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. एसके दिवेदी ने योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख डॉ. बिष्ट ने स्थानीय फल सब्जी, फूल क्षेत्र में कार्य कर रहे किसानों से सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की अपील की। बताया कि जो कृषक पॉलीहाउस स्थापित करता है वो डिप सिंचाई प्रणाली को स्थापित करे। मुख्य विकास अधिकारी ने टपक प्रणाली को अत्यधिक उपयोगी बताया।

# सेना, पुलिस जवानों को बांधी राखी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में स्थानीय महिलाओं और विधायक सरिता आर्या ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय सेना और पुलिस के जवानों को राखी बांधी। आर्मी कैंट क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या ने सेना के जवानों के हाथों में राखी बांध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

विधायक सरिता आर्य ने कहा कि सेना के जवान देश की रक्षा करते हैं। रक्षाबंधन पर जवान अपने घर नहीं जा पाते है। ऐसे में जवानों की खुशी में शामिल होने के लिए जवानों के साथ पर्व मनाया जा रहा है।

इस दौरान सिपाही शैलेश यादव कहा कि हमें नैनीताल में नया परिवार मिला है। इन बहनों ने हमारी दीर्घयु के लिए राखी बांधी। जिससे हमें अपने घर व बहनों का एहसास मिला है। महिलाओ ने तल्लीताल चौकी में पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान रीना मेहरा, दीपिका बिनवाल, आरती बिष्ट, सोनू साह, ममता कुमय्यां, तारा राणा, नीतू जोशी, नीमा खुलबे, अमिता साह, कनिका रावत, तारा बोरा, चंद्रशेखर गारीवाल, राधा पांडे खोलिया, कृष्णा साह समेत अन्य महिलाएं और आर्मी के जवानों में शैलेश यादव, संजय कुमार, संजीव कुमार, अमोल उगरे, लावा विजी, विश्वजीत दास, ज्वाला, वृंदावन अधिकारी, सिमरन जीत, हर्षसिमरन समेत तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा, पीएस रौतेला, प्रेम बल्लभ छिमवाल, अनूप सिंह, ललित राम, योगेश कुमार आदि को राखी बांधी।



नैनीताल में सैनिक को राखी बांधतीं विधायक सरिता आर्या। ● अमृत विचार

# अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग तथा उत्तराखण्ड राज्य एवं प्रवर अधीनस्थ सेवा व उच्च न्यायिक सेवा/प्रान्तीय सिविल सेवा की सीधी भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

विकास भववन में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि योजना के अन्तर्गत अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 75 हजार रुपये तथा मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर साक्षात्कार की तैयारी हेतु 25 हजार रुपये की धनराशि दिए जाएंगे। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की सिविल सेवा परीक्षा, उच्च न्यायिक सेवा एवं प्रान्तीय सिविल सेवा (न्यायिक) की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 60 हजार तथा साक्षात्कार की तैयारी के लिए 20 हजार रुपये, आईआईटी, आईआईएमएस की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर 60 हजार तथा आईआईएमएस, आईआईएस, आईआईएसएआर, एमसीआई, एनआईटीएस, बीटीआई की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर 50 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। यह राशि उन सफल अभ्यर्थियों को दी जायेगी, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की वार्षिक आय 4.50 लाख रुपये से अधिक न हो।



नल दमयंती ताल में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी।

### तैराकी में नितेश व नैना ने मारी बाजी

**भीमताल, अमृत विचार:** यहां नल दमयंती ताल में आयोजित ओपन टू आल एक दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, निर्वतमान चेयरमैन देवेन्द्र सिंह चनौतिया व कारोबारी मोहित पडियार ने संयुक्त रूप से किया।

दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने प्रतिभाओं को आगे आने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन को आवश्यक बताया। वहीं निर्वतमान चेयरमैन देवेन्द्र सिंह चनौतिया ने कहा कि आने वाले सालों में खिलाड़ियों के लिए और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कारोबारी मोहित पडियार ने हर प्रतियोगिता में सहयोग देने की बात कही। प्रतियोगिता में नितेश राणा प्रथम, दीपक साईं द्वितीय, पारस रौतेला तृतीय, बालिका वर्ग में नैना प्रथम, कुमकुम ने दूसरा और आरती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजक अंकुर दंतवाला, निखिल नैना ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है।

# नौकुचियाताल, भीमताल क्षेत्र को संवारेगा डीडीए

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जनपद में पर्यटकों को सहूलियत देने के मकसद से जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने भीमताल और नौकुचियाताल को संवारने का फैसला किया है। इसमें झीलों के सौंदर्यीकरण के साथ ही जन सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, ताकि पर्यटक आकर्षित हो सकें। इसके लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने नौकुचियाताल और भीमताल के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाया है, जिसे प्रशासन से मंजूरी मिल गई है। अब इस प्रस्ताव की डीपीआर बनाई जा रही है। इसमें भीमताल व नौकुचियाताल झील के चारों ओर पैदल पाथ-वे, आकर्षक रेलिंग, लाइट्स, सेल्फी प्वाइंट्स, बैठने के लिए आकर्षक बेंच, शौचालय वगैरह विकसित किया जाएगा। इसका सीधा मकसद पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को सुविधाएं व सहूलियत देना है। भीमताल में सिर्फ झील के चारों ओर ही नहीं बल्कि पंत पार्क का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। डीपीआर बनते ही मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा। इसका अनुमानित खर्च लगभग पांच से छह करोड़ रुपये आंका जा रहा है। हालांकि डीपीआर बनने के बाद लागत पता चलेगी।

सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार नौकुचियाताल व भीमताल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसकी डीपीआर बनाई जा रही है, मंजूरी मिलते ही जल्द काम शुरू होगा।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| चोरगलिया | मोहन फर्त्याल | : | 7956252231 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज एजेंसी | : | 8445072215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

### आज का मौसम

हल्की धूप के साथ बारिश होने की संभावना

| 29.0° | 27.5° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.43 | सूर्यास्त 06.48 |

## एक नजर

### सरकारी अस्पतालों में आज भी बंद रहेगी ओपीडी

**हल्द्वानी :** शहर के सरकारी अस्पतालों में सोमवार को भी ओपीडी बंद रहेगी। ऐसे में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। हालांकि निजी अस्पतालों की खुली रहेगी। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर सरकारी अस्पतालों में अवकाश के चलते ओपीडी बंद रहेगी। शनिवार को चिकित्सकों की हड़ताल और रविवार को अवकाश के चलते सभी सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी बंद रही। सोमवार को निजी अस्पतालों की ओपीडी खुल जाएगी। आईएमए हल्द्वानी के महासचिव डॉ. प्रदीप पांडे ने बताया कि सोमवार से चिकित्सक ओपीडी में बैठेंगे। जिन मरीजों को सरकारी अस्पताल की ओपीडी में दिखाना है उन्हें एक दिन और इंतजार करना पड़ेगा। लगातार तीन दिन सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद रहने से मंगलवार को अस्पतालों में भीड़ रहने का अनुमान है।

### 8,734 ने दी सहायक अध्यापक एलटी परीक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को सहायक अध्यापक एलटी परीक्षा आयोजित की गई। शहर के विभिन्न 25 केंद्रों में परीक्षा हुई, जिसमें 8 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 9,911 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 8,734 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1,177 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

### बारिश से गिरा पारा, गर्मी से मिली निजात

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी और काठगोदाम क्षेत्र में हुई रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट आई है। लोगों को गर्मी से काफी निजात मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश की संभावना है। शनिवार को जहां उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे, वहीं रविवार की सुबह रिमझिम बारिश हुई। आसमान में बादल छाए हुए थे, ठंडी हवाएं चल रही थीं। हल्द्वानी में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई। खासतौर से काठगोदाम क्षेत्र में काफी अच्छी बारिश हुई। अधिकतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और यह 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 22 अगस्त तक बारिश होने के आसार हैं।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

**हल्द्वानी :** स्वतंत्रता दिवस पर घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लौट कर नहीं आई। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस छात्रा की तलाश में जुट गई है। पुलिस को दी तहरीर में वीरपाल ने बताया कि उनकी बेटी नीलू गुरुतेग बहादुर इंटर कॉलेज में 10वीं की छात्रा है। 15 अगस्त की सुबह 7 बजे वह घर से स्कूल के लिए निकली थी। जब दोपहर तक नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। न मिलने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।



हल्द्वानी में रविवार को कालू सिद्ध मंदिर तिराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार



कोतवाली के पीछे से अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहे की ओर जाने वाले वीवीआईपी सड़क बुरी तरह जाम रही।

# रक्षाबंधन पर नाकाफी इंतजाम, जिधर गए बदइंतजामी का जाम

## त्योहार के साथ एलटी परीक्षा और वीकेंड एक साथ, खुशनुमा मौसम में छूटा पर्यटकों का पसीना, पुलिस की पूर्व में तैयारी न होने का लोगों ने भुगता खामियाजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**09** बजे सुबह से सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा हल्द्वानी के मुख्य बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या हजारों में थी

**11** बजे सुबह से दोपहर 1 बजे तक अधीनस्थ चयन आयोग की परीक्षा थी। 8,734 परीक्षार्थी हल्द्वानी पहुंचे, दूसरी ओर वीकेंड पर बाहरी राज्यों से पर्यटक भी खूब पहुंचे

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन की खरीदारी करने निकले लोगों का दिन रविवार को सड़क पर जद्दोजहद करते हुए गुजर गया। त्योहार से ठीक एक दिन पहले रविवार की छुट्टी का लोग भरपूर उपयोग करना चाहते थे। बाजार में खरीदारी के साथ कई लोगों ने पिकनिक का प्लान भी बनाया था, लेकिन सारी कवायद सड़क पर सिस्टम को कोसते-कोसते गुजर गई। सुबह शुरू होते ही शहर में ऐसा जाम लगा कि दिन निकल गया, शाम ढल गई, लेकिन जाम नहीं खुला। रक्षाबंधन पर नाकाफी इंतजाम का हश्र यह हुआ कि शहर में बदइंतजामी का जाम लगा रहा।

दरअसल, हर त्योहार से पहले पुलिस डायवर्जन प्लान जारी करती है। यहां तक की पेड़ों के कटान से लोगों की फजीहत न हो, इसलिए पहले ही रूट डायवर्जन जारी कर दिया जाता है, लेकिन रक्षाबंधन से पहले बाजार में उमड़ने वाली भीड़ पर न तो पुलिस ने मंथन किया और न ही तैयारी।

नतीजा सुबह 9 बजे से सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा। हल्द्वानी के मुख्य बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या हजारों में थी। उस पर रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अधीनस्थ चयन आयोग की परीक्षा थी। 8,734 परीक्षार्थी हल्द्वानी पहुंचे। दूसरी ओर वीकेंड पर बाहरी राज्यों से पर्यटक भी खूब पहुंचे। फिर नैनीताल रोड, बरेली रोड, कालाढूंगी रोड और रामपुर रोड का हाल एक जैसा हो गया। मुख्य सड़कें जाम हुईं तो बोझ छोटे रास्तों पर पड़ा और वहां भी जाम लग गया। अब तक पुलिस इन सबसे बेपरवाह थी।



कालू सिद्ध मंदिर के सामने खरीदारों से भरी बाजार की मुख्य गली। ● अमृत विचार

### परेशानी

- जब जाम की भेंट चढ़ गया शहर तब जाकर नींद से जागी पुलिस

### फूटा सीओ का गुस्सा, बोले-बैठ कर गप्पे मार रहे हो

**हल्द्वानी :** पुलिस बहुउद्देशीय भवन स्थित अपने दफ्तर जा रहे सीओ नितिन लोहनी भी जाम में फंस गए। उन्होंने उतरकर जाम खुलवाने की कोशिश की। बात नहीं बनी तो वायरलेस सेट से थानों और चौकियों में जमा सिपाही व होमगार्ड को सड़क पर उतरने के लिए निर्देशित किया। कुछ तो निर्देश सुनकर काम पर लग गए, लेकिन तमाम लोगों ने अनसुना कर दिया। इससे गुस्साए सीओ कोतवाली पहुंच गए। यहां पुलिस कर्मी और दरोगा गप्पों में व्यस्त थे। इस पर सीओ नितिन लोहनी भड़क गए। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा, तुम यहां बैठकर गप्पे मार रहे हो और पूरा शहर जाम है। वायरलेस पर बार-बार कहने के बाद भी तुम्हें सुनाई नहीं दे रहा है। जिसके बाद सिपाही और होमगार्ड चौराहों की ओर दौड़े।

### अचानक आई रूट डायवर्जन की याद

**हल्द्वानी :** हालात बिगड़ गए तो पुलिस को रूट डायवर्जन की याद आई। दोपहर करीब एक बजे पुलिस ने भारी वाहनों को शहर में प्रवेश न कराने का फैसला लिया। वायरलेस सेट पर संदेश प्रसारित कराए गए कि भारी और पर्यटक वाहनों को शहर के बाहर से भेजा जाए। इस संदेश के बाद रोडवेज की उन बसों को जिन्हें रामपुर रोड और बरेली रोड की ओर जाना था, उन्हें ताज चौराहे से गौलापुल वाया तीनपानी बाईपास होते हुए निकालना शुरू किया गया।

### लालडांठ से कालू सिद्ध मंदिर तक हर चौराहे पर रोका यातायात

**हल्द्वानी :** लालडांठ से कालू सिद्ध मंदिर तक पूरी सड़क यातायात के बोझ तले दब चुकी थी। चौराहे पर वाहन आमने-सामने आये फिर एक के पीछे एक आड़े-तिरछे होकर फंस गए। हाल बुरा हुआ तो हर चौराहे पर यातायात को रोक-रोककर आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहा, जेल रोड तिराहा, नवाबी रोड तिराहा, मुखानी चौराहा, पीलीकोठी तिराहा और लालडांठ तिराहे से आगे यातायात को तभी बढ़ने दिया गया, जब अगले चौराहे का यातायात आगे बढ़ा।

दोपहर होते ही हालात बेकाबू हुए तो थानों और चौकियों से पुलिस कर्मियों को निकाल कर सड़कों पर तैनात किया गया। मशक्कत करते-करते शाम ढली और अंधेरा हो गया, लेकिन पुलिस यातायात संभाल नहीं पाई। कालाढूंगी चौराहे से लेकर मुखानी तक, मंगलपड़ाव से लेकर तिकोनिया चौराहे तक, रामपुर रोड पर एचएन इंटर कॉलेज तक, कालाढूंगी रोड पर अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहे से (वीवीआईपी रोड) नैनीताल रोड पर नैनीताल बैंक तिराहे तक वाहनों की लंबी-लंबी कतार लगी रही।

# बाजार में रौनक से व्यापारी खुश, खरीदारों की फजीहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर का मुख्य बाजार रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर रविवार को गुलजार दिखा। बाजार में हर तरफ बहनें अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदतीं नजर आईं।

पटेल चौक, सदर बाजार, मीरा मार्ग, कारखाना बाजार और मंगलपड़ाव तक हर तरफ लोगों की भीड़ थी। इसकी वजह से बाजार में आवाजाही करने में परेशानी हुई। खरीदारी होते देख व्यापारियों के भी चेहरे खिले दिखाई दिए।

### अनदेखी

- बाजारों में वाहनों की आवाजाही से बहनों को हुई परेशानी
- अतिक्रमण ने भी बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

हैड़ाखान से खरीदारी करने पहुंची प्रभा का कहना था कि बाजार में चलने की भी जगह नहीं है। त्योहारों पर बाजार में वाहनों की आवाजाही पर रोक होनी चाहिए। बिंदुखत्ता से पहुंची कोमल ने कहा कि बाजार में हो रहे अतिक्रमण से आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं।



रविवार को हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे पर बसों के इंतजार में खड़े यात्री। ● अमृत विचार

# बहनों के लिए कम पड़ी बसें, मुरादाबाद से मंगाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवार के साथ भाई की कलाई पर राखी बांधने निकली बहनें इतनी संख्या में बस अड्डे पहुंचीं कि बसें कम पड़ गईं। रविवार को रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों का हुजूम था और गंतव्य को जाने वाली बसें नदारत थीं। ऐसे में उत्तर प्रदेश की बसों ने जमकर सवारियां ढोईं। बाद में उत्तराखंड परिवहन निगम को अतिरिक्त बसों का इंतजाम करना पड़ा।

सुबह से ही यात्रियों के रोडवेज स्टेशन पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो रात तक जारी रहा। पर्याप्त बसें नहीं होने से यात्री परेशान हुए। खासतौर पर नैनीताल, टनकपुर और बरेली जाने वाली बसों के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। एक-एक सीट और बसों में चढ़ने के लिए लोग धक्कामुक्की करते रहे। सिस्टम पटरी से उतरने लगा तो दोपहर बाद रोडवेज प्रबंधन ने बरेली के लिए मुरादाबाद से अतिरिक्त बसों को बुलाया।

हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि टनकपुर और नैनीताल के लिए सबसे अधिक भीड़ रही। जिसके लिए 3-3 अतिरिक्त बसों सहित कुल 15 बसें भेजी गईं। बरेली जाने वालों के लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था की गई।

### दिक्कत

- घंटों किया नैनीताल, टनकपुर और बरेली जाने वाले यात्रियों ने इंतजार
- नैनीताल, टनकपुर भेजी 3-3 अतिरिक्त बसों सहित कुल 15 बसें लगायीं

### यात्री बोले



बबियाड जाना है। सुबह से ही रोडवेज स्टेशन में बस का इंतजार कर रही हूं, लेकिन बस नहीं मिली। केमू भी नहीं है, जिस कारण परेशानी हो रही है। त्योहार के समय बसों की अतिरिक्त व्यवस्था की जानी चाहिए। - **शांति देवी**



लखनऊ जाना है, लेकिन स्टेशन में कोई बस नहीं है। सुबह से परेशान हूं। दोपहर हो गई, लेकिन लखनऊ व बरेली जाने वाले यात्रियों के लिए एक भी बस नहीं आई है। **-पूनम**



नैनीताल से आया हूं और बरेली जाना है। बस नहीं होने के कारण सुबह से ही परेशान हूं। समय पर बरेली पहुंचना था, लेकिन बस नहीं होने के कारण आधा दिन स्टेशन में ही गुजर गया है। साथ में छोटी बच्ची भी है जिससे परेशानी और बढ़ गई है। - **शंकर शर्मा**

**विडंबना** — अधूरा अथवा सही पता नहीं होने से आ रही राखियों के वितरण में दिक्कत, डाक कर्मी ऐसे लिफाफों को डाकघर में रखने को हुए मजबूर

# भाइयों तक पहुंचने का पता ढूंढ रहीं बहनों की राखियां

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गलत और अधूरा पता लिखने के कारण डाकघरों में दर्जनों बहनों की राखियां भाइयों तक पहुंचने का पता ढूंढ रही हैं। डाक कर्मी भी लिफाफों में पता सही नहीं होने के कारण इन्हें डाकघर में रखने को मजबूर हैं। ऐसे में बहनों की ओर से भाइयों के लिए भेजा गया रक्षासूत्र डाकघरों में पड़ा हुआ है।

डाक कर्मियों के अनुसार भेजने वाले की ओर से जानकारी जुटाने या राखी के संबंध में पूछताछ करने पर प्रेषक को वापस सौंप दिया जाएगा। शहर के विभिन्न डाकघरों में रखी दर्जनभर राखियां लिफाफे पर अधूरा और गलत पता होने के कारण इस रक्षाबंधन भाइयों तक नहीं पहुंच पाई हैं।

बहनों की राखियों को भाइयों तक पहुंचाने के लिए जुटे डाक कर्मी भी इन लिफाफों में बंद रखासूत्र को नहीं पहुंचा पाने से काफी निराश हैं। उनका कहना है कि अगर पता सही लिखा होता या भेजने वाले ने पूरा पता दिया होता तो राखी आसानी से पहुंचाई जा सकती थी।



पता अधूरा होने की वजह से डाकघर में रखी बहनों की राखियां। ● अमृत विचार

**केस 1** दिल्ली उत्तमनगर से एक राखी डाक के माध्यम से 10 अगस्त को हल्द्वानी डाकघर पहुंची। पते में भेजने वाले ने आरटीओ रोड निवासी एक व्यक्ति का नाम लिखा था, लेकिन फोन नंबर और पता पूरा नहीं लिखने के कारण राखी का लिफाफा भेजे गए भाई तक नहीं पहुंच पाया।

**केस 2** नई दिल्ली निवासी मुन्नी नाम की महिला की राखी का लिफाफा बीते शनिवार डाकघर में पहुंचा। लिफाफे के बाहर आरटीओ रोड निवासी एक व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कॉलोनी और लैंडमार्क पूरा नहीं लिखने के कारण इसे भी डिलीवर नहीं किया जा सका है।

**केस 3** दिल्ली कुतुब विहार निवासी एक महिला ने अपने भाई को राखी भेजी, लेकिन अपना और भाई का पता पूरा नहीं लिखा। लिफाफा डाकघर पहुंचने के बाद पता नहीं मिलने से राखी को भाई तक पहुंचाया नहीं जा सका। अब विभाग प्रेषक से भी संपर्क नहीं कर पा रहा है।

**केस 4** अमृतसर पंजाब की रेखा ने दो अगस्त को डाक के माध्यम से शहर के हरिपुर क्षेत्र में रहने वाले अपने भाई को राखी भेजी। विभाग पता ढूंढते रहा लेकिन पत्र में पूरा पता और फोन नंबर नहीं लिखा गया। इससे डाकघर से लिफाफे को नहीं बांटा जा सका है।

### पुराने लिफाफे भी नहीं बांट पाए

डाक विभाग के अनुसार बीते वर्ष भी राखी के कुछ लिफाफे नहीं बंट पाए थे। इन्हें आरएओ लखनऊ भेज दिया गया था। जहां से प्रेषक की ओर से रसीद दिखाने पर पूछताछ के दौरान कुछ लिफाफों को बाद में वापस मंगाया गया।

### एक दिन में 2028 राखियां बांटी

रक्षाबंधन पर्व को लेकर डाक विभाग ने रविवार को भी कार्य जारी रखा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर से एक ही दिन में करीब 2028 राखियां बांटी गई। इनमें 1307 स्पीड पोस्ट और 721 साधारण डाक के माध्यम से पहुंची थीं।

### बोले डाकपाल प्रधान

डाकघरों में बहनों की ओर से भेजी गई राखियों को सही समय पर पहुंचाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। गलत और अधूरा पता लिखने के कारण कई राखियां नहीं बंट पा रही हैं। सात दिनों में यदि कोई लेने पहुंच जाता है तो यह प्रेषक को रसीद दिखाने पर लौटा दी जाएगी। सात दिन के बाद इन्हें लखनऊ आरएलओ भेज दिया जाएगा। - **गौरव कुमार जोशी**, डाकपाल प्रधान डाकघर, हल्द्वानी

# रक्षाबंधन पर बना सर्वार्थ सिद्धि और सौभाग्य योग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आज रक्षाबंधन (श्रावणी उपाकर्म) पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व को पूर्णिमा तिथि के श्रवण नक्षत्र में मनाने का विधान है। इस बार रक्षाबंधन पर सुबह 3.07 बजे से अपराह्न 1.33 बजे तक भद्रा का साया रहेगा। रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, रवि और सौभाग्य योग बन रहा है। अपराह्न 1:33 से श्रावणी उपाकर्म, रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त शुरू होगा।

ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि रक्षा धागा बांधते समय भाई को पूर्व दिशा की ओर बिठाएं। इसके बाद भाई के माथे पर तिलक लगाएं और पांच घी के दीपक जलाकर आरती करें। भगवान से भाई के सुख और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करें। दाहिने हाथ पर रक्षा सूत्र (कलावा) बांधकर येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वां अभिबन्धामि रक्षे मा चल मा चल, मंत्र का जाप करें।

### बहनों ने मेहंदी से लिखवाया भाई

**हल्द्वानी :** रक्षाबंधन पर्व को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में बहनें हाथों में मेहंदी लगवाने बाजार पहुंची। उन्होंने मेहंदी से हाथ पर भाई लिखवाया। बाजार में मेहंदी लगाने वाले कलाकार भी खूब व्यस्त नजर आये। फैशन को ध्यान में रखते हुए पहनावे के साथ मेहंदी के डिजाइनों में भी कई तरह के बदलाव आये हैं। पहले जहां राजस्थानी, मारवाड़ी और अरेबिक मेहंदी ही अक्सर शादी और त्योहारों पर लगाई जाती थी। वहीं इस बार रक्षाबंधन पर बहनों के हाथ इंडोवैस्टर्न और थ्रीडी डिजाइन मेहंदी से सजते नजर आये। इसके अलावा बॉम्बे स्टाइल और मधुबनी मेहंदी भी डिमांड में दिखी। रक्षाबंधन पर भाई-बहन थीम इस बार ट्रेंडिंग पर रही। बहनों ने कलाई पर मेहंदी से भाई लिखवाया।

## सार-संक्षेप


हल्दूचौड़ में पौधों का वितरण करते डॉ. दीपक गोस्वामी। ● अमृत विचार

### आयुर्वेदिक चिकित्सक ने औषधीय पौधों का वितरण किया

**हल्दूचौड़ :** आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हल्दूचौड़ में चिकित्सक के पद पर तैनात डॉ. दीपक गोस्वामी ने औषधि गुणों से संपन्न अर्जुन ग्राम की कल्पना को सरकार करने के लिए अर्जुन के पौधों का वितरण किया। यहां दुर्गा पालपुर मोतीराम पेस्कारपुर हल्दुचौड़ गांव में समाजसेवी सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद बल्लभ भट्ट के यहां एक कार्यक्रम में अर्जुन ने लगभग 150 पेड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान गोविंद वल्लभ भट्ट, आनंद बल्लभ जोशी, गणेश सिंह डसीला, उमेश चंद्र गुणवंत, आनंद सिंह कैड़ा, अनिल सिंह नेगी, दीपक कांडपाल, कमल जोशी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते डिकर सिंह पडियार।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने मारी बाजी

**हल्द्वानी :** न्याय पंचायत लाखनमंडी में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल विद्यालयों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। गौलापार स्थित एक निजी स्कूल में हुई प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पान सिंह बिष्ट ने किया। सर्वप्रथम 50 मीटर की दौड़ में आयुष कुमार प्रथम, 100 मीटर दौड़ में आयुष कुमार व खुशी प्रथम रही। 200 मीटर दौड़ में राम लखन व कंचन संभल को प्रथम स्थान मिला। 400 मीटर दौड़ में मुकुल आर्य व रितिका प्रथम, 600 मीटर दौड़ में राहुल बिष्ट व हिमानी प्रथम, 80 मीटर बाधा दौड़ में मुकुल आर्य व गरिमा रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन न्याय पंचायत प्रभारी डिकर सिंह पडियार व सह प्रभारी अमित जोशी ने किया। इस दौरान अनुराधा सक्सेना, उमा कार्की, पूर्णिमा कांडपाल, खिमेश भट्ट, ज्योति आर्य, गीता अधिकारी आदि थे।


रामनगर में बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाते समिति के लोग। ● अमृत विचार

### बच्चों ने उत्साह से मनाया रक्षाबंधन पर्व

**रामनगर :** यूएसआर इंदु समिति ने जेएसआर स्पेशल चिल्ड्रन आवासीय विद्यालय में बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय के बच्चों ने स्टॉफ के मार्गदर्शन में सुंदर राखियां भी बनाईं। इन राखियों की प्रदर्शनी स्कूल के स्किल हॉल में लगाई गई। स्टॉफ ने राखियां खरीदकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने बालकों और स्टाफ को राखियां भी बांधी।

### प्रकल्प सेवालय में राशन और जरूरत की चीजें बांटी

**हल्द्वानी :** साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने रविवार को जय शारदा जन कल्याण समिति के प्रकल्प सेवालय में राशन और जरूरत की चीजें बांटी। सेवालय अध्यक्ष नीमा बिष्ट और संचालक रोहित जोशी ने संस्था का आभार जताया है। समिति की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने बताया कि सेवालय को समिति की ओर से रविवार को चावल, आटा, दूध और साबुन जैसी जरूरी चीजें दान की गई हैं। इस दौरान दया विनवाल, हेमा मेलकानी, गीता कार्की, लीला मनराल मौजूद रहे।

### प्रदीप बिष्ट बने सदस्यता अभियान के प्रदेश सह संयोजक



**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को सदस्यता अभियान का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत एवं प्रदीप बिष्ट को प्रदेश सह संयोजक बनाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोविंद पिल्खवाल इस अभियान में बतौर सदस्य मदद करेंगे। सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला 21 अगस्त को देहरादून में होगी। इसके लिए जिला स्तर पर चार-चार सदस्यों की जिला सदस्यता समिति और मंडल स्तर पर तीन-तीन सदस्यों की समिति बनाई जा रही है।

### गुलदार ने गाय के बछड़े को बनाया निवाला

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी रेंज के जंगल से सटे वार्ड 1, 2 व छोटी हल्द्वानी क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार का आंतक बना हुआ है। शनिवार की रात का गौशाला में बंधे गाय के बछडे.को गुलदार ने निवाला बना लिया। घटना का पता रविवार सुबह तब चला जब सुरेश गैड़ा की पत्नी गौशाला में गाय का दूध निकालने गई थी। बछड़े को गायब देख उन्होंने खोजबीन की तो बछड़ा गौशाला के पीछे अधखाया मिला। इधर, कविता गैडा, गुड्डी गैड़ा, खीम सिंह गैड़ा ने बताया कि वन विभाग को अवगत कराने पर सुरक्षा नहीं दी जा रही है। शाम होते घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पुष्कर मंगोलिया, हेमू गोस्वामी, नर सिंह रावत, योगेश बिष्ट, पुष्कर रावत, दलिप नेगी ने कहा कि वन विभाग से पिजंरा लगाने की मांग की गई पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। रेंजर मुकेश जोशी ने बताया कि वन कर्मियों की ओर से रात्रि में गशत की जा रही है।

# खिड़की काट कर घर में घुसे चोर लाखों के जेवर और नगदी ले उड़े

## मकान मालिक की बहू के कमरे को अंदर से बंद कर वारदात को दिया अंजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टीपीनगर चौकी क्षेत्र में चोरों ने दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया। चोर घर के पिछले हिस्से में बनी खिड़की काट कर अंदर घुसे और लाखों के जेवर व हजारों की नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में हरिपुर लालमणि निवासी पंकज पंत ने लिखा कि वह यहां दो बेटों और बहू के साथ रहते हैं। बहू घर से कुछ दूर स्थित एक ब्रेड फैक्ट्री में काम करती है। घटना के दिन उसकी नाइट ड्यूटी थी। उसका कमरा घर के पिछले हिस्से में है और ड्यूटी पर जाने से पहले वह अपना कमरा खुला छोड़ कर गई थी। रात पंकज अपने एक बेटे के साथ एक कमरे में और दूसरा बेटा दूसरे कमरे में सो गया। बहू के कमरे में कोई नहीं था। आधी रात चोरों ने बहू के कमरे में लगी लोहे की खिड़की के ग्रिल उखाड़ दिए और अंदर घुस गए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पूरा कमरा खंगाल डाला और घटना को अंजाम देने के बाद खिड़की के रास्ते ही फरार हो गए। सुबह ड्यूटी से लौटी बहू को कमरा अंदर से बंद मिला तो वह अचंभित हुई। उसने परिजनों को जगाया। पीछे जाकर देखा तो खिड़की की ग्रिल उखड़ी हुई थी। एक बच्चे को अंदर भेज कर दरवाया खुलवाया तो पता लगा कि चोर 80 हजार नगद, लाखों के जेवर और प्रतिमा उठा ले गए। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया जाएगा।


घर के पीछे बनी इसी खिड़की को काट कर अंदर घुसे थे चोर। ● अमृत विचार

### चोरी करने के लिए एक फीट के छेद से घुसा चोर

**हल्द्वानी :** चोरों ने खिड़की की ग्रिल काट कर करीब एक फीट की जगह बनाई थी। इसी छेद से वह अंदर घुसे, माल समेटा और फरार हो गए। इस छोटे से छेद से कोई भी स्वस्थ वयस्क नहीं घुस सकता। सुबह घटना का पता लगा तो कोई भी बड़ा अंदर नहीं घुस पाया, जिसके बाद एक बच्चे को खिड़की से अंदर भेजा गया। अनुमान है कि चोर ने चोरी में किसी बच्चे का इस्तेमाल किया या फिर खुद उसके शरीर की चौड़ाई एक फीट से ज्यादा नहीं होगी। वह स्मैक का कोई लती भी हो सकता है।

### रिपोर्टिंग चौकी और सिर्फ दो दरोगा, चार सिपाही

**हल्द्वानी :** टीपीनगर पुलिस चौकी, कोतवाली की रिपोर्टिंग चौकी है। इस चौकी का क्षेत्र कोतवाली के अपने क्षेत्र से कहीं बड़ा है। रामपुर रोड पर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय की नहर से शुरू होने वाली इस चौकी की सीमा टांडा बैरियर यानी रुद्रपुर की सीमा पर खत्म होती है। इतना बड़ा चौकी क्षेत्र होने के बाद रिपोर्टिंग चौकी में सिर्फ दो दरोगा और चार सिपाहियों की तैनाती है। जबकि यहां कभी तीन दरोगा और 12 सिपाही हुआ करते थे। ऐसे में पुलिस हर इलाके में गशत करे, यह गलतफहमी मत रखियेगा।

### साथी संगठन ने अटल पार्क में सफाई की

**हल्द्वानी :** साथी संगठन ने रविवार को चंबलपुल स्थित अटल पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पार्क में फैली खरपतवार की सफाई की गई। अध्यक्ष रमा रौतेला ने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत राजेन्द्र नगर स्थित बाल शवदाह गृह में पौधरोपण का प्रस्ताव रखा। इस दौरान वीरेंद्र भाकुनी, राजेन्द्र बोरा, आनंद भाकुनी, जगदीश खोलिया, मंगत गुप्ता, भीम सिंह, सुरेंद्र बिष्ट, एलडी पांडे, आनंद ठठोला मौजूद रहे।












### भौतिक नीलामी प्रक्रिया बंद होने पर जताया रोष

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड वन विकास निगम ने सभी छोटे-बड़े प्रकाष्ठ की भौतिक की जगह ई-नीलामी शुरू कर दी है। इसको लेकर वन व्यवसायी संघ ने आपत्ति जताते हुए कड़ा रोष प्रकट किया है।

रविवार को संघ कार्यालय में बैठक के दौरान अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि वन निगम के इस निर्णय से राज्य में कमीशन पर काम करने वाले तथा कम पूंजी के व्यवसायियों के रोजगार पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इससे जहां छोटे लकड़ी व्यवसायी तबाह होंगे, वहीं इस कारोबार पर बड़े पूंजीपतियों का कब्जा हो जायेगा। बैठक में कारोबारियों ने इस मामले में राज्य के अन्य नगरों के लकड़ी व्यवसायियों से वार्ता कर निगम के इस आदेश के खिलाफ आगामी रणनीति बनाने का निर्णय लिया। बैठक में प्रवक्ता लईक अहमद सैफी, जोधा सिंह, पवन अग्रवाल, शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# आइसा का बढ़ते महिला यौन उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** छात्र संगठन आइसा ने देश में बढ़ रहे महिला अपराध के खिलाफ भगत सिंह चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सभा में आइसा के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर से बलात्कार कर हत्या की घटना से देश दहला हुआ था कि तभी खबर आई कि बिहार के मुजफ्फरपुर में एक दलित बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। इस बीच खबर आई कि उत्तराखंड के रुद्रपुर में नर्स की बलात्कार के बाद हत्या कर शव फेंक दिया गया।

आइसा की छात्र नेता प्राची बंगारी ने कहा कि इन तीनों ही मामलों में युवतियों या बच्ची का क्या दोष था? आज जब देश आजादी के 78 वें साल में प्रवेश कर रहा है, तब यह सवाल हमारे सामने है कि महिलाओं के लिए कहीं भी, किसी भी समय बेरोकटोक आने- जाने की आजादी हम कब हासिल कर पाएंगे। तीनों महिलाओं को श्रद्धांजलि देते हुए सभा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी दोषियों को सख्त सजा देने व सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु कानून बनाने और हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की गई। इस दौरान आइसा के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, शबनम, सुमित कुमार, रचना सरकार, प्राची बंगारी, हिमानी बंगारी, निशा सरकार, अमन कुमार मौजूद रहे।


रामनगर में भवानी गंज चौक पर प्रदर्शन करते आइसा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मंकी पॉक्स का खतरा नहीं, डेंगू से भी राहत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पाकिस्तान तक पहुंच गए संक्रामक रोग मंकी पॉक्स को लेकर स्थानीय स्तर पर राहत है। स्वास्थ्य विभाग में इस बीमारी को लेकर कोई अलर्ट नहीं है। माना जा रहा है कि उत्तराखंड मंकी पॉक्स से सुरक्षित है। साथ ही डेंगू का भी कोई मरीज अभी तक नहीं मिला है।

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में मंकी पॉक्स दस्तक दे चुका है। ऐसे में इस बीमारी को लेकर यहां भी भय बना हुआ है। जिला संक्रामक रोग विश्लेषक एनके कांडपाल ने बताया कि उत्तराखंड में इस बीमारी को लेकर अभी कोई अलर्ट नहीं है। इधर, डेंगू का भी कोई मामला अभी तक नहीं मिला है। एसीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि डेंगू को लेकर स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से अलर्ट है।

# ढाई लाख की नगदी के साथ आठ जुआरी पकड़े

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** जंगल के अंदर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। इनके पास से लगभग ढाई लाख रुपये की नगदी और पांच दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस ने वाहनों को सीज करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आमडण्डा के जंगल में जुआ खेलते हुए सुजल कुमार (20 वर्ष) निवासी आमडण्डा खत्ता रामनगर, राजेश जोशी ( 41) निवासी पम्पापुरी रामनगर, प्रेम चन्द्र (61) निवासी कालाढूंगी बाजार, राजकुमार (49) निवासी वार्ड नंबर 5 गदरपुर, अमीर अहमद (53) निवासी ब्लॉक रोड खताड़ी, कैलाश नेगी (42) निवासी दुर्गापुरी नियर लोनिवि कॉलोनी रामनगर, ललित डोगरा (42) निवासी भवानीगंज रामनगर, नितिन (28) निवासी भवानीगंज दुर्गा मंदिर रामनगर को गिरफ्तार किया गया है। मौके से एक ताश की गड्डी, 15 नई गड्डियां और फड़ पर बिखरे करीब 2,48,200 रुपये बरामद हुए। साथ ही दो स्कूटी व तीन बाइकें भी बरामद हुई हैं। जिन्हें सीज कर दिया गया है। पुलिस टीम में एसएसआई मो. यूनुस, मनोज नयाल, उप निरीक्षक राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नसीम अहमद, कांस्टेबल महबूब आलम आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने किया झूठी सूचना पर चालान

**हल्दूचौड़ :** पुलिस को हल्दूचौड़ हनुमान मंदिर रोड स्थित एक दुकान के पास से स्कूटी चोरी होने की सूचना मिली। जांच पड़ताल में सूचना झूठी निकली। रविवार की सुबह बमेटा बंगर खीमा निवासी पूर्व सैनिक मोहन चंद ने चौकी पुलिस को सूचना दी कि उनकी स्कूटी संख्या यूके04 आर 6317 जो एक हेयर ड्रेसर की दुकान के पास खड़ी थी, उसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा अलर्ट हो गया। मामले की जांच करने पर पता चला कि सूचना भ्रामक है। जिस पर पुलिस ने पूर्व सैनिक का 5 हजार का चालान कर दिया।

# हुड़के की थाप संग धान की रोपाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हमारी संस्कृति हमारी धरोहर अभियान के तहत उमेदपुर गांव स्थित पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के 'दा पहाड़ी ऑर्गेनिक फार्म' में कुमाउनी संस्कृति के अनुसार हुड़के की थाप पर धान की रोपाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

रविवार को हुड़किया बोल के इस आयोजन में पर्वतीय वाद्य यंत्रों के साथ महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए धान की रोपाई की। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने बताया कि यह हमारी पौराणिक सांस्कृतिक विधा है। पहले सामूहिक खेती हुआ करती थी, खेती में काम करते समय किसानों को ज्यादा थकान न हो इसलिए खेत में काम करने वालों के साथ एक आदमी हुड़के के साथ गाना गाकर उनका मनोरंजन भी करता था। बदलते समय में यह विधा लगभग विलुप्त सी हो गई है। पुरानी पीढ़ी ने हमें यह विधा सौंपी थी, हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी अगली पीढ़ी को इसको सौंप कर जाएं। इस दौरान ललिता उपाध्याय, पुष्पा देवी, विमला आर्य, बीना रावत, मीमांसा आर्य, महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट, वीरेंद्र तिवारी, विनय पलड़िया, सुमित तिवारी, मो. अजमल, राहुल नेगी, अनिल अग्रवाल खुलासा, मोईन खान, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, बाबर खान, उमाकांत ध्यानी, धीरज उपाध्याय, प्रताप रौतेला, भूपाल राम, राजीव अग्रवाल, महेंद्र सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।


हुड़के की थाप पर धान की रोपाई का आनंद लेते पूर्व विधायक रणजीत रावत।







# वैली ब्रिज पर वाहनों का आवागमन शुरू

## विधायक भगत ने किया शुभारंभ, 31 जुलाई को निहाल नाले में पुलिया बहने से बंद हो गया था हल्द्वानी-कालाढूंगी हाईवे

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** राजधानी देहरादून-कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर चकलुवा के पास निहाल नदी पर बनाए गए वैली ब्रिज का शुभारंभ रविवार को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने किया। विगत 31 जुलाई को भारी बारिश के चलते निहाल नाले के उफान पर आने से इस स्थान पर पुलिया नाले में समा गयी थी। इससे हाईवे पर आवाजाही ठप हो गयी थी। लोग वैकल्पिक मार्ग व रामपुर-विदरामपुर चकलुवा मार्ग से आवाजाही कर रहे थे। यह वैली ब्रिज 17 दिन में तैयार किया गया है। वैली ब्रिज में वाहनों की आवाजाही होने पर स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों और विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली।

रविवार को विधायक बंशीधर भगत ने रिबन काटकर वैली ब्रिज को भारी वाहनों के यातायात के लिए खोल दिया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ब्रिज पर यातायात शुरू करवाया। विधायक ने लोक निर्माण विभाग को डबल लेन स्थाई पुलिया बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। 6 जुलाई की रात को पुलिया के निचले हिस्से की सपोर्ट दीवार बह गयी थी। जिसके बाद से पुलिया पर प्रशासन ने आवाजाही रोक दी थी। कुछ दिन बार यातायात सुचारू किया गया तो 12 जुलाई को फिर से पुलिया की सपोर्ट दीवार बह गयी। निमार्ण कार्य पूर्ण होने को था तो 31 जुलाई को पूरी पुलिया निहाल नाले में समा गई। इससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस दौरान छोटे वाहनों को चकलुवा गांव के रास्ते और भारी वाहनों को बाजपुर रुद्रपुर होते हुए हल्द्वानी भेजा जा रहा था। विधायक बंशीधर भगत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में निरीक्षण कर मुख्य मार्ग के लगभग चार मीटर बहे हिस्से पर अस्थाई वैली ब्रिज निर्माण करने के निर्देश दिए थे।

विधायक बंशीधर भगत ने तय समय पर वैली ब्रिज बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सराहना की। बताया कि 16.8 टन भार क्षमता के वैली ब्रिज निर्माण में 1.5 करोड़ रुपये की लागत आई है। ब्रिज एवं आधारभूत संरचना के निर्माण कार्य में लगभग 50 लाख की लागत आई है। विधायक भगत ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक चौधरी को डबल लेन स्थाई पुलिया के निर्माण के लिए स्थान चयन एवं प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

इस दौरान स्थानीय काश्तकारों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया एवं फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। जेई गणेश सिंह रौतेला ने बताया कि कुछ दिनों में कंकरीट मजबूत हो जायेगी तो डबल स्टोरी कर वैली ब्रिज की भार क्षमता 70 टन हो जाएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, गोपाल बुडलाकोटी, हरीश मेहरा, विनोद बुडलाकोटी, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, महेंद्र दिगारी, भगवान तिवारी, कविता वालिया, कुदंन बसेड़ा, दीवान बिष्ट, कुंदन जंतवाल, पुष्कर बोरा, प्रकाश भट्ट, तारा दत्त रखोलिया, छत्र सिंह कन्याल, नरेंद्र सामंत, मदन मोहन देउपा, मनमोहन बसेड़ा, राजेंद्र जलाल, जगत सिंह मेहरा, श्याम दत्त रखोलिया एवं अधिशासी अभियंता अशोक चौधरी, अवर अभियंता ललित तिवारी, कनिष्ठ अभियंता गणेश रौतेला, हरीश अटवाल, कुदंन देउपा मौजूद रहे।


चकलुवा में वैली ब्रिज का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत, साथ में लोनिवि के अधिकारी। ● अमृत विचार

## 31 तक होंगे इग्नू में प्रवेश व पंजीकरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई सत्र में प्रवेश और पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। इग्नू की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न ऑनलाइन व ओडीएल कोर्स में प्रवेश लेने के लिए शिक्षार्थी उक्त तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जुलाई सत्र से कई नए रोजगारपरक कोर्स शुरू किये हैं। इच्छुक शिक्षार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर ऑनलाइन पर क्लिक करके नये प्रवेश या पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। बताया कि प्रदेश के हर जिले में विभिन्न अध्ययन केंद्रों के जरिये इग्नू का नेटवर्क फैला हुआ है। शिक्षार्थी इन अध्ययन केंद्रों पर जाकर केंद्र समन्वयक से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली और इसमें प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ले सकते हैं। गढ़वाल मंडल में देहरादून, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली और कुमाऊं में ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल और बागेश्वर जिले में इग्नू के अध्ययन केंद्र स्थित हैं।

## सार-संक्षेप



संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

### संस्कृत में ही समस्त ज्ञान-विज्ञान समाहितः सेमल्टी

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ स्थित श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में संस्कृत संभाषण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा यशोदा प्रसाद सेमल्टी ने संस्कृत भाषा के महत्व के बारे में बताया। कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन भाषा है। वेद, पुराण और उपनिषद संस्कृत में लिखे गए हैं। संस्कृत में ही समस्त ज्ञान-विज्ञान समाहित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि संस्कृत देवताओं की भाषा है। देवभाषा संस्कृत के अट्ठारह पुराण भगवान वेदव्यास ने व्यास गुफा बद्रीनाथ में रचे थे। इस मौके पर संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। संचालन डॉ. चंद्र बल्लभ बेलवाल और अध्यक्षता वरिष्ठ विद्वान डॉ. कृष्ण चंद्र जोशी ने की। कार्यक्रम में डॉ. राजेश जोशी, आचार्य दिनेश चंद्र तिवारी ने भी विचार रखे।

### कर्मियों के नियमितीकरण का व्यापारियों ने किया स्वागत

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने राज्य सरकार के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के निर्णय का स्वागत किया है। अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट का यह निर्णय स्वागतयोग्य है। संविदा कर्मी लंबे समय से नियमितीकरण की मांग कर रहे थे। वहीं, राज्य आंदोलनकारियों को नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण के मामले में राज्यपाल से वार्ता हो चुकी है, जल्द ही इसका भी हल हो जाएगा। सरकार राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान करती है।

### परिवहन निगम कर्मियों को होगा अग्रिम भुगतान

**हल्द्वानी :** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए परिवहन निगम के नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मियों को अग्रिम वेतन का भुगतान किया जाएगा। महाप्रबंधक कार्मिक पवन मेहरा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि कर्मियों को वेतन के अग्रिम भुगतान के लिए प्रार्थना पत्र देना होगा। जो कार्मिक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करेगा, उसे सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के आधार पर दो हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। जिसका समायोजन अगले माह के वेतन से किया जाएगा। समस्त कार्मिकों को डिपो की दैनिक आय से भुगतान किया जाएगा।


कैंप में आईवीएफ के बारे में परामर्श देतीं विशेषज्ञ डॉ. उषा जोशी। ● अमृत विचार

### तिवारी मैटरनिटी सेंटर में आईवीएफ का निशुल्क कैंप

**हल्द्वानी :** मुखानी स्थित तिवारी मैटरनिटी सेंटर एवं नर्सिंग होम (जयश्री हॉस्पिटल) में रविवार को आईवीएफ कैंप का आयोजन हुआ। अस्पताल के सीईओ बिपिन त्रिपाठी ने बताया कि कैंप में निसंतान दम्पत्तियों को आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. उषा जोशी ने निशुल्क परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि कैंप में दंपत्तियों ने काफी संख्या में आकर लाभ उठाया, जिसमें कई लोगों ने रियायती दरों में अपना आईवीएफ पैकेज में रजिस्ट्रेशन भी बुक कराया। कहा कि आईवीएफ एक सुरक्षित तकनीक है, जिसकी मदद से कई निसंतान दंपत्तियों को संतान मिली है।


ग्रामीणों के साथ वार्ता करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक कैड़ा ने मंदिर व लिंक मार्ग के लिए दिए चार लाख

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने ओखलकांडा ब्लॉक के रैकुना, स्युनारी, करायल, टकुरा, जमराडी गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी शिकायतें बताईं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर वार्ता कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कहा कि भूमिया मंदिर में विश्रामालय नहीं होने से धार्मिक कार्यक्रमों में परेशानियां होती हैं। उन्होंने विधायक से भूमिया मंदिर में विश्रामालय बनाने, सौंदर्यीकरण, स्युनारी गांव तक लिंक मोटर मार्ग बनाने की मांग की। इस पर कैड़ा ने विधायक निधि से भूमिया मंदिर में विश्रामालय व सौंदर्यीकरण के लिए 2 लाख, लिंक मोटर मार्ग के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया।

## यूओयू में नेपाली भाषा में डिप्लोमा कोर्स शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) से विद्यार्थी अब नेपाली भाषा में भी डिप्लोमा कर सकेंगे। यह कोर्स एक वर्ष का होगा, जिसमें दो सेमेस्टर होंगे। इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कई विद्यार्थियों ने अब तक प्रवेश भी ले लिया है।

विश्वविद्यालय परिसर में नेपाली भाषा पाठ्यक्रम की विशेषज्ञ समिति की बैठक हुई, जिसमें डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए लेवल-2 (द्वितीय सेमेस्टर) की संस्तुति की गयी। वर्तमान में लेवल-1 (प्रथम सेमेस्टर) शुरू हो गया है, जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने रूचि दिखाई है। शीघ्र द्वितीय सेमेस्टर बनकर तैयार हो जायेगा। नेपाली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के बाद इसके प्रति लोगों का रूझान बढ़ गया है। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी के निर्देशन में हुई बैठक में नेपाली भाषा में डिप्लोमा के द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम की रूपरेखा तय कर उसकी संस्तुति की गई।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेलः उनियाल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि प्रदेश में जंगल राज चल रहा है। रुद्रपुर में नर्स की बलात्कार के बाद हत्या, देहरादून आईएसबीटी में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप जैसी शर्मसार करने वाली घटनाएं हो रही हैं।

कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उनियाल ने कहा कि महिला सम्मान की बात केवल विज्ञापनों में की जाती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा की धामी सरकार से जनता का विश्वास उठ चुका है। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की है।

### पदोन्नत कर्मचारियों को मिली नई तैनाती

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम में सहायक महाप्रबंधक संचालन राम कौशल को सहायक महाप्रबंधक कार्मिक और मंडलीय प्रबंधक संचालन काठगोदाम बनाया गया है। वहीं सहायक महाप्रबंधक वित्त केके मल्होत्रा को सहायक महाप्रबंधक रुड़की डिपो में तैनाती मिली है। इसके अलावा उन्हें आईएसबीटी कश्मीरी गेट आनंद विहार दिल्ली की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। एआरएम तकनीकी रमेश चंद्र पांडे को सहायक महाप्रबंधक तकनीकी व मंडलीय प्रबंधक तकनीकी टनकपुर मंडल एआरएम संचालन व कार्मिक शिव प्रताप सिंह मनराल को एआरएम संचालन निगम मुख्यालय में तैनाती मिली है।

### गड्ढा मुक्त या गड्ढा युक्त अभियान



जिस सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुकते हैं, उसकी ओर जाने वाला काठगोदाम पुल बदहाल... बड़ी बात है कि इस पुल से राज्य और 'जिले की सरकार' गुजरती है, सरकार गड्ढा मुक्त प्रदेश का दावा करती है और उन्हीं के प्रशासनिक अधिकारी उनके दावों को गड्ढायुक्त कर देते हैं। रविवार को हुई मामूली सी बरसात के बाद पुल का ये हाल हुआ है। पुल का हाल देखकर इससे गुजरने वालों की हालत भी खराब हो जाती है। ● अंकुर शर्मा




## 15 को होगा समिति का वार्षिक अधिवेशन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवकी बिहार विकास समिति की बैठक में बुनियादी समस्याओं के समाधान पर चर्चा हुई। समिति का वार्षिक अधिवेशन 15 सितंबर को कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत होंगे।

बैठक में कॉलोनी में 11 केवी की खुली हाईटेंशन लाइन से संभावित खतरे को देखते हुए तत्काल लाइन को इंसुलेटेड (बंच केबल) कराने की मांग की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष विनोद सनवाल, गोविंद सिंह जनौटी, रमेश चन्द्र पांडे, बहादुर सिंह हरड़िया, हेम चन्द्र, कपिल, महेश कार्की मौजूद रहे।

## नियमितीकरण को लेकर दिया धरना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने कार्मिकों के नियमितीकरण की मांग को लेकर रविवार को बुद्ध पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन सितंबर तक नियमितीकरण नहीं किये जाने पर सचिवालय कूच करने और कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

महासंघ के जोनल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी के नेतृत्व में हुए धरना-प्रदर्शन में समस्त निगमों, निकायों और उपक्रमों के संघ, परिसंघों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भी धरने में प्रतिभाग किया। महासंघ ने कहा कि सार्वजनिक निगमों में कार्मिकों की भारी कमी होने के कारण दैनिक वेतन, संविदा, विशेष श्रेणी और आउटसोर्स कार्मिकों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान आन सिंह जीना, शंकर सिंह, जगदीश कांडपाल, श्याम सिंह शाही, सुरेंद्र रावत, अमित जंगवाल, विनीत पाठक, मनोज मनराल मौजूद रहे।


बुद्ध पार्क में धरना देते राज्य निगम कर्मचारी महासंघ के सदस्य।

# चोरी का आरोप लगाने पर घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बहन की मदद से मोबाइल और एक लाख 95 हजार रुपये चुराए
- शिकायत पर धारदार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में साले ने अपने ही जीजा के घर में चोरी कर डाली। बहन की मदद से घटना को अंजाम दिया और जब मामला खुला तो जीजा के घर में घुसकर परिजनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घर में मौजूद लोगों को बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर डाला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इंदिरानगर वार्ड 14 निवासी आसिम वारसी ने अपने भाई के ससुर मोहम्मद करीम, उसके साले आकिब और भाभी ताहिरा समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया कि 14 अगस्त की रात उनके भाई नाजिम की पत्नी ताहिरा की मदद से उसका साला इंदिरानगर निवासी आकिब ने घर में घुसा। उसने मोबाइल के साथ एक लाख 95 हजार रुपये चोरी कर लिए। अगले दिन साले ने उनके मोबाइल के जरिए 98 हजार 350 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। आसिम को शक हुआ तो उन्होंने आकिब के पिता मोहम्मद करीम से तगादा किया। उन्होंने भी मोबाइल और पैसा वापस करने को कहा। आरोप है कि मोहम्मद करीम अपने बेटे आकिब, शाकिब व सलीम, मोज्जम और मुकर्रम के साथ धारदार हथियार लेकर उनके घर घुस गए। महिलाओं व बच्चों से गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपी घर में मौजूद तीन साल के बच्चे को भी साथ ले गए हैं। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# रक्षाबंधन को लेकर रुद्रपुर रोडवेज स्टेशन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़

## बरेली और पूरनपुर मार्ग पर रही सबसे अधिक भीड़, बरेली मार्ग पर बढ़ाए बसों के फेरे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आज रक्षा बंधन का पर्व है। इसको लेकर रोडवेज स्टेशनों में यात्रियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी है। बरेली मार्ग पर यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रही। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस मार्ग पर बसों के दो-दो फेरे लगाये गये तो कई बसों ने तीन-तीन फेरे लगाये। इसके अलावा पूरनपुर पीलीभीत मार्ग पर भी यात्रियों की काफी भीड़ रही।

रुद्रपुर औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां लाखों की संख्या में बाहरी राज्यों के लोग रोजगार करते हैं। रक्षा बंधन का पर्व हो या फिर होली और दीपावली यहां से से लोग अपने घरों को जाते हैं या फिर अन्य राज्यों में नौकरी करने वाले यहां आते हैं। त्योहारों के मौके पर ट्रेनों में टिकट नहीं मिलने पर लोग बसों से सफर करते हैं। इसी के चलते रक्षा बंधन से एक दिन पूर्व रविवार के चलते सरकारी व निजी संस्थानों में अवकाश के चलते लोगों के अपने घरों को जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।


रुद्रपुर बस स्टेशन पर लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

डिपो प्रबंधन के अनुसार रक्षा बंधन का पर्व मनाने के लिए जाने वालों की भीड़ सुबह से उमड़नी शुरू हो गयी थी। बरेली मार्ग पर भीड़ सबसे अधिक रही। इस कारण इस मार्ग पर 17 बसों को भेजा गया, जबकि पीलीभीत पूरनपुर के लिए पांच बसें लगायी गयी। इसके अलावा टनकपुर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार अन्य मार्गों में भी बसें भेजी गयी है। डिपो के सहायक प्रबंधक केएस राणा ने बताया कि रक्षा बंधन पर्व के लिए सभी तैयारियां पूरी हैं। जिस मार्ग पर यात्री की भीड़ अधिक हैं वहां बसों के फेरे बढ़ाये जा रहे हैं।

# आज बसों में निशुल्क यात्रा करेंगी महिलाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**तैयारी**

- रुद्रपुर डिपो प्रबंधन ने पूरी कीं तैयारियां
- प्रबंधन ने कहा- नहीं होने दी जाएगी महिलाओं को दिक्कत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में हर वर्ष की भांति इस बार भी महिलाएं रक्षा बंधन पर्व पर रोडवेज की बसों में मुफ्त में सफर करेंगी। इसके लिए रुद्रपुर डिपो प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डिपो प्रबंधन के अनुसार रक्षा बंधन पर्व पर किसी भी महिला यात्री किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

सोमवार को रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाएगा। पर्व को मनाने के लिए बहने अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान को सफर करती है। वहीं हर वर्ष की तरह इस बार भी सरकार ने महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर करने का तोहफा दिया है। इसके तहत महिलाओं को उत्तराखंड के अंदर सफर करने पर रोडवेज की बसों में कोई किराया नहीं देना होगा। डिपो के अधिकारियों के अनुसार रक्षा बंधन पर्व पर उत्तराखंड के अंदर सफर करने पर किसी महिला यात्री से किराया नहीं लिया जाएगा। यात्रा के दौरान अगर मैदान का भू-भाग पड़ता है उसमें भी कोई



टिकट नहीं देना पड़ेगा। डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने बताया कि रक्षा बंधन पर्व को लेकर डिपो प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। साथ ही चालक-परिचालकों को भी इसकी जानकारी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि ई-टिकटिंग मशीन से रक्षा बंधन लेडीज अथवा लगेज बुक से टिकट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन पर्व पर किसी भी महिला यात्री को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आवश्यकता के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप


किच्छा के बरेली मार्ग पर भजन कीर्तन करते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने किया हरे कृष्णा का मनमोहक जाप

**किच्छा :** निकटवर्ती ग्राम नारायणपुर स्थित गौरांग शिक्षा मंदिर गुरुकुल के छोटे-छोटे बच्चों ने नगर क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण की पालकी निकालते हुए मुख्य मार्गों पर भजन कीर्तन किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने ढोलक की थाप पर "हरे कृष्णा - कृष्णा हरे हरे" का जाप किया और दुकान-दुकान पहुंचकर प्रसाद वितरण किया। गुरुकुल के प्रधानाचार्य जगबंधु रामदास ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुकुल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी कार्यक्रम के निमंत्रण के लिए बच्चों द्वारा भजन कीर्तन कर समाज को हरे कृष्णा का जाप कर भक्ति के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर तमाम छोटे-छोटे बच्चे मौजूद रहे।

### बेटे बहू पर लगाया घरेलू हिंसा का आरोप

**काशीपुर :** काशीपुर निवासी एक महिला ने अपने पुत्र और पुत्रवधू पर मारपीट करने व घर से निकालने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में इस्तगासा दायर किया है। वहीं कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में मोहल्ला पक्काकोट निवासी राजबाला पत्नी ओमप्रकाश वर्मा ने परिवाद प्रस्तुत कर रहा है कि उसका पुत्र अमित वर्मा और पुत्रवधू राखी उसके साथ मारपीट व अभद्रता करते हैं। दोनों पति पत्नी उसके और उसकी पुत्री शिवानी के साथ घरेलू हिंसा करते हैं। आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री शिवानी का विवाह कराया था, लेकिन अमित और उसकी पत्नी ने शिवानी के ससुरालियों को भड़काकर उनका झगड़ा करा दिया। शिवानी अब उसके साथ रहती है। आरोप है कि अमित और उसकी पत्नी ने उसे और उसकी पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह किराए पर रहती है। उसने अपने पिता को दबाव में लेकर सारी सम्पत्ति पौत्री के नाम करा दी। इस्तगासे पर सुनवाई करते हुए एसीजेएम कोर्ट ने आरोपी अमित व उसकी पति राखी को नोटिस जारी किए हैं।

### वन स्टॉप सेंटर से किशोरियां लापता, मचा हड़कंप

**रुद्रपुर :** पीड़ित व बरामद किशोरियों की शरणस्थली वन स्टॉप सेंटर से दो किशोरियों के लापता होने का मामला सामने आया है। खबर मिलते ही सेंटर प्रभारी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। कोतवाली से महज कुछ ही दूरी पर बने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित और बरामद किशोरियों को रखा जाता है। जिस की देखरेख के लिए वन स्टॉप प्रभारी सहित महिला कर्मियों की तैनाती भी होती है। साथ ही दिन-रात एक गार्ड भी पहरेदारी करता है। रविवार की सुबह अचानक सेंटर प्रभारी को सूचना मिली कि वन स्टॉप सेंटर से दो किशोरियां गायब हो चुकी हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी सहित पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। साथ ही घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि एक किशोरी आठ अगस्त सितारगंज से और दूसरी दस अगस्त को खेड़ा बस्ती रुद्रपुर से आई थी। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही किशोरियों को बरामद किया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।


खटीमा मझोला के क्षतिग्रस्त मार्ग की स्थिति। ● अमृत विचार

### खटीमा-मझोला खस्ताहाल मार्ग बना लोगों की मुसीबत

**खटीमा :** खटीमा पीलीभीत नेशनल हाईवे का खटीमा से मझोला तक का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे चारपहिया और दुपहिया वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। सड़क की इस समस्या को लेकर न केवल क्षेत्रवासी नहीं बल्कि तमाम उद्यमी, जनप्रतिनिधि लगातार इसके मरम्मत की मांग कर रहे हैं लेकिन मार्ग की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। रेज पैकेजिंग प्रोडक्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर अचल कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर खटीमा से मझोला मार्ग पर हुए बड़े बड़े गड्ढों की स्थिति से अवगत कराते हुए मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात में मार्ग निर्माण न हो सके तो कम से कम गड्ढों को भरवाकर मार्ग चलने लायक बनाया जाए।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**काशीपुर :** रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे पैसेंजर ट्रेन रामनगर से काशीपुर होते मुरादाबाद जा रही थी। अलीगंज-काशीपुर के बीच बांसखेड़ा के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरपीएफ ने बताया कि फतेहपुर यूपी निवासी 28 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार की ट्रेन से कट कर मौत हुई है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। युवक की गर्दन ट्रैक पर अलग पड़ी हुई थी। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक नाले में गिरा

**काशीपुर :** काशीपुर के सुल्तानपुर पट्टी स्थित एक नाले में एक युवक के बेहोश मिलने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को सरकारी अस्पाल में भर्ती कराया। सुल्तानपुर पट्टी निवासी सचिन रास्ते से अपने घर जा रहा था। इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर दी। इससे वह पास स्थित एक नाले गिरकर बेहोश हो गया। इसके आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। होश में आने पर सचिन ने बताया कि किसी वाहन ने उसको टक्कर मार दी है। जिससे वह बेहोश हो गया था। चिकित्सक ने इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी है।


बाजपुर में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# नेता प्रतिपक्ष का किया स्वागत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का सुल्तानपुर पट्टी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीरामलीला कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश सैनी ने अपनी टीम के साथ फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। आर्य ने कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाए हैं। इससे पहले उन्होंने ग्रामसभा गांव बाजपुर में नवनिर्मित एसएस फीलिंग स्टेशन का शुभारंभ भी किया। इसके अलावा मोहल्ला टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी में पूर्व अध्यक्ष रामकुमार के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना। इस मौके पर नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री जितेंद्र शर्मा सोनू, विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, अखिल भंडारी आदि मौजूद रहे।

# दो हादसों में एक की मौत, आठ घायल

संवाददाता, किच्छा

**दुर्घटना**

- पिकअप और कैंटर में हुई जोरदार भिड़ंत

**अमृत विचार:** अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि करीब आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

किच्छा कोतवाली अंतर्गत हल्द्वानी मार्ग पर देर रात्रि आनंदपुर मोड़ के निकट कैंटर ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि कैंटर संख्या यूके 04 सीएन 0473 हल्द्वानी से किच्छा की तरफ आ रहा था, इसी बीच सड़क के बीच अचानक आई गाय को बचाने के प्रयास में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और दूसरी तरफ से आ रही पिकअप जीप संख्या यूपी 27 ए टी 0102 से कैंटर की जोरदार भिड़ंत हो गई। पिकअप जीप को ग्राम मंगतपुर, जिला बरेली, यूपी निवासी राजेश कुमार चल रहा था। बताया जा रहा है कि पिकअप जीप से टकराने के बाद अनियंत्रित टैंकर बिजली के पोल से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कैंटर ट्रक को क्रेन की मदद से सड़क किनारे सीधा किया और कैंटर के परिचालक सत्येंद्र गंगवार एवं औरंगाबाद जिला, बरेली निवासी 22 वर्षीय सोमपाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने कैंटर चालक सोमपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि कैंटर के क्लीनर का इलाज चल रहा है। पिकअप वाहन में सवार तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पुलभट्टा थाना अंतर्गत सितारगंज मार्ग पर ग्राम बरा क्षेत्र में हुई दूसरी घटना में मुख्य बाजार में पिकअप वाहन संख्या यूपी 26 टी 3091 ने तेज गति में चार लोगों को रौंद दिया तथा दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। नानकमत्ता गुरुद्वारा डेरा साहिब से संबंधित पिकअप वाहन का चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे ग्राम बहापुर, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी अजय, ग्राम राय नवादा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी राजेश, ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा निवासीगण मोनिका देवी, मोहन लाल को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद वाहन ने सड़क किनारे खड़ी बाइक तथा जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पर बरा चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और आरोपी वाहन चालक नानकमत्ता निवासी बिट्टू सिंह को हिरासत में ले लिया। घटना में घायल लोगों को किच्छा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

**बाजपुर :** कभी तेज बारिश तो कभी भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है, जिससे लोग तमाम तरह की मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों में बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। कभी भीषण गर्मी तो बारिश होने पर मौसम में सर्दी-गर्मी हो जा रही है।

# मृत्यु के बाद भी दुनिया देखेंगी नारायणी देवी की आंखें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर के कारोबारी की बुजुर्ग माता ने मृत्यु के बाद भी एक नेत्रहीन को नेत्रदान कर दुनिया में देखने के लिए रोशनी देने का कार्य किया है और अंतिम सांस लेने से पहले नेत्रदान करने की इच्छा जताई थी। सूचना मिलते ही मुरादाबाद के नेत्र चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर सुरक्षित कर लिया। इसके बाद बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया।


नारायणी देवी।

कारोबारी हरीश मेहंदीरत्ता, दिनेश कुमार मेहंदीरत्ता की 84 वर्षीय बुजुर्ग माता नारायणी देवी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। रविवार की सुबह अंतिम सांस लेने से पहले बुजुर्ग महिला ने नेत्रदान करने की इच्छा जताई थी। जिसके बाद परिजनों ने भारत विकास परिषद के सदस्य संजय ठुकराल से संपर्क किया और रविवार को सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम ने आकर बुजुर्ग की आंखों का सफल ऑपरेशन कर नेत्र को सुरक्षित कर लिया। इसके बाद बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद नेत्रदाता की आंखें एक बार फिर दुनिया देखेंगी। इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय नेत्रदान संयोजक अमित गंभीर, भारत भूषण चुघ, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विक्की आहूजा, राजकुमार भुसरी, सचिन चावला मौजूद रहे।

# किशोरियों से की छेड़छाड़ मामला खुला तो मौलवी फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

- तालीम की आड़ में करता था अश्लील हरकतें
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की तलाश

**अमृत विचार:** गांव मलसी में तालीम देने की आड़ में नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। जिसकी भनक लगते ही आरोपी मौलवी फरार हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव मलसी की एक महिला ने बताया कि गांव में ही एक मस्जिद है। जिसमें डांग थाना जहानाबाद पीलीभीत यूपी निवासी मौलवी शब्बीर रजा उर्दू की तालिम के लिए नियुक्त किया था। मस्जिद के अंदर ही एक कमरा बना हुआ है। जहां मौलवी नाबालिग बच्चों को उर्दू की दीनी तालीम देता है। उन्होंने बताया कि उसकी आठ साल की बेटी भी पढ़ाई करने जाती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से नाबालिग की तबीयत खराब होने लगी और मानसिक अवसाद से गुजर रही बेटी से जोर डाल कर पूछा तो उसने बताया पढ़ाई के बाद मौलवी ने सभी बच्चों को छुट्टी दे दी।

इसके बाद थोड़ी बड़ी लड़कियों के साथ उसे भी वहीं रोक लिया। आरोप था कि मौलवी ने कमरा बंद करके मोबाइल पर पहले अश्लील वीडियो दिखाई और फिर अश्लील हरकतें करने लगा। साथ ही धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जादू के जरिए जान से मार देगा। बच्ची की आपबीती सुनने के बाद जब 16 अगस्त को अन्य किशोरियों से पूछा तो मामला सही पाया गया। इसके बाद महिलाएं जब मौलवी के घर पहुंची तो आरोपी मौलवी फरार हो चुका था। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाली मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस की एक टीम का गठन कर आरोपी मौलवी की तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर प्रकरण का खुलासा करेगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**NOTICE**

Provash Mandal alias Prabhas Chandra Mandal S/O Vishnupad Mandal R/O Nagla Tarai, Udham Singh Nagar, Uttarakhand -262308 have changed my name to prabhas Chandra Mandal for all future purposes.

**बोले कैबिनेट मंत्री** | निजी चिकित्सालयों में 5-5 बेड डेंगू के मरीजों के लिए कराए जाएं आरक्षित

# आयुष्मान कार्ड से होगा डेंगू के मरीजों का उपचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि डेंगू से संबंधित सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर 05944-00000 को 24 घंटे चालू रखें। सभी निजी चिकित्सालयों में पांच-पांच बेड मरीजों के लिए आरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि डेंगू के मरीजों का उपचार अब आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत शनिवार की देर शाम मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निजी ब्लड बैंकों में किये जाने वाले जांचों की निर्धारित शुल्कों की रेट लिस्ट आम जनता के लिए बाहर चस्पा करें।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने डेंगू की रोकथाम के लिए जनपद में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन सुरेश भट्ट, विधायक शिव अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर केदार शाही, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. राजेश आर्या, डीपीएम हिमांशु, डैम डीएस भंडारी, डीडीएम चांद मियां आदि उपस्थित रहे।

### देशबंधु इंटर कॉलेज के शिक्षक पर छात्र से मारपीट का आरोप

**गदरपुर:** क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित स्कूल के शिक्षक पर छात्र से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र से मारपीट करने की सूचना पर स्कूल पहुंचे अभिभावकों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम महतोष के पिपलिया नंबर एक मे स्थित देशबंधु इंटरमीडिएट कॉलेज एक बार फिर विवादो के घेरे में है। स्कूल के शिक्षक पर छात्र के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करने का आरोप है। छात्र का आरोप है कि स्कूल प्रशासन के द्वारा उसके अलावा एक अन्य साथी छात्र के साथ भी मारपीट की गई। छात्र के साथ मारपीट की सूचना पर महतोष चौकी इंचार्ज पवन जोशी भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को सुन कर सीसीटीवी फुटेज निकाली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर छात्र के परिजन भी स्कूल पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा काटा। कॉलेज में हुए हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान सरबजीत सिंह के पुत्र छात्र ने आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट की गई है। दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास जारी था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# नर्स हत्याकांड का मुद्दा गरमाया, मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाई सीबीआई जांच की मांग, कप्तान के बयान की निंदा, बोले अधूरा है खुलासा, तूल पकड़ता जा रहा मामला

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर


प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जघन्य नर्स हत्याकांड का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कांग्रेसियों ने हत्याकांड के खुलासे को अधूरा बताया और कप्तान के अशोभनीय बयान की भी निंदा की। उन्होंने हत्याकांड की सीबीआई जांच किए जाने का मुद्दा उठाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने नारेबाजी कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। उनका कहना था कि चर्चित अंकिता हत्याकांड का भी पुलिस ने फर्जी खुलासा कर वीआईपी को बचा लिया और अब नर्स हत्याकांड का भी अधूरा खुलासा कर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। आरोप था कि प्रदेश की धामी सरकार में देवभूमि दरिंदों के घिनौने अपराध से कलंकित हो चुकी है। आरोप था कि जिले के एसएसपी का एक बयान आया, जिसमें वह बोल रहे हैं कि दुष्कर्म रोकने का उन्होंने ठेका नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि एसएसपी के इस बयान से साफ हो गया है कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार महिला की सुरक्षा करने में विफल हो चुकी है, जबकि सत्यता यह है कि नर्स हत्याकांड में नशेड़ी मजदूर शामिल हो सकता है, लेकिन एक व्यक्ति हत्या कांड को अंजाम नहीं दे सकता है। उन्होंने आगाह किया कि यदि प्रदेश सरकार ने जल्द सीबीआई जांच की अनुमति नहीं दी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस नर्स हत्याकांड को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। इस मौके पर ममता रानी, छत्रपाल सिंह, संजीव राठौर, सतीश कुमार, रामकिशन, उमा सरकार, बेबी सरकार, संध्या गाइन, मीनू राय आदि मौजूद रहे।


कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देतीं महिलाएं व बच्चे। ● अमृत विचार

### कैंडल मार्च निकालकर महिला चिकित्सक और नर्स को दी श्रद्धांजलि

**रुद्रपुर :** कोलकाता में महिला चिकित्सक और रुद्रपुर में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या को लेकर आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ता के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया गया और मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने दोनों ही जघन्य हत्याकांड के दोषियों को मौत की सजा देने का मुद्दा उठाया। साथ ही डॉक्टर-नर्स हत्याकांड का सही खुलासा करने की मांग भी की। आगाह किया कि यदि दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। शनिवार की देर शाम आप कार्यकर्ता किरण पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-बच्चे ट्रांजिट कैंप चौराहे पर एकत्रित हुए और कोलकाता की महिला डॉक्टर और रुद्रपुर की नर्स हत्याकांड को लेकर कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पश्चिम बंगाल महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या को अंजाम दिया और फर्जी खुलासा पुलिस ने किया। उसी प्रकार रुद्रपुर की नर्स हत्याकांड हुआ, लेकिन पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया। बावजूद पुलिस एक मोबाइल के आधार पर हत्याकांड को आधार मान रही है, जबकि प्रबल संभावना है कि नर्स हत्याकांड में बड़े लोगों का हाथ भी हो सकता है। इस अवसर पर नीतू विश्वास, अर्चना विश्वास, मालती कश्यप, अनीता गंगवार, सुनीता प्रजापति, सोना मलिक, विनीता ठक्कर, कोमल शर्मा, विनीता आर्य, कमला विश्वास, आशिमा मंडल, करुणा मंडल, जयंती मालिक, शोभी विश्वास आदि मौजूद रही।

# नर्स हत्याकांड में सरकार को घेरने की तैयारी तेज

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** नर्स हत्याकांड का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेसी जनों ने प्रेस वार्ता कर अग्रिम कार्यवाही की रणनीति पर चर्चा की। खुलासे की मांग को लेकर कांग्रेसी सरकार को घेरने की तैयारियों में जुटे हैं। कांग्रेसियों का कहना है कि गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान पांच अहम बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ रखा जाएगा।

रविवार को हत्याकांड मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह के निवास पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें गदरपुर के पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि नर्स हत्याकांड के मामले में पुलिस ने खुलासा करने के दौरान पीड़ित परिवार को बुलाना तो दूर जानकारी देना भी जरूरी नहीं समझा। आरोप लगाया कि मामले में फर्जी खुलासा कर झूठी वाहवाही लूटने का काम किया गया। उन्होने घटनाक्रम की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। वही प्रशांत सिंह ने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर में बढ़ रहे अपराध की घटनाओं के अहम पांच बिंदुओं को गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान जोरों शोरों के साथ उठाया जायेगा। इस मौके पर कांग्रेसी नेता अनिल सिंह, शादाब पाशा, किशोर कुमार हालदार, आकाश दीप सिंह, अकील राजा, नफीस अहमद मौजूद रहे।


गदरपुर में प्रेस वार्ता करते पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन। ● अमृत विचार

एक नजर

### मोबाइल को लेकर दुकानदार व ग्राहक में विवाद

**बाजपुर :** खरीदे गए मोबाइल के पैसों को लेकर दुकानदार व ग्राहक में विवाद हो गया। ग्राम लंकुरा निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने 8 अगस्त को इंटर कॉलेज मार्केट स्थित एक दुकान से नया मोबाइल फोन एक वर्ष की गारंटी के साथ खरीदा था। आरोप है कि अगले ही दिन ही फोन अचानक बंद होने लगा, जोकि अपने आप आफ हो रहा है और उसमें नेटवर्क भी नहीं आ रहे हैं जिसके चलते उसने दुकानदार से शिकायत करते हुए फोन सही करा कर देने का अनुरोध किया। आरोप है कि इतना सुनते ही दुकानदार ने कहा कि उसकी कोई गारंटी नहीं है। उसने दुकान मालिक से फोन वापस कर उसके 13 हजार रुपये लौटाने को कहा तो वह आग-बबूला हो गया और धमकाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं मारपीट पर उतारू हो गया।

# गदरपुर में परिजनों ने कैंडल मार्च निकाला

संवाददाता, गदरपुर


गदरपुर में परिजनों के साथ कैंडल मार्च निकालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत नर्स की दुष्कर्म के बाद की गई हत्या के मामले में पुलिस के खुलासे से नाराज परिजनों ने लोगों के साथ कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। उन्होंने जोरदार नारेबाजी के बीच हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरुण कपूर के संयुक्त नेतृत्व में गुरुद्वारा सिंह सभा पर सैकड़ों लोग एकत्रित हुए। जहां से लोगों ने हाथों में तख्तियां वा कैंडल लेकर मार्च निकाला। कैंडल मार्च गुरुद्वारे से होकर मेन बाजार होते हुए थाने पर जाकर सम्पन्न हुआ। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए हत्याकांड के खुलासे से असंतुष्ट लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इस दौरान कांग्रेसी नेता अनिल सिंह, नफीस अहमद, रहीस अहमद, प्रशांत सिंह, सलीम बाबा, शाकिर अली, फैजान, अकरम, साहिल, मो. रफी मौजूद रहे।

# देवभूमि फाउंडेशन एवं यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता लामबंद

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में पैदल मार्च करते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोलकाता, रुद्रपुर तथा देहरादून में हुई रेप हत्या एवं गैंगरेप की घटना के विरोध में देवभूमि फाउंडेशन के बैनर तले दर्जनों युवाओं ने नगर के मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक एवं दीनदयाल चौक पर पोस्टर बैनर के साथ पैदल मार्च किया।

इस दौरान देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि देश में लगातार महिला एवं नाबालिगों के साथ शर्मनाक घटनाएं सामने आ रही हैं। मौके पर नमित सक्सेना, मुकेश राठौर, पारस अग्रवाल, प्रेम कुमार, अंकित कुमार, महेंद्र प्रताप, बलवीर सिंह, अर्जुन कुमार, गौतम कोहली, नंदकिशोर राठौर, भीम सेन आदि मौजूद रहे। इधर यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव तसलीम रजा के नेतृत्व में तमाम युवाओं ने 153 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे के नीचे इंदिरा गांधी खेल मैदान में कैंडल जलाकर घटना का विरोध किया। यूथ कांग्रेस नेता तसलीम रजा, विनोद मौर्य, जस्सी देओल, रेखा यादव, रणजीत कौर, आरिफ अंसारी, सैयद सैम मियां, अरुण सिंह, अजय पाल, शोएब अहमद, जीशान मंसूरी, विष्णु यादव आदि मौजूद रहे।

# भूरारानी में बदमाशों का बवाल घर में घुसकर की गई फायरिंग

संवाददाता, रुद्रपुर


अस्पताल में भर्ती दोनों पक्षों की घायल किशोरियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांव भूरारानी में शनिवार की देर रात्रि उस वक्त अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जब वार्ड-32 का रहने वाले एक बदमाश प्रवृत्ति के व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर पर धावा बोल दिया। आरोप था कि हमलावरों ने तोड़फोड़ के साथ ही फायरिंग भी की। जिसमें दोनों पक्षों की दो किशोरियां घायल हो गईं। दोनों पक्षों ने कोतवाली में प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

वार्ड-32 निवासी रंजीता ने बताया कि शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे पड़ोसी संजीत साहनी जो कि एक आपराधिक प्रवृत्ति का है। अपने साथियों के साथ आया और घर में घुसकर तोड़फोड़ की और छोटे-छोटे बच्चों को भी पीटा। जिसमें एक किशोरी घायल भी हो गई। आरोप था कि हमलावर जाते-जाते दो राउंड फायरिंग भी कर धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोपी पड़ोसी के खिलाफ बिलासपुर सहित कोतवाली में कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उधर, दूसरे पक्ष की चंद्रा का कहना था कि साढ़े पांच बजे रंजीता ने अपने परिवार के साथ मिलकर पथराव किया और जमकर मारपीट की। जिसमें खुशी नाम की किशोरी घायल हो गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह दोनों पक्षों ने कोतवाली में प्रदर्शन कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि दोनों पक्षों में पथराव और मारपीट की घटना तो हुई है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जाएगा। फिलहाल पुलिस शिकायती पत्रों की जांच कर रही है और जल्द मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### फल आढ़ती ने दो लोगों पर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** काशीपुर के एक फल आढ़ती ने पैसे के लेन-देन को लेकर दो लोगों पर जानलेवा हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला लक्ष्मीपुर निवासी शाहनवाज ने कुंडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह फल मण्डी में फल आढ़ती है। उसके मौ. गंज निवासी अरबाज ने नौ लाख रुपये फलों की खरीद के देने हैं। आरोप लगाया कि 15 अगस्त को वह अपने पैसे लेने अरबाज की दुकान पर गया तो उसने ठाकुरद्वारा निवासी शेर मोहम्मद पर 11000 रुपये की देनदारी बतायी। इसके बाद 16 अगस्त को पीड़ित फल मंडी में काम कर रहा था। इसी बीच शेर मोहम्मद ने उस पर चाकू व तमंचे व लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने उसे बचाया। बाद में आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसका सरकारी अस्पताल में इलाज कराया।

दो गिरफ्तार — दो माह पूर्व ताला तोड़कर घर से लाखों के जेवर चोरी करने का पुलिस ने किया खुलासा

# ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए घर में की चोरी

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में चोरी का खुलासा करते कोतवाल आशुतोष सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर कोतवाली पुलिस ने विगत दो माह पूर्व हुई घर में चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। आरोपी युवक ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए घरों में चोरी करते थे। इसके चलते आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

रविवार को चोरी के मामले का खुलासा करते हुए कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि 30 जून को पक्काकोट निवासी सुनील कश्यप पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें पीड़ित ने बताया कि 25 व 26 जून की रात वह परिवार के साथ घर से बाहर गया था। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों घर का ताले तोड़कर घर में रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल के आसपास के कई सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। इस दौरान दो अज्ञात युवक एक बाइक पर दिखाई दिए थे। उन्होंने बताया कि जिसके बाद नौगजा मजार के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बाइक को पकड़ लिया। साथ ही शाहजहांपुर निवासी अंकित मिश्रा व गौतमबुद्ध नगर यूपी निवासी शुभम गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद दोनों आरोपियों की निशानदेही पर आरोपियों के 65 हजार रुपये मिले, जोकि आरोपियों ने चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त किए थे। वहीं दो सोने के कंगन, झुमके समेत कई जेवर व एक मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद की। उन्होंने बताया कि आरोपी ऑनलाइन जुआ खेलने के आदी हैं। इसके चलते पूर्व में भी कई बार चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।



यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

जिस प्रकार सोने का परिक्षण घिसने, काटने, तापने और पीटने जैसे चार प्रकारों से होता है। ठीक उसी प्रकार पुरुष की परीक्षा त्याग, शील, गुण और कर्मों से होती है।

## संपादकीय

# तैयार रहना होगा

थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैटोंगटार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गईं। प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को बुधवार को संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। अदालत के इस फैसले के बाद देश में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति पैदा हो गई। प्रधानमंत्री बनने के बाद पैटोंगटार्न शिनावात्रा अपने अरबपति पिता और चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद इस पद पर आसीन होने वाली तीसरी शिनावात्रा हैं। दोनों को तख्तापलट के जरिए पद से हटा दिया गया था। 37 वर्षीय पैटोंगटार्न शिनावात्रा की उम्र और अनुभव की कमी को देखते हुए, उनके पिता द्वारा निर्देशित किए जाने की उम्मीद है, जो भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण संयुक्त अरब अमीरात में अपने निर्वासन से प्रतिष्ठान के साथ समझौते के बाद वापस आ गए हैं। उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य थाईलैंड की सुस्त अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैटोंगटार्न को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हैं। वास्तव में भारत और थाइलैंड में आंतरिक और बाहरी कारकों के कारण संबंधों की बदलती प्रकृति के बावजूद, संबंधों में निरंतरता बनी हुई है। भारत के बाहरी इलाकों में चीन का प्रभाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। ऐसे में भारत की अपने क्षेत्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाने की क्षमता प्रभावित हो रही है। यह घटनाक्रम भी के पड़ोस में अस्थिरता के समय सामने आया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन ने देश को अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है, जिससे अंतरिम सरकार को निपटना होगा। यह घटनाक्रम उग्रवादी समूहों और म्यांमार के जुंटा के बीच हिंसा में वृद्धि के बाद हुआ है, जिसने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ लगी सीमा पर शांति को जोखिम में डाल दिया है। अब जबकि आर्थिक संकट से घिरा श्रीलंका चुनावी चौराहे पर खड़ा है, वहां सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और थाईलैंड संकट से 4 सितंबर को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर अनिश्चितता छा गई थी, आशा की जानी चाहिए कि इस शिखर सम्मेलन को अब स्थगित करने की जरूरत नहीं होगी। बिम्सटेक के सदस्य देश बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान हैं। पैटोंगटार्न का प्रधानमंत्री बनना भले ही कुछ स्थिरता के संकेत दे रहा है, परंतु भारत को पड़ोस में संभावित संकटों से निपटने के लिए अपने को तैयार रखना होगा।

# विकास के लिए समग्र चिंतन प्रक्रिया जनोन्मुखी हो


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है।

गांधी, सावरकर, सुभाष, सरदार भगतसिंह, नेहरू, अंबेडकर, पटेल आदि को लेकर इतनी उग्र चर्चा होती है कि कभी-कभी तो डर लगने लगता है। वे किसी भी महापुरुष के संबंध में कुछ भी कह सकते हैं,कौन रोकेगा? जिनके परिवेश में स्वार्थ की क्षुद्रताएं ही हैं,वे महापुरुष की कल्पना करें भी तो किस आधार पर करें?

एक नेता ने पार्टी दफ्तर से एक तस्वीर हटा दी और दूसरी दो तस्वीर सजा ली, अब उनसे कौन बात करे? वे इस प्रकार से बहस करते हैं, जैसे ये सब अंग्रेजों से नहीं लड़ रहे थे,आपस में ही लड़ रहे थे। इसका कारण यह है कि आज वह पीढ़ी सत्ता में या सत्ता की सीढ़ियों के आसपास आ चुकी है,जिसने स्वतंत्रता संग्राम को तो क्या, स्वतंत्रता सेनानियों को भी न देखा,न जाना। उसने स्वतंत्रता आंदोलन की कहानियों को गप्पों में सुना है। पढ़ने वालों के लिए तो संपूर्ण गांधी वाङ्मय है और भी इतना साहित्य है कि एक नहीं, दस पुस्तकालय बन जाए,परंतु जब गप्पों से ही काम चल रहा है तो उनको पढ़ने की जरूरत ही क्या है? उनकी बुद्धि में यह बात नहीं आ सकेगी कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम इसलिए अनोखा था कि वह दो-चार, दस-पांच, हजार-दो हजार व्यक्तियों ने नहीं लड़ा,वह दो सेनाओं का भी युद्ध नहीं था। उनकी बुद्धि में यह सच नहीं समा सकेगा कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम सामान्य जन ने लड़ा था,जनता ने लड़ा था।

ये लोग अपने मतलब के लिए जाति और मजहब की बात करेंगे, ये समझकर भी नहीं समझ पाएंगे कि स्वतंत्रता का संग्राम जाति और मजहब ने नहीं लड़ा, सामान्य जन ने लड़ा था, जो सशस्त्र क्रांतिकारी थे, वे भी इसी जनता में से आए थे और जो सविनय अवज्ञा आंदोलन के सत्याग्रही थे, वे भी इसी जनता में थे। अंग्रेजी साम्राज्य को परास्त करने वाली यही जनता है। यही जनता थी, जिसमें से एक दिन क्रांतिकारी भी आए थे और असहयोगी भी आए थे। रास्ते भले ही दो हों, किंतु विद्रोह तो एक ही था। यही जनता ज्वालामुखी बन गई थी, जब जनता को भरोसे का नेतृत्व मिल जाता है, एक उदार और समन्वयी नेतृत्व मिल जाता है, लेकिन होता भूडोल बबंडर उठते हैं, जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है। वास्तव में सामान्य जनता निर्गुण ब्रह्म की तरह व्यापक है। जनता एक भी नहीं है और बहुत भी नहीं है, वह तो सर्व है। एक को प्रत्यक्ष किया जा सकता है, बहुत को भी प्रत्यक्ष किया जा सकता है, किंतु सर्व को प्रत्यक्ष नहीं किया जा सकता। आप बहुतों को एक साथ देख सकते हैं, किंतु सर्व को नहीं देख सकते और जनता सर्व है। इसीलिए वह निराकार है, निर्गुण ब्रह्म के समान। राजा पृथु ने जब पद की शपथ ली थी, तब प्रजा को धरती का ब्रह्म कहकर सम्मान दिया था-पालयिष्याम्यहं भौमं ब्रह्म इत्येव चासकृत्! (महा .शांति. 59-106)

आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं,साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

> आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं, साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

जनता की चित्तवृत्ति में परिवर्तन होता है तो उसी के साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है, लेकिन आगे आने वाले महंतों ने साहित्य को राजनतिक मतवाद से जोड़ दिया। उनका स्वार्थ था, जो जाति को जानता है, वह जनता को नहीं जानता, वह मनुष्य को ही कहां जानता है और जो मनुष्य को नहीं जानता वह न धर्म को समझ सकता है, न राष्ट्र को। वह पाखंड को ही धर्म जानता है। जाति-बिरादरी अथवा मजहब-पंथ के नाम पर समाज के ताने-बाने को कौन छिन्न-विच्छिन्न नहीं कर रहा है, किंतु सभी एक-दूसरे पर समाजद्रोह और राष्ट्रद्रोह का आरोप भी लगा रहे हैं। जिंदाबाद-मुर्दाबाद के कर्णभेदी कोलाहल से आकाश भर गया है, लेकिन सवाल तो यह है कि (पक्ष और विपक्ष में) जनता के साथ कौन है? पुराण कथाओं में आता है कि असुर ने मायाजाल बिछा दिया। मोहपाश में कस दिया। असुर ने उच्चाटन और सम्मोहन अस्त्र का प्रयोग किया। बुद्धि को कुंठित कर दिया, उन मनोवैज्ञानिक अस्त्रों का मतलब यही था, जो व्यवहार आज मीडिया कर रहा है। झूठे और जनविरुद्ध तथ्यों का बिजनेस, अभिव्यक्ति के अधिकार की ओट में मीडिया का आचरण देश की सामान्य जनता के ऊपर आक्रमण की तरह है। झूठ का आक्रमण, अफवाह और प्रवाद का आक्रमण। भारत के एक सौ चालीस कोटि जन के सामान्य दर्द, कठिनाइयों और विघ्नबाधाओं से ध्यान हटाने का षड्यंत्र। लोग लोगों का हालचाल न जान सकें। एक दूसरे की पीड़ा न सुन सके।

बातें लोकतंत्र की हैं, किंतु जनता के सारे मुद्दे गायब हैं। इधर से भी और उधर से भी,भ्रष्टाचार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। कालाधन वापस लाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। चुनाव सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। गंगा-यमुना निर्मल होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। मंहगाई पर अंकुश लगाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। पुलिस सुधार मुद्दा जनता का मुद्दा था। प्रशासन सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। नारी को सुरक्षा मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। अपराधों पर नियंत्रण होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। निर्बलों को न्याय मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। समाज में समरसता आने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। लोक प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार जनता का मुद्दा था, लेकिन जनता के पास आज है कौन? जो हैं वे अपने दल के हैं, अपनी बिरादरी के हैं, अपने गांव या प्रदेश के हैं, अपने मजहब और पंथ के हैं अथवा यों कहें कि वे सब अपने मतलब के हैं। जनता किसका भरोसा करे?

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है। रांगेय राघव ने कहा था- अल्प हैं हम क्षण भर के पांथ/ विश्व ही है चलती ये धार।/ व्यक्ति है केवल पथ की दीप्ति/ अरे! जन ता है स्रोत प्रकाश।/नहीं कोई अपने में पूर्ण/सत्य की धारा अतल प्रवाह।

## प्रसंगवश

# पशु पक्षी भी बोलते रहे हैं संस्कृत

देवभाषा संस्कृत पर बहुधा क्लिष्टता का आरोप लगता रहा है। हालांकि जैसा वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग से लगता है कि संस्कृत दो प्रकार की रही है। पहली व्याकरण सम्मत शुद्ध तत्सम और दूसरी बोलचाल की।

संदर्भित प्रसंग के अनुसार हनुमानजी जब अशोक वाटिका में सीताजी के सामने प्रकट होकर अपना परिचय देना चाहते थे,तब उन्होंने सोचा कि 'मैं छोटे आकार में वानर रूप में हूं। यदि तत्सम संस्कृत बोलूंगा,तो सीताजी कहीं मुझे छद्म वेष में आया हुआ रावण समझकर भयभीत न हो जाएं। क्योंकि रावण संस्कृत में पारंगत था। अंततः मैं मानवोचित बोलचाल की संस्कृत भाषा में उनसे संवाद करूंगा'। वैसा ही हुआ।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पुराने वृत्तांत खंगालने पर हम यह पाते हैं कि अपने देश में संस्कृत तो पशु-पक्षी भी बोलते रहे हैं। तेरहवीं शताब्दी में महाराष्ट्र में हुए संत ज्ञानेश्वर ने भैंसे से गायत्री/वेद मंत्र पढ़वा दिए थे। कथानुसार एक व्यक्ति अपने भैंसे को चाबुक मारते लिए जा रहा था। वहां संत ज्ञानेश्वर व कुछ अन्य पंडित बैठे थे। उन्होंने देखा कि चाबुक के निशान संत की पीठ पर भी बन गए हैं। पूछने पर ज्ञानेश्वर जी ने कहा 'ईश्वर एक है, अतः भैंसे का दर्द निशानों सहित मुझ पर क्यों नहीं आ सकता?' तब वे ईर्ष्यालु पंडित बोले,'तब तो यह भैंसा तुम्हारी तरह वेद मंत्र भी पढ़ देगा?' संत बोले 'अवश्य'। परीक्षा हुई और भैंसे ने वेद मंत्रोच्चार कर दिया।

इसी तरह जब शंकराचार्य जी मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ करने माहिष्मती नगरी पहुंचे और नगरी के बाहर पनिहारिनों से मिश्र जी के घर का पता पूछा,तो उन महिलाओं ने बताया कि 'जिस घर के द्वार पर पिंजड़ों में बंद तोता-मैना दर्शन पर चर्चा कर रहे हों कि संसार ध्रुव है या मिथ्या तथा वेद स्वयं में प्रमाण हैं या उन्हें बाहरी प्रमाण की आवश्यकता है' तो समझ लेना कि यही पंडित मंडन मिश्र का आवास है। जगद्ध्रुवंस्यात् जगद्ध्रुवंस्यात् कीरांगना यत्र गिरं गिरंति।/ द्वारस्थ नीड़ान्तर सन्निरुद्धा जानीहि तन्मण्डन पण्डितौकः।।

शंकराचार्य आगे बढ़े और एक द्वार पर ऐसा ही पाया। वही मंडन मिश्र का निवास था। उदाहरण और भी हैं। ऐसी स्थिति में संस्कृत रही है इस पवित्र भारत भूमि में।

# अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों पर नासा की चुप्पी


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो ऐस्ट्रोनॉट ऐसे बुरे फंसे हैं कि पुराणोक्त त्रिशंकु की सुध हो आई, जिनमें एक तो भारतीय मूल की अमेरिकन सुनीता विलियम्स हैं,जिन्हें स्नेहवश सुन्नी कहा जाता है और दूसरे हैं बुच विलमोर। विगत 6 जून को वे आईएसएस पर पहुंचे और उन्हें केवल आठ दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद वापस लौटना था,मगर जिस यान-बोइंग स्टारलाईनर से वे गए थे उसमें जाते समय ही प्रणोदन प्रणाली (थ्रस्टर) और हीलियम लीकेज की समस्या देखी गई थी।

बोइंग आईएसएस पर पहुंच तो गया और कुशलता से उससे जुड़ (डाकिंग) भी गया, मगर उसी यान में वापस लौटना अब खतरे से खाली नहीं है। वहीं नासा तथा बोइंग यान के कर्ता-धर्ता यही नहीं बता पा रहे कि उन अंतरिक्ष यात्रियों की कब सकुशल धरती पर वापसी होगी। उहापोह बढ़ती जा रही है और धीरे-धीरे तीन माह होने जा रहे। अजब बेबसी और असमर्थता है। विश्व भर के तमाम अंतरिक्ष यात्रा प्रेमी इस मामले से क्षुब्ध हैं। कहीं न कहीं यह वाकया हमारी निरापद अंतरिक्ष यात्राओं के भविष्य पर गहरे सवाल भी उठाता है? आश्चर्य है कि नासा के पास कोई ठोस वैकल्पिक आपात योजना और तैयारी ही नहीं थी। बोइंग स्टारलाईनर के प्रबंधक भी सीधे सवालों से बच रहे हैं और गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

यह भी सुनने में आ रहा है कि आईएसएस से जुड़े बोईंग स्टारलाईनर में थ्रस्टिंग और हीलियम लीकेज की समस्या के साथ ही अब उसके अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अलग हो पाने (अनडाकिंग) में भी एक सॉफ्टवेयर की खराबी से दिक्कत है। मतलब अधर में अटके यात्रियों को खुद यह काम बोईंग में घुसकर अपने हाथों से करना होगा,मगर यह बहुत जोखिम भरा है। बोईंग को दुरुस्त करने के लिए ग्राउंड स्टाफ प्रयास में जुटा तो है,मगर ठोस नतीजे की सूचना नहीं है। साथ ही उसके वापसी, डिआर्बिट होने के दौरान कई संभावित जटिलताओं और सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की जा रही है। यह तो तय है कि नासा दोनों यात्रियों के जीवन के साथ कोई जोखिम नहीं ले सकता है। इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं। प्रत्यक्षतः तो वे निश्चिंत से लगते हैं, मगर उनके मन में विचारों का कैसा झंझावात होगा इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। वे तो इस मनस्थिति के साथ गए थे कि एक सप्ताह में वापस होना है,मगर अब वापसी की अनिश्चितता उन्हें जरूर क्लांत कर रही होगी। भले ही वे इसे सार्वजनिक न करें। एक आपात योजना यह भी बन रही है कि उन्हें एक अलग यान से वापस लाया जाए, मगर इसमें कई माह लग जाएंगे। बोईंग स्टारलाईनर के बाद स्पेस एक्स क्रू 9 मिशन को भी पांच यात्रियों के साथ रवाना होना था। यह भी सोचा जा रहा है कि उससे केवल तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ही भेजा जाए,दो स्थान रिक्त रखे जाए और फंसे यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके।मूल रूप से, नासा और स्पेसएक्स के क्रू-9 मिशन को रविवार, 18 अगस्त 2024 को लॉन्च किया जाना था,लेकिन अब त्रिशंकु बने बोइंग स्टारलाइनर के कारण के वहां फंसे होने के कारण नई लॉन्च तिथि 24 सितंबर से पहले नहीं है। इसमें नासा के जेना कार्डमैन, निक हेग और स्टेफनी विल्सन और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोरबुनोव को क्रू मेंबर के रूप में शामिल किया गया है। नासा ने यह नहीं बताया है कि अगर बोइंग स्टारलाईनर के यात्रियों के रेस्क्यू की आकस्मिक योजना आगे बढ़ती है तो मिशन से किन दो को हटाया जाएगा। आईएसएस में फंसे हुए यात्रियों को उनकी जगह वापस लाया जाएगा। जो भी हो नासा की चुप्पी उलझन में डालने वाली है। यह एक शीर्ष वैश्विक अंतरिक्ष संस्थान की अक्षमता को इंगित करती है या फिर उनके किसी अन्य मंतव्य की इंगिति है, कौन जाने? हम तो दोनों यात्रियों की सकुशल धरती वापसी की कामना करते हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति और खगोल शास्त्र

आकाश वर्षा ऋतु में पहाड़ों में छली हो जाता है। तीन चार दिन पहले सुबह मंगल ग्रह और बृहस्पति ग्रह की पूर्ण युति के दर्शन के लिए बाहर निकल आया तो पूरा आकाश ही घनघोर बादलों से घिरा हुआ था। दो दिन से पूर्व आकाश स्वच्छ है,लेकिन मंगल ग्रह देवगुरु बृहस्पति के चरणों में प्रणाम करता हुआ आगे बढ़ रहा है।


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति में खगोल विज्ञान का सम्मिश्र जिस कलात्मकता से किया गया है वह अतुलनीय है और वह अन्यत्र जैसे यूनानी/अरबी या पाश्चात्य संस्कृति में नहीं है। पहला उदाहरण। उत्तरी गोलार्द्ध के शीर्ष पर जो तारा हम देखते हैं वह ध्रुव है और ध्रुव की कहानी आपको बताने की जरूरत नहीं है। ध्रुव का अर्थ है स्थिर। बालक ध्रुव की नारायण में अविचल भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे ध्रुव स्थिति प्रदान की। ध्रुव के सहयोगी तारा मंडल को हम सप्तर्षि मंडल कहते हैं। इसे अंग्रेजी में उरसा मेजर कहते हैं और अल्फा-बीटा आदि तारे नामित किया गए हैं। क्या आपने कभी सोचा कि हमारी संस्कृति में इन तारों के नाम हमारे पूर्वज ऋषियों के नाम पर हैं ताकि हम उन्हें सर्वदा स्मृति में रखें। क्रतु,पुलह,पुलस्त्य अंगिरा,अत्रि,वशिष्ठ,मरीच ये सात सप्तर्षि मंडल के तारों के नाम हमने अपने पूर्वजों के नाम पर दिए हैं। सोने में सुहागा यह है कि अरुंधती की पति सेवा को याद करने के लिए वशिष्ठ के युग्म तारे को अरुंधती का नाम दिया है। सप्तर्षि मंडल के छठवें तारे को हम वशिष्ठ कहते हैं और इस तारे की परिक्रमा जो छोटा सा तारा करता है वही अरुंधती है। भारतीय संस्कृति की प्राचीनता और खगोल शास्त्र से इसके मिश्रण के अनेक उदाहरण हैं। प्रजापतिः ब्रह्म हृदय नक्षत्र हमारी आकाशगंगा का केंद्र बिंदु है। पाश्चात्य नाम कैपेला है। इसे रथी या सारथी भी कहते हैं।

सूर्य सिद्धांत की रचना के समय भी हमारे खगोल शास्त्र के विद्वानों को ज्ञान था कि आकाश गंगा के तारे एक केन्द्र के चतुर्दिक भ्रमण करते हैं। सूर्य सिद्धांत के 8.11-12 में बृह्महृदय की आकाश में स्थिति का वर्णन है।

-फेसबुक वॉल से

# संगठन को शक्ति प्रदान करता है अनुशासन


महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

> अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों, पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े।

"साहब! व्हाई डिड यू डिसमाउंट विदाउट ऑर्डर्स? (साहब! आप बिना आदेश के घोड़े से क्यों उतरे?) "केंद्रीय पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज माउंट आबू में आईपीएस प्रोबेशनर्स का घुड़सवारी का प्रशिक्षण चल रहा था। राइडिंग इंस्ट्रक्टर के ट्रौट बोलते ही जब घोड़े ने दुलकी मारी कि बाला सुब्रमानियम घोड़े की पीठ से चारों खाने चित गिर पड़ा था। वह अपनी चोट सहलाता हुआ उठने का प्रयास कर रहा था और हम सभी प्रोबेशनर्स उसकी ओर सहानुभूति पूर्वक देख रहे थे। हम इस आशा में थे कि राइडिंग इंस्ट्रक्टर बाला से सहानुभूति के कुछ शब्द बोलेगा और उठ खड़े होने को प्रोत्साहित करेगा। परंतु उसका उपर्लिखित प्रश्न सुनकर हमारी समझ में नहीं आ रहा था कि हम ऐसे में रोएं या हंसें? राइडिंग इंस्ट्रक्टर के चेहरे को यादकर आज समझ में आता है कि उसका उद्देश्य हमारे मन में अनुशासन की इस सच्चाई को स्थापित करना था कि कठिनाई की स्थिति में भी हमें उसके द्वारा दिए जाने वाले आदेशों के अनुसार ही कार्य करना है। इस प्रकार का अनुशासन व्यक्ति को धैर्य रखते हुए दृढ़तापूर्वक कर्तव्य मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है और संगठन को शक्ति प्रदान करता है।

सार्वजनिक सेवाओं की कार्य संस्कृति एवं उनकी दक्षता बहुत कुछ उनमें व्याप्त अनुशासन पर निर्भर करती है। पुलिस सहित समस्त सशस्त्र बलों में अनुशासन का अतिरिक्त महत्व इसलिए भी होता है कि अनुशासन विहीन सशस्त्र बल समाज, संविधान एवं देश के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। इसी कारण से अन्य सेवाओं की अपेक्षा सशस्त्र बलों के सेवा नियम अधिक कठोर बनाए जाते हैं जैसे पुलिस विभाग में किसी सिपाही द्वारा दाढ़ी ठीक से न बनाने, अच्छी वर्दी न पहनने अथवा अन्य किसी प्रकार की छोटी-मोटी गलती कर देने पर एसपी उसे अर्दली रूम में बुलाकर और उसका उत्तर मौखिक रूप से सुनकर चेतावनी या एक्स्ट्रा परेड का दंड दे सकता है। लगभग पचास वर्ष पूर्व तक पीएसी के कमांडेंट को सिपाहियों को 15 दिन तक सेल (जेलनुमा कमरा) में बंदकर देने का अधिकार भी था।

अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों,पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी का है, जिसमें अधिकतर सदस्य तत्कालीन अंग्रेजी फौज के बागी सिपाही थे और जो देश को स्वतंत्र कराने हेतु अंग्रेजों से लड़े थे। स्वतंत्रता के उपरांत इसके सदस्य स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी मान लिए गए और उन्हें सम्मानित किया गया। परंतु गंभीर राजनीतिक दबाव के बावजूद उनको फौज में वापस नहीं लिया गया, क्योंकि देश के लिए ही सही इन्होंने फौज में बगावत तो की थी। उन दिनों न्यायालय भी सशस्त्र बलों के अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्यवाही में कम ही हस्तक्षेप करते थे। धीरे-धीरे यह सैद्धांतिक मान्यता समाप्त हो गई और पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा पारित आदेश शासन व न्यायालयों द्वारा उलटे जाने लगे। पुलिस की विशेष दंड नियमावली शासन द्वारा निरस्त कर दी गई और पुलिसजनों पर भी अन्य कर्मचारियों वाली नियमावली लागू कर दी गई। परिणामस्वरूप अनुशासन का अभाव बढ़ता गया, जिसका कुपरिणाम प्रशासन में दृष्टिगोचर होता रहता है।

सशस्त्र बलों में अधीनस्थ कर्मचारी एवं उच्च अधिकारियों के बीच तादात्म्य एवं अधीनस्थ कर्मचारियों में अपने उच्च अधिकारियों के प्रति श्रद्धा भाव का होना आवश्यक होता है,क्योंकि सशस्त्र बलों की दिनचर्या में ऐसे अवसर आते हैं जब अधीनस्थों तथा अधिकारियों को अपनी जान जोखिम में डालकर एक दूसरे की प्राण रक्षा करनी होती है। यह तादात्म्य बहुत कुछ उच्च अधिकारियों को अपने अधीनस्थों को पुरस्कृत एवं दंडित करने के अधिकार की उपलब्धता पर निर्भर करता है, जैसा कि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा भी है 'भय बिन प्रीत न होय गोसाईं'। पुलिस के कार्य में असफलता का एक कारण विभागीय अनुशासन की कमी भी होता है।

# श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल की शाश्वत परंपरा

उपाकर्म का अर्थ है प्रारंभ करना। धर्मग्रंथों में लिखा गया है कि जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं,श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। इस अध्ययन सत्र का समापन, उत्सर्जन या उत्सर्ग कहलाता था। यह सत्र माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी उपाकर्म का पवित्र संयोग बनता है। हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं,अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं प्रायश्चित्त संकल्प,संस्कार और स्वाध्याय।


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

सर्वप्रथम होता है- प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित कर जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं। यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है। आज के दिन जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका होता है, वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नया धारण करते हैं और पुराने यज्ञोपवित का पूजन भी करते हैं। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। श्रावणी धार्मिक स्वाध्याय के प्रचार का पर्व है। सद्ज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के लिए इसे निर्मित किया गया, इसलिए इसे ब्रह्मपर्व भी कहते हैं। श्रावणी पर रक्षाबंधन बड़ा ही हृदयग्राही है।

श्रावणी वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे। इसे 'उपाकर्म' कहा जाता था। वेद का अर्थ है सद्ज्ञान और ऋषि का तात्पर्य है वे आप्त महामानव,जिनकी अपार करुणा के फलस्वरूप वह सुलभ-सरल हो सका। सद्ज्ञान का वरण जितना आवश्यक है और जिनसे वह प्राप्त हुआ था,जिनके परिश्रम, त्याग, तप व करुणा से सुगम हो सका,उनके दृष्टा ऋषि-मनीषियों को भी उतना ही श्रद्धास्पद मानना चाहिए एवं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। सामूहिक कल्याण की भावनाः शास्त्रोक्त मान्यता है कि अनुकूल मौसम में पौधरोपण करने पर अनंत गुणा पुण्य लाभ होता है। अतः श्रावणी पर्व से अपने जीवन को सत्पथ पर बढ़ाने, रक्षासूत्र द्वारा नारी के प्रति पवित्रता का भाव रखने तथा पौधरोपण द्वारा इन भावनाओं को क्रियाओं में परिणत करने का संकल्प लिया जाता है,जो कि इस पर्व का प्राण है। इसे हम सबको पूरा करना चाहिए। इसी में हमारी पर्व परंपरा के साथ-साथ सामूहिक कल्याण निहित है।

## सार-संक्षेप


यूपीएससी अस्पताल के चिकित्साधिकारी को सम्मानित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

### डॉक्टर कुशाग्र कौशिक को किया सम्मानित

**जसपुर :** यूपीएससी में कार्यरत डॉक्टर कुशाग्र कौशिक को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जसपुर के मोहल्ला चौहान निवासी डॉक्टर कुशाग्र कौशिक पुत्र बिबुधेश कौशिक जसपुर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नम्बर 17 स्थित यूपीएससी अस्पताल में चिकित्साधिकारी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज शर्मा द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक, डॉ. राजेश आर्य, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, धन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।


खटीमा के बंडिया में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उपस्थित लोग।

### बंडिया के पुनर्निर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**खटीमा :** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा प्रकल्प संस्थान एवं बारह राणा स्मारक समिति सिडकुल सितारगंज द्वारा संचालित श्रद्धा जागरण द्वारा ग्राम बंडिया में शनिवार को पुनर्निर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। बारह राणा स्मारक समिति द्वारा खटीमा, नानकमत्ता तथा सितारगंज के 21 मंदिरों में मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। थारू समाज मे प्राचीन सत्य सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से अनेक मंदिरों मूर्ति स्थापना का कार्य कल्याण आश्रम के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसमें श्रद्धा जागरण के कमलदीप राणा, वचन नमोनाथ सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणा का सहयोग प्राप्त है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कंजाबाग मुख्य श्रद्धा जागरण टोली में उपस्थित सेवा प्रकल्प संस्थान के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह राणा, दीपक राणा, प्रमोद राणा, सरवन सिंह राणा, प्रांतीय टोली के सदस्य ढिल्लू सिंह राणा आदि थे।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने ग्राम आजाद नगर स्थित गुरुकुल स्कूल के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक लिया। पुलिस ने मूल रूप से ग्राम दिन का थाना शाही जिला बरेली अप तथा हाल निवासी वार्ड नंबर 2 आजाद नगर थाना किच्छा निवासी लेखराज उर्फ पप्पू सिंह के कब्जे से कच्ची शराब के 50 पाउच बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।


किच्छा में मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार करते लोग।

### मृतक आश्रितों को नौकरी देने की घोषणा के बाद मिठाई बांटी

**किच्छा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कैबिनेट की बैठक में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाए जाने का निर्णय लिए जाने से चीनी मिल के प्रभावित परिवारों में खुशी है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में चीनी मिल के दर्जनों कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया। चीनी मिल अतिथि गृह में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया है। इस मौके पर विशाल चौहान, महेश कुमार, नंदू कुमार, विनीत कुमार, नसरुद्दीन, राजकुमार गुप्ता, अंगद सिंह, पंकज कुमार, रघुवीर सिंह, नीरज आर्य, धर्मेंद्र सिंह, लालचंद, महेंद्र सिंह, गोलू यादव, अजय कुमार, मुन्ना यादव, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।


खटीमा में धनराशि स्वीकृत होने पर खुशी का इजहार करते कंजाबागवासी।

### नाली और फुटपाथ को धनराशि स्वीकृत करने पर जताया आभार

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कंजाबाग चौराहे से लेकर नहर तक नाली निर्माण और टाइल्स से फुटपाथ का निर्माण कराने के लिए सवा चार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसकी जानकारी मिलते ही कंजाबाग वासियों ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया और मिष्ठान वितरण कर खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, सतीश चंद्र भट्ट, गोकुल ओली, महेश राणा, आनंद सामंत, किशन कन्याल, दीपक गोस्वामी, ममता देवी, सावित्री बिष्ट आदि मौजूद थे।

### मौर्य एकेडमी में चोरों का धावा

**गदरपुर।** अज्ञात चोरों ने मौर्य क्रिकेट एकेडमी को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंचे अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को दी गई है। रविवार की देर शाम चोरों ने ग्राम अमरपुरी के मौर्य क्रिकेट अकादमी के खेल मैदान में स्थित गोदाम में सेंध लगाकर हजारों रुपये के क्रिकेट का सामान पार कर दिया। घटना दोपहर की बताई जा रही है लेकिन शाम को क्रिकेट खेलने आए बच्चों ने जब गोदाम के दरवाजे को टूटा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना मौर्य क्रिकेट अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद कुमार को दी( सूचना पर खेल मैदान में पहुंचे आनंद कुमार ने जब गोदाम को खोलकर देखा तो अंदर रखा हजारों रुपए का क्रिकेट का सामान गायब था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी और ग्राम प्रधान के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क किनारे की झाड़ियां काटीं


मार्ग की सफाई करते ग्रामीण।

**खटीमा।** नगर पालिका वार्ड संख्या 17 भुजिया नंबर तीन के ग्रामीणों ने कैप्टन दीवानी चन्द की देखरेख में मार्ग के दोनों ओर की झाड़ियां काटीं। कैप्टन दीवानी चन्द ने बताया कि यह मार्ग वन भूमि में पड़ता है और कच्चा ही है। उन्होंने बताया कि भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही चल रही है। यह भी बताया कि मार्ग के गड्ढों को पाटकर मार्ग को चलने लायक बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी से मांग की गई है जिन्होंने आश्वासन भी दिया है। यहां अधिकांशतया पूर्व सैनिक हैं और यह मार्ग खेल के मैदान स्टेडियम से जुड़ता है। यहां पर सेना में भर्ती होने वाले युवाओं एवं खेल प्रेमियों का एक मात्र मैदान है। ग्रामीणों ने नौगवां ठग्गू राष्ट्रीय राजमार्ग के मुडेली गांव की ओर लगभग 1200 मीटर मार्ग की श्रमदान कर ग्रामीणों ने सफाई की। श्रमदान में ललित चन्द, मोहन चन्द, ऋषभ चन्द, टीकाराम भट्ट, उमेश चन्द, गुड्डू, दिनेश पांडे आदि सम्मिलित थे।

# रक्षा बंधन पर खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

## राखी के साथ ही कपड़े, मिठाई और ज्वेलरी की दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की, लोगों की भीड़ से बाजारों में दिन भर रौनक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रक्षा बंधन से एक दिन पूर्व मुख्य बाजार में लोगों की काफी भीड़ नजर आयी। राखी की दुकानों के साथ ही कपड़े की दुकानों, मिठाई की दुकानों और ज्वेलरी की दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। रविवार की दोपहर बाद बाजार में लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। भीड़ का यह सिलसिला देर सायं तक चलता रहा।

लोगों की भीड़ को देखकर दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। राखी की दुकान लगाने वाले प्रेम पाल, जगदीश ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से राखी का कारोबार कर रहे हैं। लोगों की भीड़ को देखकर लगता है कि कारोबार अच्छा होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी राखी की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है।


रुद्रपुर के मुख्य बाजार में राखी खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार

### विधायक भुवन कापड़ी ने आशाओं से बंधवाई राखी

**खटीमा, अमृत विचार :** उप नेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी ने पीलीभीत रोड स्थित होटल पर्चबुड में आयोजित रक्षा बंधन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आशा कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाई। इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश में हो रही दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर मौन रखा और सरकारों से दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवीश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, बंडिया ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर, महिला जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी दान सिंह राना, राजकिशोर सक्सेना, जसविंदर पप्पू, दान सिंह, पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ पंकज टम्टा, प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल रेहान अंसारी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक चंद, वीरेंद्र राज आदि थे।

### शिक्षिकाओं ने शिक्षकों को बांधी राखी

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में रक्षाबंधन को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र बांधा वहीं छात्रों ने उनकी रक्षा करने का वचन दिया। साथ ही शिक्षिकाओं ने शिक्षकों को राखी बांधी। इस पवित्र दिवस पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट, प्रशासिका प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, विक्टर आईवन, बालकृष्ण थापा, ऊषा चौसाली, ऊषा भट्ट, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, हेमलता बोरा, दीपा डसीला, दिगंबर भट्ट, विक्रम नाथ, मनीष ठाकुर, रमेश जोशी, भरत बिष्ट, अशोक जोशी, केशव जोशी, चामु दानू, राहुल कुमार, नरसिंह कुंवर आदि रहे।



डायनेस्टी मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी में प्रबंध निदेशक को राखी बांधती शिक्षिका।


खटीमा में राखी बंधवाने के बाद आशा कार्यकत्रियों के साथ विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

### बहनों की रक्षा को समर्पित है रक्षाबंधन : ब्रजवाल

**सितारगंज।** हर वर्ष एकल परिवार द्वारा रक्षाबंधन पर विभिन्न स्थानों पर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज एकल परिवार कोतवाली पहुंचा। जहां एकल की बहनों ने प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र ब्रजवाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक जनार्दन भट्ट, उप निरीक्षक इंद्र सिंह ढेला, उप निरीक्षक राकेश रौंकली, कांस्टेबल चंद्र प्रकाश की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का वादा भी रिटर्न गिफ्ट में लिया।


प्रभारी निरीक्षक को रक्षा सूत्र बांधती एकल बहनें।

इस मौके पर संभाग सचिव लाल सिंह दायमा, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी संतोष मिश्रा, संरक्षक महेश मित्तल, अध्यक्ष साधना राणा, रवि रस्तोगी, शीतल सिंघल, सतीश उपाध्याय, सचिव संगीता जोशी, कोषाध्यक्ष सुलोचना रावत, उपाध्यक्ष रीता सक्सेना, सपना जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर मुख्य बाजार में लगा जाम


बाजार में पार्किंग व्यवस्था न होने से लगा जाम।

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर नगर में जाम का झाम देखा गया। लोगों को त्योहार के लिए राखी व अन्य सामान खरीदने के लिए जाम में फंसे रहना पड़ा। पैदल निकलने के लिए भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आलम पर यह था कि जाम खुलवाने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। रविवार की सायं नगर में आड़े-तिरछे वाहनों के खड़े होने से लोगों को जाम में फंसे रहने पड़ा। मुख्य बाजार में कार, वाइक व ई रिक्शा वाहनों पर पाबंदी न होने से सभी वाहन मुख्य बाजार में आड़े-तिरछे खड़े देखे गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने काफी बमुश्किल के बाद जाम खुलवाया। जाम खुलने पर लोगों ने देर शाम तक खरीदारी की। युवा व्यापारी नेता चेतन सुखीजा ने कहा दीपावली व होली पर्व पर मुख्य बाजार की पटरी से फंड व ठेलिया हटवाकर सांवरिया मार्केट में लगवाई जाती रही हैं। ठीक इसी तरह रक्षाबंधन पर्व एवं हर त्यौहारों पर नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन को ठेली व फड़ों की व्यवस्था सांवरिया मार्केट में करनी चाहिए। मुख्य बाजार में वाहनों का प्रवेश वर्जित करना चाहिए। लोगों को खरीदारी करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। जिससे आम लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सकती है।

# केएनईई रिप्लेसमेंट सर्जरी के रोबोटिक सिस्टम का उद्घाटन

- केवीआर हॉस्पिटल में पहुंचे बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** केवीआर हॉस्पिटल में उत्तराखंड का पहला रोबोटिक केएनईई रिप्लेसमेंट का सेटअप लाया गया। इसका उद्घाटन बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने किया। इस दौरान उन्होंने अपने हाल ही में ओलंपिक में उनके बैडमिंटन मैच के अनुभवों को साझा किया। वहीं केवीआर अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर तरुण सोलंकी ने बताया कि काशीपुर रोबोटिक केएनईई रिप्लेसमेंट का सेटअप लगाना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

शनिवार को काशीपुर की बाजपुर रोड स्थित एक होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।


काशीपुर में लक्ष्य सेन का स्वागत करते डॉ तरूण सोलंकी व रिची सोलंकी।

वहीं केवीआर अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर तरुण सोलंकी ने बताया कि केवीआर अस्पताल में रोबोटिक केएनईई रिप्लेसमेंट का सेटअप का उद्घाटन ओलंपिक खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने किया। उन्होंने बताया कि रोबोटिक केएनईई रिप्लेसमेंट के सेटअप से हड्डी के मरीजों को कई तरह सुविधाएं होंगी। इस दौरान कार्यक्रम में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, सीओ अनुषा बडोला, एएसपी अभय प्रताप सिंह, चंद्रेश यादव, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, दीपक बाली, राम मल्होत्रा, उषा चौधरी, आशीष गुप्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक मौजूद रहे।

# दुकानों पर खरीदारी को उमड़ी बहनें

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन का त्योहार व्यापार की दृष्टि से उत्तम रहने वाला है। क्षेत्र में 50 लाख से भी अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है। रविवार को बाजारों में राखी की खरीदने के लिए भीड़ रही। पिछले कई वर्षों से देश में स्वदेशी राखियां ही बिक रही हैं। सोने चांदी की राखी की मांग भी पहले के मुकाबले तीन से चार गुना बढ़ गई है।

शनिदेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष, यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल व पंकज गिफ्ट के मालिक पंकज चानना ने बताया कि जिस प्रकार से पिछले दिनों में राखियों की मांग में वृद्धि हुई है, उसको देखते हुए इस वर्ष 50 लाख से अधिक के राखी त्योहार पर व्यापार होने की उम्मीद है। जबकि व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के अनुसार देश में यह आंकड़ा 12 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का होने जा रहा है। भारत में इस बार लगभग अस्सी प्रतिशत राखी का उत्पादन हुआ है।

चाइनीज राखियों की इस बार डिमांड नहीं है। वहीं पंडित शिव कुमार के अनुसार 19 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे तक भद्रा काल है। जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है। इसलिए देशभर में रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार दोपहर 1.31 मिनट से ही मनाया जाएगा।


बाजपुर में राखी की खरीदारी को लेकर दुकान मे लगी बहनों की भीड़। ● अमृत विचार

### जसपुर में भी दुकानों पर उमड़ी रही भीड़

**जसपुर।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर रविवार को जसपुर में लगी राखी विक्रेताओं की दुकानों व मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ लगी रही। खरीदारों की भीड़ से बाजार में रौनक रही।


जसपुर में मिठाई की दुकान पर लगी भीड़।

# ब्र्ह्म और जोशी कॉलोनी वासियों की सुनीं समस्याएं


खटीमा के जोशी कालोनी में वार्डवासियों की समस्या सुनते भाजपा नेता रमेश जोशी।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 17 जोशी कॉलोनी एवं ब्रह्म कॉलोनी के लोगों की समस्याएं सुनीं।

वार्ड वासियों ने बताया कि नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्म कॉलोनी और जोशी कॉलोनी में वर्षों से रह रहे निवासियों को सड़क के अभाव में बरसात के मौसम में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि वहां के निवासियों को अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोशी ने वार्ड वासियों की समस्या के निराकरण के लिए पुष्कर सिंह धामी से वार्ता कर आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, कौष्टुभानंद जोशी, दीपेश तिवारी, चंदन जोशी, भैरव दत्त बोरा, राहुल सक्सेना, करण यादव, ललित जोशी, सावित्री ओली, सुनीता बोरा, बलवंत जोशी, महेश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को दी फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने की जानकारी

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं जसपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया
- ब्लॉक कार्यालय में आयोजन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में जिला योजना अंतर्गत बागवानी नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं जसपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक शंकर लाल कोहली ने किसानों को फलदार वृक्षों की नर्सरी तैयार कर अपनी आय बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने फल दार पौधों की ग्राफ्टिंग, इनार्चिंग तथा स्वयं पौधों पर वास्तविक कलम लगाने की जानकारी दी। उन्होंने कलम द्वारा फलदार पौधों की तरह-तरह की किस्में तैयार करने के गुर सिखाए।


जसपुर में बागवानी एवं नर्सरी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं एवं किसान।

इसके अलावा किसानों को सब्जी पौध तैयार कर आय बढ़ाने की तरकीब बताई। सहायक विकास अधिकारी नेहा वर्मा ने नर्सरी लगाने हेतु जमीन का चयन, सिंचाई व्यवस्था, सही समय पर फलदार पौधों में बडिंग की विधि बताई। साथ ही सही समय पर कीटनाशक एवं उर्वरकों का प्रयोग तथा मल्चिंग सीट के बारे में बताया। डॉ. सुखचरन सिंह ने नर्सरी तैयार करने के संबंध में जानकारी दी। प्रगतिशील किसान विश्वजीत सिंह द्वारा पॉलीहाउस में सब्जी एवं फूलों की खेती संबंधी जानकारी दी गई। एनआरएलएम के सलाहकार रावत सिंह ने नर्सरी के माध्यम से आमदनी बढ़ाने की सलाह दी। अंत में कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष मुख्तयार सिंह घुम्मन ने उद्यान विभाग द्वारा चलाए जा रही कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने की सलाह दी। ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक शंकर लाल कोहली ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर लोगों का आभार जताया।

### माइनिंग कंपनी की टीम पर हमले का प्रयास

**काशीपुर :** माइनिंग कंपनी की फ्लाइंग टीम पर रॉयल्टी चेकिंग के दौरान खनन वाहनों के चालकों, मालिकों व अन्य लोगों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया। साथ ही टीम के वाहन पर लाठी-डंडों से हमला कर पथराव किया। जिससे वाहन के शीशे टूट गये। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैलाश रिबर बैड मिनरल्स कंपनी के हाल निवासी सतीश कुमार ने आईटीआई थाने में तहरीर सौंपी। कहा कि 16 अगस्त की रात वह कंपनी की फ्लाइंग टीम के साथ लोहियापुल पर वाहनों की रॉयल्टी चेक कर रहे थे। इसी बीच बिना नंबर प्लेट के पांच वाहन आये। वाहनों को रोककर जब रॉयल्टी के बारे में पूछा तो वाहनों के चालक, मालिकों के साथ 15-20 अज्ञात लोगों ने टीम की कार पर लाठी-डंडों के साथ ही पथराव कर दिया। जिससे गाड़ी के शीशे टूट गये। आरोपियों ने जानलेवा हमले का प्रयास कर कार की चाबी भी छीन ली। टीम ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस को घटना की वीडियो रिकार्डिंग भी दी गई है।

## सार-संक्षेप


जसपुर में मां हिडम्बा देवी के मंदिर में भंडारे में भोजन ग्रहण करते श्रद्धालु।

### मां हिडम्बा देवी के मंदिर में भंडारे का आयोजन

**जसपुर** :जसपुर क्षेत्र के गांव गोरा फॉर्म स्थित मां हिडम्बा देवी के ऐतिहासिक मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर मंदिर में माथा टेका और उसके बाद भंडारे में प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया । यह भंडारा जसपुर निवासी धर्मवीर नेता कारीगर ने अपने खर्चे पर कराया। भंडारे के आयोजन में मंदिर के सेवादारों ने पूर्ण सहयोग दिया । इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, अशोक खन्ना, राजकुमार चौहान, अभिषेक चौहान,र सर्वजीत सिंह छब्बा, मनोज कुमार त्यागी, मोहित त्यागी, राधे सिंह प्रजापति, योगेंद्र सिंह, महेश प्रजापति, अनिल नगर, अंकुर सक्सेना, विनोद प्रजापति, विशाल कश्यप आदि मौजूद रहे ।


देहरादून में सम्मानित होते वन कर्मचारी। ● अमृत विचार

### खटीमा के रेंजर सहित छह वनकर्मी सम्मानित

**खटीमा** : प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन और प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव डॉ समीर सिंह द्वारा निर्धारित चयन समिति द्वारा राजकीय कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करने पर उत्कृष्ट कार्य के लिए खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी सहित छह वनकर्मियों को चयनित किया गया। इन्हें 78वें स्वतंत्रता दिवस पर वन मुख्यालय प्रांगण राजपुर रोड देहरादून में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद जोशी, डिप्टी रेंजर जागेश वर्मा, वन दरोगा भैरव सिंह बिष्ट, धन सिंह अधिकारी, वन आरक्षी रेखा, टीसी नबी अहमद को शाल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वन विभाग उत्तराखंड के इतिहास में यह पहला मौका है कि जब एक ही रेंज के छह कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया हो।

### बैगुल नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत

**सितारगंज** : ग्रामीण की शनिवार रात को नदी में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीण निराश्रित पशुओं को अपने खेत से भागकर नदी पार भेज रहा था। एसएसआई कविंद्र शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात में पुलिस को गोठा में बैगुल नदी में शव होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने बताया कि 35 वर्षीय सीताराम निवासी सिंधी झाला गोठा शनिवार को उसके खेतों में चर रहे निराश्रित जानवरों को भागकर दूर ले जा रहा था। उसके बाद सीताराम नहीं मिला। ग्रामीण व परिजन सीताराम को खोजते रहे। रात 10 .15 बजे सीताराम का शव बैगुल नदी में मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। रविवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। सीताराम के भतीजे अजय कुमार ने बताया कि सीताराम बैगुल डाम के पास समोसे की दुकान लगाते थे।

### भाजपा नेता को राखी बांधकर बहनों ने लिया रक्षावचन

**सितारगंज** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखदेव सिंह के आवास पर पहुंचकर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और एकल परिवार की बहनों ने रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान उन्होंने समस्त बहनों को उपहार भेंट किया। इस दौरान बहनों ने सुखदेव सिंह को रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई खिलाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, वरिष्ठ भाजपा नेता पलविंदर सिंह औलख, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, राकेश त्यागी, दीपक गुप्ता, पंकज गहतोड़ी, दयानंद तिवारी, परवेज पटौदी, चन्दन कश्यप, जया जोशी, श्याम सुंदर गोगना, जसपाल कोहली, सतीश उपाध्याय, सुरेश तनेजा, राधेश्याम सागर आदि मौजूद थे।

### भारी वाहनों पर रोक को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**काशीपुर** : जर्जर हो चुके हल्दुआ साहू-बाबर खेड़ा लिंक मार्ग का पुनर्निर्माण करने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही टोल प्लाजा से बचने के चक्कर में भारी वाहनों की गांव से आवाजाही रोकने की मांग की। वहीं भाजपा नेता अमित नारंग के 22 अगस्त तक सड़क के गड्ढे भरने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। रविवार को हल्दुआ टोल प्लाजा के पास ग्राम हल्दुआ साहू, श्याम नगर व बाबरखेड़ा के ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हल्दुआ साहू-बाबरखेड़ा लिंक मार्ग करीब पांच किमी लंबा है। जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में बनाया गया था। आरोप लगाया कि सड़क मानकों के अनुरूप न बनने के कारण सड़क एक साल के अंदर क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की मांग पर वर्ष 2022 में सड़क की मरम्मत कराई गई और केवल पैच वर्क कर छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि टोल प्लाजा से बचने के चक्कर में बड़े वाहन इस सड़क से गुजरते हैं। जिससे सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जानबूझकर गांव की सड़क की अनदेखी कर रही है। धरने की सूचना पर भाजपा नेता अमित नारंग मौके पर पहुंचे और उन्होंने 22 अगस्त तक सड़क के गड्ढे भरने का आश्वासन दिया। यहां सौरभ खुराना, सचिन खुराना, संदीप अरोड़ा, प्रिंस अरोरा, विकास वाल्मीकि, नीरज शर्मा, शिवम शर्मा, नरेश कुमार, यशपाल सिंह, शेर संधू, वैभव बाटला आदि मौजूद रहे।

# पानी निकासी के पाइप हटाने को लेकर प्रदर्शन

## नगर पंचायत की ओर से दिनेशपुर- सुंदरपुर मार्ग के मध्य नगर के पानी की निकासी के लिए डाला गया है पाइप

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत द्वारा दिनेशपुर से सुंदरपुर मार्ग के मध्य नगर का पानी निकासी के लिए मार्ग के मध्य दो फीट ऊंची पाइप डालने से मार्ग पर ऊंचा ब्रेकर होने से आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही थी। लोगों का आरोप था कि पाइप सड़क से काफी ऊंची होने पर ठेकेदार द्वारा ढलान नहीं बनाया गया है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

रविवार को वार्ड -7 व 9 के गुस्साए लोगों ने सड़क पर पाइप हटाने को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता हिमांशु सरकार के मार्ग से पानी निकासी को डाली गई पाइप नगर प्रशासन से शीघ्र हटवाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए। इस मौके पर अनुपम राय, उत्तम मंडल, महेश विश्वास, गोविंद मंडल, तृप्ति सिकंदर, निशा सिकंदर, रेणुका राय, राखी मंडल, कविता साना, सरस्वती सिकंदर, नारायण मंडल, गौतम विश्वास, मिथुन बैरागी आदि थे।


दिनेशपुर- सुंदरपुर मार्ग के मध्य डाले गए पाइप को हटाने के लिए प्रदर्शन करते लोग।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी।

# जल संस्थान ने पांचवें दिन पेयजल व्यवस्था की सुचारू

खबर का असर

**दिनेशपुर** : तीन दिन पेयजल सप्लाई ठप रहने पर कनेक्शन धारकों ने चक्कीमोड़ में प्रदर्शन कर 24 घंटे में पेयजल सुचारु करने एवं पांचवें दिन कनेक्शन कटवाने की चेतावनी दी थी। खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने पर जल संस्थान विभाग में हड़कंप मंच गया।जल संस्थान के जेई मनोज बरगली व जल जीवन मिशन के जेई रोशन नयाल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर कार्य करवाते हुए शनिवार को पंप हाउस चक्कीमोड़ में खराब सबमर्सिबल मोटर को हटाकर नई मोटर लगवाकर देर रात पेयजल सप्लाई सुचारू कराई। शुक्रवार को जल संस्थान ने नगर के मुख्य चौक सुभाष चंद्र बोस चौक पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए देर सायं तक मरम्मत की। पांच दिन बाद पेयजल सुचारू होने पर कनेक्शन उपभोक्ताओं व लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर किसान नेता चंचल सिंह देऊपा,कांग्रेस नेता ललित खोलिया, गुलशन कुमार, गोवर्धन आर्या, मक्खन राजपूत, वीरेंदर आर्या, महेश बुधौरी, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, गगन राजपूत, चंद्रमणि देवराड़ी, हरीश खोलिया, पप्पू राजपूत, दीपू बिष्ट, वीर सिंह आदि मौजूद थे।

### बिजली कटौती, मरम्मत न होने से गुस्साये उपभोक्ता

**सितारगंज** : बिजली कटौती और फाल्ट से उपभोक्ता त्रस्त हैं। नगर के वार्ड दो में शनिवार की रात नौ बजे स्पार्किंग के बाद बिजली गुल हो गई। करीब तीन घंटे तक प्रयास के बाद भी मरम्मत नहीं होने से नाराज वार्ड के लोग ऊर्जा निगम के आफिस पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे तक हंगामे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हुई। भाजपा नेता राकेश त्यागी ने बताया कि शनिवार की शाम जेल कैम्प रोड पर तारों में स्पार्किंग होने लगी। आग लगातार फैल रही थी। विभाग ने बिजली काट दी, ताकि आग नहीं फैले। वार्डवासियों ने जेई को फोन कर मरम्मत कर बिजली आपूर्ति सुचारू करने की मांग की, लेकिन विभाग की ओर से लाइन रिपेयरिंग के लिए कोई नहीं आया। वार्डवासियों ने बताया कि पांच दिन से लगातार स्पार्किंग होने से रोजाना घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ऊर्जा निगम की ओर से किसी के नहीं पहुंचने पर आधी रात को वार्ड के लोग ऊर्जा निगम पहुंच गए। रात में ऊर्जा निगम में कोई मौजूद नहीं था। इसपर लोगों का पारा चढ़ गया। भाजपा नेता राकेश त्यागी भी बिजली घर पहुंच गए। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर भाजपा नेता सुखदेव सिंह और दूसरे कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराया। रात करीब डेढ़ बजे आपूर्ति सुचारू होने पर वार्ड के लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

### 12 दिन से गुर्जर युवक लापता

**जसपुर:** पतरामपुर से करीब 6 किलोमीटर दूर कालू सैयद की मजार के पास जंगल की अमानगढ़ रेंज निवासी गुर्जर युवक इरफान पुत्र गुलाम मुश्तफा विगत 6 अगस्त से घर से लापता है। परिजनों द्वारा काफी तलाश किये जाने के बावजूद उसका रविवार तक कहीं कोई पता नहीं चल पाया।


इरफान।

# 4270 ने दी सहायक अध्यापक की परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से आयोजित सहायक अध्यापक (एलटी) की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। जनपद में परीक्षा के लिए बनाये गये 12 परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत 4953 अभ्यर्थियों में से 4270 ने परीक्षा दी, जबकि 683 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा को लेकर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

रविवार को सुबह 11 बजे से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर, गोविंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर, किसान इंटर कॉलेज लालपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड रुद्रपुर, अटल उत्कृष्ट एएनझा राजकीय इंटर कालेज, भंजूराम अमर इंटर कॉलेज भूरारानी रुद्रपुर, राजकीय इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श कॉलोनी, कोलम्बस पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज नैनीताल रोड, कृष्णा इंटर कॉलेज इंदिरा कालोनी, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भगवानपुर बागवाला में सहायक अध्यापक की परीक्षा आयोजित हुई। अभ्यर्थियों को सुबह साढ़े 9 बजे से प्रवेश करने का समय दिया गया था। इस कारण अभ्यर्थी तय समय से पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गये थे। मुख्य गेट पर अभ्यर्थियों की चेकिंग करने के बाद परीक्षा कक्षों में प्रवेश करने की अनुमति दी गयी। वहीं नोडल अधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है।


नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर किसी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने की जरूरत नहीं समझी। जसपुर का प्रवेश द्वार माने जाने वाले स्थान सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित है। ● सुशील चौहान

# खटीमा में बाढ़ के बाद कूड़े से पटे पड़े हैं किसानों के खेत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** 8 अगस्त की बाढ की विभीषिका में सर्वाधिक नुकसान आम जनता के साथ ही किसानों का हुआ है। जिसमें ग्राम पहेनियां के किसानों को अधिक नुकसान झेलना पड़ा है। यहां कई किसानों की 25 एकड़ भूमि पर खड़ी धान की फसल सिल्ट एवं ट्रंचिंग ग्राउंड से बहकर आए कूड़े से पट गई है।

कैनाल विभाग बनबसा उत्तर-प्रदेश द्वारा पहेनियां ग्राम में नहर के टूटे बंधे को दुरुस्त कर लिया गया है। कैनाल विभाग की नदन्ना नहर के बरसात के पानी से ओवर फ्लो होने से पहेनियां नहर पर बने रपटे के 11ह्यूम पाइपों से बरसाती पानी की निकासी नहीं हो सकी। इस दौरान लोहिया एवं प्रवीण नदी भी उफान पर रही। जिससे नहर का तटबंध टूट गया। यहां किसानों के खेतों में नहर की सिल्ट व ट्रंचिंग ग्राउंड का कूड़ा खेतों में पट गया। पहेनियां के ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष संजीव राणा बताते हैं कि नहर का बंधा टूटने से पूर्व प्रधान भुवन सिंह राणा, करम सिंह राणा, सुभाष सिंह राणा, नैन सिंह मुखिया, वीरेंद्र सिंह, चरण सिंह आदि कई किसानों की लगभग 25 एकड़ धान के खेत में सिल्ट भर गई। ग्राम प्रधान राणा ने बताया कि इस नुकसान का सर्वे हो चुका है।

तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि नहर के टूटने से हुए नुकसान का सर्वे हो चुका है। सर्वे में कृषि, सिंचाई तथा राजस्व विभाग की टीमें सम्मलित थीं। सर्वे रिपोर्ट कृषि विभाग के अधिकारियों के पास है, जो उचित कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजेंगे। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता आनंद सिंह नेगी ने बताया कि टूटी नहर की मरम्मत का इस्टमेट तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। उन्होंने सिंचाई नहर का 60 से 70 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एमसी पलडिया बताते हैं कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पहेनियां नहर पर पुल निर्माण होना है। इसका इस्टीमेट सरकार को भेजा गया है। इस स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रपटा बनाया गया है। उत्तर प्रदेश केनाल विभाग बनबसा के अवर सहायक अभियंता नवाज शरीफ ने बताया कि पहेनियां पुल के पास नहर का बंधा ओवरफ्लो एवं पानी की निकासी अवरुद्ध होने से टूट गया है। टूटे हिस्से को फिलहाल दुरुस्त कर दिया गया है।


खेत में भरा कूड़ा और पानी। ● अमृत विचार

## वर्ग पहेली-165

**बाएं से दाएं**

2.1.तरंग, लहर, हिलोर 2.मन की तरंग, उमंग 3.सुख, आनंद 4.समृद्धि।(मु.) -में आना : उमंग या मस्ती में आना।

5.1.जहां अपाहिजों व दरिद्रों को मुफ्त में दवा या भोजन इत्यादि दिया जाता है 2.मोहताजखाना, अनाथाश्रम 3.लंगर, अन्नसत्र।

7.1.रंगबिरंगा, तरह-तरह के रंगोंवाला, अनेक रंगों का 2.विविधतापूर्ण।

6.(रामायण) रघुकुल में उत्पन्न एक प्रसिद्ध राजा, काकुत्स्थ।

8.1.रंगीन होने की अवस्था या भाव, रंगीलापन 2.सुखद और सुंदर परिस्थिति 3.शृंगार, सजाव 4.सौंदर्यछटा।


9.एक जाति जो बाल काटने तथा विवाह आदि तय कराने का काम करती है, हज्जाम।

**ऊपर से नीचे**

1.बारह माह का समय, वर्ष, बरस।

3.पानी की लहर या धारा।

4.चिकना होने की अवस्था या भाव, चिकनाई, चिकनाहट।



## वर्ग पहेली -164 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सु | ■ | ■ | 2 न | ■ | ■ |
| 3 न | सी | ब | व | र | ■ |
| ना | ■ | ■ | यु | ■ | ■ |
| ■ | 4 भ | या | व | 5 ह | ■ |
| 6 हाँ | क | ■ | 7 क | र | ई |
| ■ | भ | ■ | ■ | फ़ | ■ |
| 8 लो | क | री | ति | ■ | ■ |

## सुडोकू -78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | 8 | 4 | | |
| 2 | | 4 | | | 1 | 6 | | |
| 1 | 5 | | | 3 | | | | 7 |
| | 2 | | | | 5 | | 8 | 9 |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| 5 | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| 6 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | | 1 | 6 | | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 9 | 4 | | | | |

## सुडोकू -77 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 23 .55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 08 .10 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष**: आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। घर की साज-सजावट पर खर्च करेंगे। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अच्छे अवसर मिलेंगे। नई नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। विद्वान जनों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष**: आज विदेश यात्रा आपके लिए काफी उत्तम रहेगी। नए कार्यों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। आपका मन काफी प्रसन्न रहने वाला है। दांपत्य संबंध काफी मधुर रहने वाला है। अनचाहे भय से व्याकुल हो सकते हैं।

**मिथुन**: आज ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। थकान और कमजोरी महसूस होगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। व्यापार में नकदी की समस्या हो सकती है।

**कर्क**: आज कई दिनों से रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। उच्चाधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होता रहेगा। बेरोजगारों को नौकरी संबंधी साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। प्रेम संबंध वैवाहिक संबंधों में परिणित हो सकते हैं।

**सिंह**: आज क्रोध के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दोस्तों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार में आपको शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। कानूनी मामलों का समाधान निकाल सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या**: आज मित्रों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा हो सकती है। मेहनत से आपको पीछे नहीं हटना चाहिए। दूसरों के मामलों में जबरदस्ती हस्तक्षेप न करें। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आप लोगों की सहायता करने का अवसर नहीं चूकेंगे।

**तुला**: आज व्यवसाय में कुछ तकनीकी अवरोध आ सकते हैं, लेकिन उन्हें आप जल्द सुलझा लेंगे। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। काम की अधिकता के कारण परिवार को पूरा समय नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक**: आज सेहत को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। इसके लिए आप नित्य व्यायाम करने का भी संकल्प ले सकते हैं। सुबह से ही आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। समाज में अपनी तार्किक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

**धनु**: आज व्यापार में अचानक उलटफेर का सामना करना पड़ सकता है। भविष्य की योजनाओं को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त पड़ेगा। किसी को वचन न दें वरना परेशानी में फंस सकते हैं।

**मकर**: आज लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकता है। पुरानी बातों को लेकर ज्यादा परेशान न हों। व्यापार में साझेदारों के बीच तालमेल की कमी दूर कर लेंगे। जिस कार्य के लिए आप लंबे समय से प्रयासरत थे वो पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ**: आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर चिंता हो सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपसे कुछ चूक हो सकती है। क्रोध व उत्तेजित होकर किसी से बात न करें। प्रतियोगी परीक्षा में आपको आशा से उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**मीन**: आज व्यापार में नकदी की समस्या का समाधान होगा। प्रेमी जन आपको करियर और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का आनंद लेंगे। आप अपने घर पर समय बिताना ज्यादा पसंद करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
देवता — सुबह : 09 .00
घोस्ट — रात : 09 .00

&pictures
वलाटी — सुबह : 11 .28
पलटन — रात : 08 .00

Sony Pix
जस्टिस लीग — दोपहर : 12 .18
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

Zee Cinema
रक्षा बंधन — सुबह : 11 .24
स्कंदा — रात : 08 .00

Colors Cineplex
हसीं तो फंसी — सुबह : 10 .17
पॉवर अनलिमिटेड — शाम : 05 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर सुबह : 11 .24 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

### मुख्यमंत्री धामी होंगे पाषाण युद्ध के साक्षी, फूल और फूलों से होगी बग्वाल, इस प्राचीन परंपरा को देखने के लिए पहुंचेंगे हजारों लोग

# देवीधुरा स्थित मां वाराही मंदिर में आज खेली जाएगी बग्वाल

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर


मां वाराही मंदिर में बग्वाल युद्ध को जाते योद्धा। (फाइल फोटो)


देवीधुरा मां वाराही मंदिर में बग्वाल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** चम्पावत के देवीधुरा के मां वाराही मंदिर में बग्वाल मेले का शुभारंभ हो गया है। मेले का मुख्य आकर्षण पाषाण युद्ध 'बग्वाल' रक्षाबंधन पर्व पर सोमवार 19 अगस्त को खेली जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि के साथ इस युद्ध के साक्षी बनेंगे। जिला पंचायत द्वारा संचालित मेले में रक्षाबंधन पर इस बार लाखों दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

टनकपुर से 132 किलोमीटर दूर चम्पावत के पाटी ब्लॉक के देवीधुरा में मां वाराही मंदिर के खोलीखांड दुबाचौड़ में हर साल अषाढ़ी कौतिक पर रक्षाबंधन के दिन बग्वाल होती है। पत्थर से शुरू यह बग्वाल हाई कोर्ट के आदेश के बाद वर्ष 2013 से फल फूलों से खेली जाती रही है। बग्वाल युद्ध में 4 खामो चम्याल, गहरवाल, लमगड़िया और वालिग के अलावा सात थोकों के योद्धा भाग लेते हैं। रक्षाबंधन पर्व पर यहां देश ही नहीं विदेश से भी दर्शक मेले में पहुंचते हैं। इस मेले का ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है। रक्षाबंधन पर खेली जाने वाली बग्वाल आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बग्वाल मेल को पूर्व में राजकीय मेला घोषित किया जा चुका है। साथ ही स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन विभाग भी देवीधुरा को पर्यटन मानचित्र में लाने के लिए विशेष पहल कर रहा है। इस बार यह मेला 16 से 26 अगस्त तक चलेगा।

इधर मां वाराही धाम के पीठाचार्य पंडित कीर्ति बल्लभ जोशी और मां वाराही मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट का कहना है कि इस बार रक्षाबंधन पर्व पर लाखों दर्शकों के यहां पहुंचने की उम्मीद है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन और जिला पंचायत द्वारा सुरक्षा समेत तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### बलि प्रथा का विकल्प है बग्वाल

**टनकपुर, अमृत विचार :** चारों खामों के लोग पूर्णिमा के दिन पूजा-अर्चना के बाद बग्वाल खेलते हैं। किवदंति है कि पूर्व में यहां नरबलि देने का रिवाज था। लेकिन जब चम्याल खाम की एक बुजुर्ग महिला के एकमात्र पौत्र की बलि देने की बारी आई तो वंश का नाश होने के डर से बुजुर्ग महिला ने मां वाराही की तपस्या की। तप से देवी मां के प्रसन्न होने पर वृद्धा की सलाह पर चारों खामों ने आपस में युद्ध कर इस परंपरा को आगे बढ़ाने की बात मान ली और तब से ही बग्वाल का यह सिलसिला चला आ रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली को कार्मिक हुए मुखर


द्वाराहाट में रविवार को विधायक मदन बिष्ट को ज्ञापन सौंपते कार्मिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक-कर्मचारी मुखर हो गए है। रविवार को कार्मिकों ने द्वाराहाट विधायक मदन बिष्ट को ज्ञापन सौंप गैरसैंण विधानसभा सत्र में मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की मांग रखी।

ज्ञापन में कहा कि लंबे समय से एनएमओपीएस पुरानी पेंशन बहाली की शासन प्रशासन से मांग उठा रहा है। लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। जिससे कार्मिकों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहन जोशी, नंद बल्लभ मैनाली, गोपाल कृष्ण आर्या, गणेश भट्ट, डॉ. बलवंत अधिकारी, प्रीति अधिकारी, पूजा गोस्वामी, भावना हरबोला, दीपा नेगी, निरंजन कुमार, पुष्कर कुंवर, जीवन मेहरा आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### खैरना पुल के नीचे पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

**रानीखेत :** रानीखेत खैरना पुल के नीचे बुजुर्ग को पड़ा देख शिक्षक ने पुलिस को सूचना दी। चिकित्सालय में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। शुक्रवार सुबह भवाली-अल्मोड़ा हाईवे के खैरना स्थित रानीखेत पुल के नीचे कोसी नदी किनारे एक बुजुर्ग व्यक्ति अचेत पड़ा मिला। सूचना मिलने पर खैरना चौकी प्रभारी धमेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को सीएचसी गरमपानी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंदेशा जताया जा रहा है कि बुजुर्ग की नदी किनारे फिसलकर मौत हुई है। बुजुर्ग के सिर पर चोट है। बुजुर्ग ताड़ीखेत ब्लॉक के चापड़ गांव का रहने वाला था। उनकी पहचान गोधन सिंह (68) पुत्र दीवान सिंह के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि बुजुर्ग मछली पकड़कर जीवन यापन करते थे। तथा गुरुवार से अपने घर नहीं पहुंचे थे।

### गरुड़ में पागल कुत्तों का आतंक, कई लोगों को काटा

**बागेश्वर :** गरुड़ में पागल कुत्तों का आतंक बना हुआ है। अब तक पागल कुत्ते कई लोगों को काट कर घायल कर चुके हैं। गरुड़ में पागल कुत्ते ने एक ही दिन में पांच लोगों को काट दिया। क्षेत्र में पागल कुत्तों के आतंक से लोगों में दहशत है। दो दिनों में पागल कुत्ते ने पांच लोगों पर हमला कर दिया। बीते दो दिनों में कुत्ते ने पचना निवासी कुंदन सिंह, बालिका ऐश्वर्या निवासी गढ़सेर, 14 वर्षीय विनय पाठक निवासी गागरीगोल, टीटबाजार निवासी 35 वर्षीय कमला देवी को काट लिया। सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में इलाज किया गया। सिविल सोसायटी के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी, हरीश जोशी, मोहन नेगी आदि ने पागल कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। साथ ही चिकित्सालय में रेबीज के इंजेक्षन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भीड़ी में गरारी लगाने के मामले की जांच हो

**बागेश्वर।** तहसील के भीड़ी में गरारी लगाने के मामले की जांच की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों ने खान मालिक को प्रशासन द्वारा शह देने का आरोप लगाया है। ग्रामीण माधवानंद पांडे, नीरज पांडे, पार्वती आदि ने बताया कि भीड़ी में खान मालिक ने गरारी लगाई है। जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है व मानकों का उल्लंघन हो रहा है। बताया कि खान विभाग, उपजिलाधिकारी व प्रशासन द्वारा कहा जाता है कि उनके द्वारा गरारी की अनुमति नहीं है। साथ ही एनजीटी के अधिकारियों द्वारा भी यह बात कही गई है। परंतु संपर्क करने पर उनके द्वारा अनुमति न दिए जाने की बात कही जाती है। उन्होंने गरारी निकालने व कार्रवाई करने की मांग की है।

### अब आंचल के हर पैक में मिलेगा अतिरिक्त दूध

**अल्मोड़ा :** रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार को ध्यान में रखते हुए दुग्ध संघ ने हर पैकेट में दूध की अतिरिक्त मात्रा प्रदान करने का निर्णय लिया है। हालांकि दूध की दरों में कोई परिर्वतन नहीं किया गया है। लेकिन दूध की मात्रा हर पैकेट में 500 मिली कर दी है, जो कि पूर्व में 450 मिली और 400 मिली थी। दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया ने बताया कि रक्षा बंधन पर्व पर अतिरिक्त दूध मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले टोंड 400 मिली दिया जा रहा था जो अब उन्ही दरों पर 500 मिली उपभोक्ता को दिया जा रहा है। इसी पकार स्टैंर्ड दूध 450 मिली था। जिसको भी 500 मिली कर दिया है। वहीं फुल क्रीम 450 मिली दिया जा रहा था, जिसको भी अब 500 मिली में दिया जा रहा है। बताया कि रक्षा बंधन पर किसी भी क्षेत्र में दूध कम ना हो इसकी पूरी व्यवस्था कर ली गई है। बताया कि मिल्क एटीएम में भी अतिरिक्त दूध विक्री को उपलब्ध कराया जाएगा।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार गंभीर : सीएम

### अमोड़ी में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में बहनों ने बांधी सीएम पुष्कर सिंह धामी की कलाई पर राखी, दीर्घायु की कामना की

संवाददाता, टनकपुर


बनबसा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोरदार स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार


सीएम की कलाई पर राखी बांधती जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बहनों ने राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिला लाभार्थियों को सम्मानित किया।

रविवार को अमोड़ी व बनबसा में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी तथा उनके उज्जवल जीवन की कामना की। अमोड़ी में कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने जिला खनन न्यास निधि से पशुपालन विभाग को उपलब्ध कराई गई एक एंबुलेंस तथा पुलिस विभाग को आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उपलब्ध कराई गईं तीन मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को रक्षाबंधन की बधाइयां व शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखियां बांधी। मुख्यमंत्री धामी ने महिलाओं व बहनों की रक्षा के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने की बात कही। इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी का जनपद आगमन पर जिलाधिकारी नवनीत पांडेय सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, स्थानीय महिलाओं ने स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, रेनू देवी, दीपा जोशी, किरण बोहरा, नेहा चौहान सहित अन्य महिलाओं ने सीएम धामी की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। डिग्री कॉलेज अमोड़ी, राजकीय इंटर कॉलेज तथा पीडीपी की छात्राओं तथा सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया

**टनकपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के अमोड़ी में उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों विजय प्रकाश को 10 लाख रुपये, प्रिया आर्य को 9 .50 लाख रुपये, दुधारू पशु गाय पालन के लिए अमोड़ी की दीपा देवी, जसली देवी, प्रीति भट्ट, स्वाला की देवकी देवी, मीना देवी को मध्यकालीन ऋण अंतर्गत एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल मेहरा, ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी, लोहाघाट नेहा ढेक, पाटी सुमनलता, बाराकोट विनीता फर्त्याल, सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र धूरा दीपा जोशी, ग्राम प्रधान अमोड़ी लाल मणि भट्ट, छटकोट विजय राणा, नवीन भट्ट, प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, हेमा जोशी, हरीश भट्ट, हर्षवर्धन सिंह रावत, सुंदर बोहरा, मुकेश कलखुड़िया, डीएम नवनीत पांडे, एसपी अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार सिंह, एडीएम हेमन्त कुमार वर्मा, एसडीएम चंपावत सौरभ असवाल, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय केदार सिंह बृजवाल, सीओ वंदना वर्मा, विमी जोशी आदि मौजूद रहे।

### अमोड़ी में मुख्यमंत्री ने कीं ये पांच घोषणाएं

1- बेलखेत में बाढ़ सुरक्षा का कार्य का किया जाएगा।
2- राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी की सुरक्षा के लिए बाढ़ सुरक्षा के लिए कार्य किया जाएगा।
3- बेलखेत झूला पुल का निर्माण किया जाएगा।
4- टनकपुर स्टेडियम का नाम पूर्व विधायक स्वर्गीय कैलाश गहतोड़ी के नाम पर रखा जाएगा।
5- भारतीय सेना के शहीद कमांडो नवीन सिंह बिष्ट के नाम से ग्राम पंचायत दुधौरी के खरकोडी मार्ग को जाना जाएगा।


अल्मोड़ा में सेना के गोरखा हॉल में रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौजूद जवान और महिलाएं।

# महिला कल्याण संस्था ने सैनिकों को बांधी राखी

**▶▶ अल्मोड़ा में राजपूताना रेजीमेंट के गोरखा हॉल में हुआ भव्य कार्यक्रम**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** महिला कल्याण संस्था की महिलाओं ने अल्मोड़ा के गोरखा हॉल में सेना के जवानों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस दौरान महिलाओं ने राजपूताना रेजिमेंट के जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की। जवानों ने महिलाओं को देश व उनकी रक्षा का वचन दिया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सेना के अधिकारियों समेत कई जवानों को तिलक किया। आरती उतारने के बाद जवान भाइयों की कलाई में भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक राखी बंधन किया। महिलाओं ने कहा कि सेना के जवानों के हाथों में राखी बांधने से उन्हें गर्व है। अध्यक्षता करते हुए संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने कहा कि जवानों के लिये संस्था की ओर से तीन हजार राखियां भेजी गई थी। सेना के अधिकारियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर यहां पुष्पा सती, ममता चौहान, अनीता रावत, रमा जोशी, राधिका जोशी, मंजू रावत, सरला बिष्ट, अनुराधा, रेखा, दीपा, ऋचा दुर्गापाल, हेमा, कंचन, विमला, मिनाक्षी, पुष्पा, पूनम, आरती, चंद्रा आदि महिलाएं मौजूद रही।

### रक्षाबंधन के दिन बंद रहेगा अल्मोड़ा बाजार

नगर व्यापार मंडल ने रक्षाबंधन पर्व पर 19 अगस्त यानि आज बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि राखी समेत जरूरी सामग्री की दुकानों को छोड़कर रक्षाबंधन पर्व पर नगर की अन्य दुकाने बंद रहेंगी।

# पेयजल की योजनाओं में अनियमितता का आरोप

**▶▶ जल्द योजनाओं का सुधारीकरण न होने पर अनशन पर बैठने की दी चेतावनी**

संवाददाता, अल्मोड़ा


गोविंद सिंह कुंजवाल।

**अमृत विचार:** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और जागेश्वर के पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल ने लमगड़ा क्षेत्र में पंपिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाया। जल्द योजनाओं का सुधारीकरण और नियमानुसार निर्माण कार्य नहीं होने पर अनशन में बैठने की चेतावनी दी।

रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए कांग्रेस शासन काल में उनकी तरफ से कई योजनाएं स्वीकृत की गई। लेकिन भाजपा सरकार योजनाएं अधर में लटक गई है। आरोप लगाया कि कपकोट-लमगड़ा और खड़का-मोतियापाथर पेयजल योजनाओं में भारी अनियमितताएं बरती गई है। कहा कि जिस स्थान पर पंप लगने थे वहां नहीं लगाए गए हैं। इससे गर्मी के सीजन में लोगों को फिर से पेयजल संकट झेलना पड़ेगा। कहा कि योजनाओं के तहत नजदीकियों को फायदा दिलाने के लिए उल्टा कार्य किया गया है। कहा कि जड़ में कोई कार्य नहीं किया गया। जिससे आने वाले दिनों में ये योजनाएं सफल नहीं होगी।

### मुख्य बाजार में गैस वितरण से खुशी

**अल्मोड़ा :** देवभूमि व्यापार मंडल की पहल पर अल्मोड़ा मुख्य बाजार में पहली बार रविवार को घरेलू और वाणिज्य गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। इससे व्यापारी खुश हैं।

गैस एजेंसी की ओर से गैस सिलेंडर वितरण के लिए तीन स्थान चयनित किये गए हैं। लंबे समय से व्यापारी व स्थानीय निवासी मुख्य बाजार में गैस सिलेंडर वितरण की मांग कर रहे थे। इधर, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए कुछ अन्य जगह पर गैस वितरण करने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी से अनुरोध किया जाएगा। यहां नगर अध्यक्ष संजय साह, दीप जोशी, वंदना वर्मा, हिमांशु बिष्ट, हिमांशु कांडपाल, अमन, दिनेश, नीरज थापा, प्रमोद कुमार, मनीष, रोहित साह, राजेंद्र तिवारी, कमल बिष्ट, हरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पिकअप दुर्घटनाग्रस्त तीन सत्संगियों की मौत

**▶▶ हाईवे पर गर्रा पुल से पहले टोल के पास डिवाइडर से टकराई**

**▶▶ सीतापुर सत्संग में भाग लेने जा रहे थे जय गुरुदेव के अनुयायी**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हरिद्वार से सीतापुर जय गुरुदेव के सत्संग में शामिल होने जा रहे सत्संगियों की पिकअप पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में तीन सत्संगियों की मौत हो गई जबकि 15 घायल हो गए। पिकअप में 24 लोग सवार थे।

जय गुरुदेव के 24 अनुयायी रविवार सुबह छह बजे पिकअप से सीतापुर के नैमिषारण्य में सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। गर्रा पुल से पहले टोल टैक्स के निकट सड़क पर एक छुट्टे पशु को बचाने के चक्कर में पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ पहुंचे और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने राधेश्याम (50) निवासी बिहारगढ़ थाना मौरधा जिला मुजफ्फरनगर को मृत घोषित कर दिया। घायल वीरोमो (55) पत्नी बलवीर निवासी गोविंदगढ़ थाना लक्सर, हरिद्वार और नेत्रपाल (45) निवासी कलासिया थाना खानपुर, हरिद्वार की बरेली में मौत हो गई।

मुजफ्फरनगर के गांव भुआपुर निवासी विनीत, संगीता, हरिद्वार के मौनी, धमेंद्र, मंजू, दर्श, मखमली, मुजफ्फरनगर के मंगल, रुक्मणी, जयपाल को छुट्टी दे दी गई।

### गनियाद्योली में पेयजल संकट

**रानीखेत :** विकासखंड ताड़ीखेत के गनियादयोली में विगत 10 दिनों से पेंयजल संकट गहराया हुआ है। संबंधित विभाग से कई बार शिकायत करने के उपरांत भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिसके चलते लोगों में भारी रोष है।

जिला पंचायत सदस्य शोभा रौतेला के नेतृत्व में संयुक्त मजिस्ट्रेट से एक शिष्टमंडल मिला। चेतावनी दी कि जल्द पेयजल समस्या का समाधान न होने पर तहसील परिषद में आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि विगत 10 दिनों से क्षेत्र में पेयजल संकट मंडराया हुआ है। कई बार जल संस्थान से शिकायत भी की गई। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। कहां कि विगत दिनों ताड़ीखेत में हुई बीटीसी बैठक में भी इस समस्या को रखा गया। लेकिन पेयजल वितरण नहीं किया गया।

# अल्मोड़ा में 2801 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**▶▶ अल्मोड़ा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं परीक्षाए**

**▶▶ 3046 में से 245 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित**

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा जीआईसी में रविवार को परीक्षा देकर लौटते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को आयोजित सहायक अध्यापक (एलटी) की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 3046 अभ्यर्थियों में से 2801 ने परीक्षा दी, जबकि 245 ने परीक्षा छोड़ी।

रविवार को जिला मुख्यालय के 12 केंद्रों में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा से पूर्व जिले के सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। नगर के जीजीआईसी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर, अटल उत्कृष्ट राइंका, रैमजे इंटर कॉलेज, एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज और अल्मोड़ा इंटर कॉलेज, एसएसजे परिसर के केंद्र में परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व डीएफएमडी व एचएचएमडी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में 2801 ने परीक्षा दी। जबकि 245 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### सहायक अध्यापक (एलटी) की परीक्षा सम्पन्न

**चम्पावत :** रविवार को चम्पावत में उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक (एलटी) के पदों की लिखित परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा के जनपदीय नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी भगवत प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि आयोग द्वारा जनपद मुख्यालय में कुल 5 परीक्षा केंद्र क्रमशः राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कालेज, मल्लीकार्जुन स्कूल और उदयन इंटरनेशनल स्कूल बनाए गए थे। पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 919 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जबकि 81 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# 'मेरे गांव के फौजी' पुस्तक का लोकार्पण


ताकुला के राइंका नाई में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** ताकुला के राजकीय इंटर कॉलेज नाई में आयोजित कार्यक्रम में धूराफाट क्षेत्र के फौजियों पर केंद्रित पुस्तक 'मेरे गांव के फौजी' का लोकापर्ण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड नायब सूबेदार मोहन सिंह भंडारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव ने पूरे राष्ट्र में देशभक्ति का वातावरण तैयार किया है। हमें देश सेवकों के योगदान को कभी नहीं भुलाना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि हवलदार सेवानिवृत्त गुलाब सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य डा. पवनेश ठकुराठी, गणेश चंद्र शर्मा, अंकित जोशी, पूरन सिंह भंडारी, कमला देवी रहे।

## एक नजर

### केआरएन हीट एक्सचेंजर का आईपीओ सितंबर में संभव

**नई दिल्ली।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड अगले महीने अपना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) ला सकता है। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए रविवार को कहा कि आईपीओ से मिली राशि का इस्तेमाल विस्तार योजनाओं के लिए किया जाएगा। कंपनी ने शनिवार को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश से पहले 9 .54 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की। राजस्थान स्थित यह कंपनी हीट वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग के लिए फिन और हीट एक्सचेंजर बनाती है। मार्च में दाखिल किए गए विवरण पुस्तिका के अनुसार, कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 1.6 करोड़ इक्विटी शेयरों का निर्गम शामिल है। बाजार सूत्रों ने बताया कि कंपनी सितंबर में आईपीओ ला सकती है।

### हीरो मोटो कॉर्प को 17 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प को दिल्ली जीएसटी अधिकारियों से 17 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को दिल्ली सरकार के जीएसटी अधिकारी के कार्यालय से वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की अस्वीकृति के मामले में 17 अगस्त, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि नोटिस के अनुसार कर के रूप में 9,38,66,513 रुपये की मांग की गयी है। साथ ही ब्याज के रूप में 7,32,15,880 रुपये और जुर्माने के तहत 93,86,651 रुपये की मांग की है।

# अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने का बाजार पर रहेगा असर

## मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा

**मुंबई, एजेंसी**



● अमेरिकी की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में कमी के कारण बाजार की धारणा में हुआ सुधार

विश्व बाजार में जबरदस्त तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 730.93 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 80436.84 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 173.65 अंक यानी 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 24541.15 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 201.66 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 47393.93 अंक रहा। साथ ही स्मॉलकैप 242.72 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 53857.09 पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में गिरावट ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मंदी की आशंकाओं को कम करने में मदद की है। साथ ही अमेरिकी की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में कमी के कारण बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। बाजार पर इसका असर अगले सप्ताह भी कायम रहने की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई दर अनुमान से नीचे आ गई है, जो आशावाद का संकेत है। हालांकि, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट, कमजोर औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और पहली तिमाही की कॉर्पोरेट आय में नरमी जैसी चुनौतियों से स्पष्ट है कि बाजार में बढ़त सीमित रह सकती है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट होने से 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.93 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 588 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.64 अरब डॉलर हो गया।

## 2030 तक देश में एक लाख कंपनी सचिवों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वर्तमान में 73,000 में से 12000 कंपनी सचिव हैं कार्यरत

तेज आर्थिक वृद्धि और कंपनी संचालन पर बढ़ते जोर के बीच भारत को 2030 तक लगभग एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी। कंपनी सचिवों का शीर्ष निकाय आईसीएसआई ने यह कहा है।

वर्तमान में, 73,000 से अधिक कंपनी सचिव हैं और इनमें से लगभग 12,000 कंपनी सचिव कार्यरत हैं। कंपनी सचिव कंपनियों में विभिन्न सांविधिक जरूरतों का अनुपालन सुनिश्चित कर कॉरपोरेट संचालन ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को देखने के नजरिये में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और कंपनी सचिव भारत को दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक बनाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गये हैं। उन्होंने हाल ही में पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान कहा कि भारत को 2030 तक लगभग एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी। आईसीएसआई हर साल औसतन 2,500 से अधिक लोगों को सदस्यता देता है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार भारत के 2030 तक 7,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय की इस साल जनवरी में जारी रिपोर्ट में कहा गया था, वित्तीय क्षेत्र और हाल के तथा भविष्य के संरचनात्मक सुधारों के दम पर आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर रहेगी।

## अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़कर 241.6 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश जून में बढ़कर कुल 241.9 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा महीना है जब भारत ने अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़ाया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार जापान जून में 1,110 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की प्रतिभूतियों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। वहीं चीन 780.2 अरब डॉलर मूल्य की प्रतिभूतियों के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत जून में 241.9 अरब डॉलर के साथ 12वें स्थान पर रहा। मई में 237.8 अरब डॉलर था।

## भारत में कारोबार 10 अरब डॉलर के पार : यंग लियू

**श्रीपेरुंबुदुर, एजेंसी**

● फॉक्सकॉन ने अब तक भारत में 1.4 अरब डॉलर का निवेश किया

अनुबंध पर आईफोन का उत्पादन करने वाली फॉक्सकॉन का भारत में कारोबार 2024 तक 10 अरब डॉलर के पार हो गया है। कंपनी के चेयरमैन यंग लियू ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी के अनुसार, फॉक्सकॉन ने अब तक भारत में 1.4 अरब डॉलर का निवेश किया है।

लियू ने एजेंसी से कहा पिछले साल तक हमने 10 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार किया है। वह शनिवार को यहां फॉक्सकॉन के संयंत्र के पास कंपनी के केवल महिलाओं के लिए बने आवासीय परिसर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित लियू ने कहा कि देश की अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान उन्होंने कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की और महसूस किया कि भारत उन्नति की ओर अग्रसर है। इस वर्ष 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने के बाद लियू की यह पहली भारत यात्रा है।

## बीपीसीएल पांच साल में 1.7 लाख करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्ण कुमार ने कहा है कि कंपनी की अगले पांच साल में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। कंपनी यह निवेश अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन और ईंधन विपणन को बढ़ाने के साथ-साथ पेट्रोरसायन तथा हरित ऊर्जा जैसे नये क्षेत्रों में करेगी। बीपीसीएल के पास वर्तमान में देश की कुल तेल शोधन क्षमता का लगभग 14 प्रतिशत और ईंधन खुदरा नेटवर्क का लगभग एक चौथाई हिस्सा है।

## शीर्ष 10 कंपनियों में सात का बाजार पूंजीकरण 1.40 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे लाभ में रहीं

बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से 1,40,863.66 करोड़ रुपये बढ़ा। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की तेजी के साथ कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है। बेहतर कारोबारी उम्मीद के साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस सबसे लाभ में रहीं।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,477.33 करोड़ रुपये बढ़कर 15,97,946.44 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इन्फोसिस का 36,746.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,72,023.49 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का एमकैप 11,727.55 करोड़ रुपये बढ़कर 8,45,123.87 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,913.96 करोड़ रुपये बढ़कर 8,36,115.19 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का मूल्यांकन 8,569.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,399.10 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 5,311.4 करोड़ रुपये बढ़कर 20,00,076.41 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का एमकैप 117.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,926.13 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण 47,943.48 करोड़ रुपये घटकर 6,69,058.26 करोड़ रुपये पर रहा। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 13,064 करोड़ रुपये घटकर 12,43,441.53 करोड़ रुपये रहा।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार अली भाजपा में शामिल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार अली रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। अली ने कहा कि वह क्षेत्र में शांति और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ पार्टी में शामिल हुए हैं। केंद्रीय मंत्री जी . किशन रेड्डी और जितेंद्र सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने जम्मू स्थित मुख्यालय में अली का स्वागत किया। उन्होंने जोर दिया कि अली के आने से जम्मू-कश्मीर में पार्टी की जमीनी स्तर पर मौजूदगी बढ़ेगी। समर्थकों और नेताओं के साथ आए अली ने शांति और विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की।

# कोलकाता: डॉक्टरों ने निकाली विशाल विरोध रैली

## डॉक्टर्स फ्रंट ने भविष्य में चिकित्सकों के लिए न्यायिक समर्थन के लिए एक कानूनी सेल भी स्थापित किया

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के विरोध में रविवार को हजारों डॉक्टरों ने एक विशाल रैली निकाली। नवगठित पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने मध्य कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से उत्तरी भाग में श्याम बक्सर पांच-प्वाइंट क्रॉसिंग तक विरोध रैली का आयोजन किया।

डॉक्टर्स फ्रंट ने भविष्य में चिकित्सकों के लिए न्यायिक समर्थन के लिए एक कानूनी सेल भी स्थापित किया। रैली में शामिल लोगों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और वे बारिश और रास्ते में जलभराव की परवाह किए बिना कदम दर कदम मार्च कर रहे थे। फिलहाल, कोलकाता पुलिस ने मार्च करने वालों को हातिबागान मोड़ से आगे जाने से रोकने के लिए हातिबागान में लौह बैरिकेडिंग लगा दी।



कोलकाता में विरोध रैली निकालते डॉक्टर। ● एजेंसी

### महिला चिकित्सक पर हमले के बाद दो लोग हिरासत में

**मुंबई।** पुलिस ने नगर निकाय द्वारा संचालित सायन अस्पताल में रविवार तड़के एक महिला चिकित्सक के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद दो महिलाओं समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और उनमें से दो को हिरासत में ले लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपियों ने अस्पताल के एक वार्ड में महिला चिकित्सक पर उस समय कथित हमला किया, जब वह एक व्यक्ति का उपचार कर रही थीं।

### फैसले तक हड़ताल वापस नहीं लेंगे गोवा के चिकित्सक

**पणजी।** सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं रविवार को लगातार तीसरे दिन भी प्रभावित रहीं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने तक शुक्रवार से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस नहीं लेने का संकल्प लिया है। इससे पहले, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की गोवा इकाई के अध्यक्ष संदेश चूडांकर ने कहा था कि निजी चिकित्सकों ने 24 घंटे की हड़ताल कर रखी थी और सुबह छह बजे उन्होंने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

## पूर्व प्राचार्य की कॉल डिटेल और चैट चाहती है सीबीआई

**कोलकाता, एजेंसी**

● लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के समक्ष पेश हुए घोष

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी एक महिला चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या मामले की जांच के संबंध में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की कॉल डिटेल और चैट की जानकारियां जुटा रहे हैं। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के समक्ष पेश हुए घोष को अस्पताल में घटना से पहले और उसके बाद किए फोन कॉल की जानकारियां देने को कहा गया है।

उन्होंने बताया कि अधिकारी घोष की कॉल डिटेल और डेटा उपयोग की जानकारियां प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदाता से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं। सीबीआई ने शनिवार देर रात तक करीब 13 घंटे तक घोष से पूछताछ की थी। घोष रविवार सुबह 11 बजे सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई कार्यालय फिर से पहुंचे। सीबीआई अधिकारी ने एजेंसी से कहा, हमारे पास उनसे पूछने के लिए सवालों की एक फेहरिस्त है। उन्होंने बताया कि घोष को चिकित्सक की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी भूमिका स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि उन्होंने किससे संपर्क किया और (पीड़िता के) माता-पिता को करीब तीन घंटे तक का इंतजार क्यों कराया।

## लोक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़ा संविधान पर हमला : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कहा- लेटरल एंट्री के ज़रिए भर्ती कर एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार लोक सेवकों की भर्ती लोक सेवा आयोग की बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जरिए कर रही है और यह फर्जीवाड़ा होने के साथ ही संविधान पर हमला भी है।

गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ज़रिए लोक सेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के ज़रिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि टॉप ब्यूरोक्रेसी समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है।

### उत्सव की तैयारी



मुंबई : गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले एक कार्यशाला से भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते हुए भक्त। ● एजेंसी

## मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं : चंपई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● बोले- मुख्यमंत्री रहते हुए उनका अपमान किया गया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच रविवार को दिल्ली पहुंचे झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि उनके लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक विस्तृत लेख लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड का मुख्यमंत्री रहते हुए उनका अपमान किया गया।

उन्होंने कहा, झारखंड का बच्चा-बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने कभी भी, किसी के साथ ना गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच, हूल दिवस के अगले दिन, मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। सोरेन ने कहा, पूछने पर पता चला कि गठबंधन द्वारा तीन जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलाई गई है, तब तक आप मुख्यमंत्री के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। उन्होंने लिखा, क्या लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? सोरेन ने कहा, मुझे कभी भी सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता? अपनों द्वारा दिए गए दर्द को कहां जाहिर करता?

## उदयपुर में इंटरनेट सेवाएं रहीं बंद

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान के उदयपुर में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा अपने सहपाठी को चाकू घोंपने की घटना के बाद भड़के सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में रविवार को भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। इस बीच, हमले में घायल हुए छात्र के परिजन समेत बड़ी संख्या में लोग रविवार को यहां मुखर्जी नगर चौक पर एकत्र हुए और उन्होंने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय तक रैली निकाली। उन्होंने अस्पताल में छात्र से मिलने नहीं दिए जाने का आरोप लगाया।

उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा, कुछ भ्रम था कि परिवार के सदस्य घायल छात्र से नहीं मिल सकते लेकिन उन्हें मिलने की अनुमति है। घायल छात्र की हालत स्थिर लेकिन गंभीर है।

### सरकारी स्कूल में सहपाठी को चाकू मारने का मामला

#### विद्यालय में धारदार हथियार, नुकीली वस्तुएं लाना मना

**उदयपुर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशिष मोदी शनिवार को जारी निर्देशों में कहा कि विद्यालय में किसी भी प्रकार का धारदार हथियार, नुकीली वस्तुएं आदि लानी निषिद्ध रहेंगी। ऐसे किसी भी वस्तु का लाना एवं प्रयोग सुरक्षा और अनुशासन के नियमों का उल्लघंन मानते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कबीर की स्थापना तभी हुई जब हिंदी साहित्य की भूमिका लिखी गई

**संवाददाता, नई दिल्ली**

● स्मारिका और आचार्य द्विवेदी पर डॉ. नित्यानंद तिवारी द्वारा लिखी गई पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**अमृत विचार:** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी का मानना है कि कबीर की स्थापना तभी हुई जब हिंदी साहित्य की भूमिका लिखी गई, मध्यकालीन धर्म-साधना, नाथ संप्रदाय और कबीर जैसी पुस्तक लिखी गई। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को अपने नजरिए से देखा समझा और किताब लिखी।

डॉ. त्रिपाठी ने आचार्य द्विवेदी की 118वीं जयंती के अवसर पर साहित्य अकादमी के सभागार आयोजित व्याख्यान माला में उक्त बातें कहीं। व्याख्यान का विषय हजारी प्रसाद द्विवेदी के कबीर था। इसका आयोजन आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट ने एनएचपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से किया था। इस अवसर पर ट्रस्ट की स्मारिका पुनर्नवा का लोकार्पण किया गया। साथ ही डॉ. नित्यानंद तिवारी द्वारा आचार्य जी पर लिखी गई पुस्तक अतीत को फिर से आधुनिक कहने का विवेक विमोचन भी किया गया। डॉ तिवारी ने यह पुस्तक डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी को समर्पित की है।



पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार डॉ . विश्वनाथ त्रिपाठी व अन्य।

ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अपर्णा द्विवेदी ने आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी शोध सम्मान नाम से शोधार्थियों के लिए पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में प्रोफेसर रामेश्वर राय, दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल राय, प्रसिद्ध व्यंग्यकार पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में सुर मल्हार के कलाकारों ने कबीर के भजनों का गायन किया।

खेल डायरी

## आई रन फॉर द नेशन मैराथन के विजेता रहे अंशुल खत्री

**नई दिल्ली।** नरेला विधानसभा के शाहपुर गढ़ी गांव में रविवार सुबह युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा के लिए आयोजित आई रन फॉर द नेशन मैराथन को अंशुल खत्री ने जीता। यहां समाजसेवी सौरभ खत्री द्वारा आई रन फॉर द नेशन मैराथन का आयोजन किया गया। नशे के विरोध में आयोजित इस मैराथन के लिए समाजसेवी सौरभ खत्री ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया। दो चरणों में आयोजित इस मैराथन के सात किलोमीटर की दौड़ को अंशुल खत्री ने जीता। उन्हें ग्यारह हजार रूपये, दूसरे स्थान पर के लिए सात हजार तथा तीसरे स्थान के लिए पांच हजार रुपए के पुरस्कार से प्रतिभागियों को नवाजा गया। इसके साथ ही तीन किलोमीटर की दौड़ में भाग ले रहे प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरुस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया, बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता विद्युत जामवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही। यह मैराथन दौड़ भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत नरेला के समाज सेवी सौरभ खत्री का एक सराहनीय प्रयास है।

## एमेच्योर चैंपियनशिप में हारीं मन्नत बरार

**एलवुडले (ब्रिटेन)।** आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा क्रोजिनस्का के खिलाफ शिकस्त मिली। भारतीय गोल्फ यूनियन की मैरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर हैं। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच स्वीडन ने लड़के और लड़कियों दोनों के वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के फाइनल में हेवाना टोर्स्टेनसन ने मैटिल्डा को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में विगो ओल्सन मोर्क ने नीदरलैंड के स्कॉट वॉल्टरिंग को शिकस्त दी।

## लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

## प्रिया के पांच विकेट से भारत 'ए' ने जीता आखिरी वनडे

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी-20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंतः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉफ (20) को पवेलियन भेजा। प्रिया ने इसके बाद निकोल (02), केट (01) और निकोला (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई।



## लक्ष्य सेन ने की मुख्यमंत्री धामी से भेंट


**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को उनके आवास में बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने भेंट की। धामी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए सेन को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ओलंपिक में कांस्य पदक मैच तक पहुंचे थे। धामी ने कहा कि लक्ष्य आगामी खेलों में पूरे समर्पण से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

# लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।



### फोगाट ने कहा-पदक गंवाना था सबसे बड़ा झटका

विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटी टीम, 2014 से 2023 तक चार श्रृंखलाओं में हारा है भारत

# जायसवाल से निपटने के लिए लियोन ने मांगी हार्टले से मदद

सिडनी, एजेंसी

दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मिलने वाली गति और उछाल मुंबई के इस बल्लेबाज के लिए अलग चुनौती पेश करेगी।

'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने लियोन के हवाले से कहा मेरा अभी तक जायसवाल से सामना नहीं हुआ है लेकिन यह हम सभी गेंदबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा जिस तरह से जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ खेला, मैंने उसे काफी करीब से देखा और मुझे लगा कि यह शानदार था। लियोन ने कहा मैंने टॉम हार्टले (इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर) के साथ अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ उसके खेलने के तरीकों के बारे में काफी अच्छी बातचीत की जो मुझे काफी दिलचस्प लगी। लियोन लंकाशर की ओर से इंग्लिश काउंटी में खेले और उन्हें हार्टले के साथ बातचीत करने का मौका मिला जिन्होंने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 20 विकेट लिए थे और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें जायसवाल के खिलाफ खेलने का अनुभव है।

लियोन के अलावा 2014-15 श्रृंखला में खेलने वाले जोश हेजलवुड अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के हालिया परिणाम उनके रिकॉर्ड में एक बड़ी कमी दर्शाते हैं। यह दस साल का अधूरा काम है, यह लंबा समय रहा है और मुझे पता है कि हम चीजों को बदलने के लिए बेहद भूखे हैं, खासकर यहां घरेलू मैदान पर। उन्होंने कहा मुझे गलत मत समझिए, भारत एक सुपरस्टार टीम है और उनका सामना करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं चीजों को बदलने के लिए भूखा हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हम उस ट्रॉफी को वापस लाएं।




### सिर्फ एक बार जीता भारत

ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-0 से जीतने के बाद से भारत के खिलाफ अगली चार श्रृंखलाएं गंवाई हैं। इनमें से दो श्रृंखलाएं विराट कोहली (2016-17, 2018-19) की अगुआई में जबकि एक-एक अजिंक्य रहाणे (2021) और रोहित शर्मा (2023) की अगुआई में खेली गई।

### कप्तान कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। फॉक्स स्पोर्ट्स ने कमिंस के हवाले से कहा ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर सकता हूं। उन्होंने कहा मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं।



अंडर-19 महिला क्रिकेट

## टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान अलग-अलग ग्रुप में

**दुबई।** मलेशिया की मेजबानी में अगले वर्ष जनवरी में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान को दो अलग-अलग ग्रुपों में रख गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार 18 जनवरी 2025 से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में 16 टीमों के बीच 41 मैच खेले जायेंगे और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दो फरवरी होगा।

यह टूर्नामेंट मलेशिया के चार शहरों में खेला जाएगा। सेलांगोर में बायुमास ओवल ग्रुप ए के सभी मैचों और फाइनल की मेजबानी करेगा। जोहोर का दातो डॉ. हरजीत सिंह जोहोर क्रिकेट एकेडमी ग्रुप बी के मैचों की मेजबानी करेगा। सारावाक का बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड ग्रुप सी मुकाबलों का आयोजन स्थल होगा जबकि सेलांगोर में यूकेएम वाईएसडी ओवल ग्रुप डी के मैच होंगे। समोआ के लिए ये किसी भी आयु वर्ग में यह पहला विश्व कप होगा, जो न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका और एक अन्य ईस्ट एशिया प्रशांत क्वालिफायर के साथ ग्रुप सी में है। ग्रुप बी में इंग्लैंड के साथ पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, स्कॉटलैंड और एक एशियाई क्वालीफायर हैं। भारत के ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया शामिल है।

## पाकिस्तान-बांग्लादेश का दूसरा टेस्ट रावलपिंडी में

**लाहौर।** कराची के नेशनल स्टेडियम में चल रहे निर्माण के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला दूसरा टेस्ट मैच भी रावलपिंडी में होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खेल के घंटों के दौरान भी निर्माण कार्य जारी रहता, जिसकी आवाज से खेल प्रभावित हो सकता था। इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल भी खिलाड़ियों के लिए ठीक नहीं रहती।

पीसीबी चाहता है कि स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाए। इंग्लैंड के साथ कराची में होने वाले मैच पर टिप्पणी से इंकार करते हुए उन्होंने कहा अभी उस मैच के बाबत कुछ नहीं कहा जा सकता, वह अभी 15 से 19 अक्टूबर के बीच होना है। हम निर्माण कार्यों की प्रगति पर करीबी निगाह रखे हुए हैं और इसके बारे में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी देते रहेंगे। पहले बताया गया था कि 30 अगस्त से तीन सितंबर तक चलने वाला दूसरा टेस्ट कराची में ही बिना किसी दर्शकों के खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरे होने पर खेलेंगे मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरा होने मेलबर्न के ऐतिहासिक क्रिकेट मैदान पर मार्च 2027 में टेस्ट मैच खेलेंगे। दोनों देशों के बीच 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीता था।

टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरा होने पर भी दोनों देशों के बीच 1977 में टेस्ट मैच खेला गया था इस मुकाबले को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। इसके साथ यह भी समझौता हुआ अगले सात वर्षों तक बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न तो नए साल का टेस्ट सिडनी में ही आयोजित होगा। 2030-31 सत्र तक हुए इस समझौते के अनुसार क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट एडिलेड जबकि सत्र का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा। हालांकि पर्थ ने केवल अगले तीन साल के लिए ही अनुबंध किया है। अगले वर्ष का ऐशेज श्रृंखला पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में होगी। उल्लेखनीय है कि 2032 के ओलंपिक को देखते हुए, गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

# चयन नीति से हो रहा है नुकसान : राणा

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की।

राणा ने शुक्रवार को पीटीआई मुख्यालय में उसके संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे।



● एनआरएआई की अपनी नीतियों में अंतिम समय बदलाव की प्रवृत्ति पर कोच ने की आलोचना

राणा ने कहा सौरभ चौधरी कहां है, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम (10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज) अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है। राणा ने कहा कि वह बदलाव के खिलाफ नहीं हैं लेकिन ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा हमारे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक विजेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। हम ओलंपिक पदक विजेताओं को लंबे समय तक नहीं देखते क्योंकि हमारे पास उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है।

### छह माह में बदलती नीति

राणा ने कहा महासंघ की चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे। तोक्यो ओलंपिक खेलों में फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए।



आईएसपीएल की घोषणा करते सचिन तेंदुलकर, करीना व सैफ अली खान।

## टेप लगी गेंद और रिवर्स स्विंग से होगी बल्लेबाजों की परीक्षा : तेंदुलकर

मुंबई, एजेंसी

आईएसपीएल

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया।

आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी। तेंदुलकर ने कहा कि जो गेंदबाज ट्रायल और चयन के माध्यम से आए थे, वे टेप लगी गेंद से खेलने के आदी नहीं थे लेकिन कुछ समय बिताने के बाद उन्होंने इसे सीख लिया।

# इगा और सिनर सेमीफाइनल में

सिनसिनाटी ओपन

मेसन (ओहियो), एजेंसी

महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मॉट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को हराया।



● आर्यना सबालेंका से होगा विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक का मुकाबला

● यानिक सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हराया

● जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से दी मात

<< मैच के दौरान शॉट खेलती इगा स्वियातेक। ● एजेंसी



मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कांस्य विजेता हॉकी टीम। ● एजेंसी

## मान ने हॉकी टीम को किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों को रविवार को यहां एक-एक करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। मान ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि राज्य और देश के लिए गौरव बढ़ाने वाले इन सभी माटी के लाल को सम्मानित किया जा रहा है। मान ने भारतीय टीम में शामिल पंजाब के आठ हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये से सम्मानित किया। उन्होंने ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी 15-15 लाख रुपये से पुरस्कृत किया। मान ने कहा कि उन्होंने भारतीय टीम का हर हॉकी मैच देखा और इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने सभी को गौरवान्वित महसूस कराया है। पदक जीतना हर देशवासी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की सराहना की। मान ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने पुराने गौरव को हासिल करते हुए पुनरुद्धार की राह पर है।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर 1-0 से जीती श्रृंखला

प्रोविडेंस (गयाना), एजेंसी

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई।

यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज 144 रन पर आउट हो गई थी।



ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



**रक्षाबंधन** बीएसएफ की महिला कांस्टेबलों ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट के पास बांग्लादेश-भारत सीमा पर रक्षाबंधन त्योहार से एकदिन पूर्व पुरुष सहकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी।

# फोन से निकल रहा रेडिएशन हो सकता है जानलेवा

आजकल स्मार्टफोन जिन्दगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है, जेब से लेकर बिस्तर तक हर समय साथ रहता है। स्मार्टफोन के कई सारे नुकसान हैं तो कई फायदे भी हैं लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि यह फायदे के साथ-साथ फोन से लोगों को नुकसान भी पहुंच रहा है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन सेहत के लिए बहुत हानिकारक माना जाता है, इसके कारण हमारे शरीर को कई सारी बीमारियां घेर लेती हैं। चलिए जानते है ये रेडिएशन कितना हानिकारक है :



### क्या है मोबाइल टॉवर रेडिएशन

मोबाइल फोन के नेटवर्क के लिए टेलीकॉम कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक टावर इंस्टॉल करती हैं, टावर का रेडिएशन हमारे सीधे संपर्क में नहीं रहता है, इसलिए इसका गलत प्रभाव शरीर पर बहुत कम पड़ता है लेकिन फोन 24 घंटे हमारे साथ रहता हो तो इसका प्रभाव बहुत ज्यादा पड़ता है। अगर आप अपने मोबाइल फोन के रेडिएशन को चेक करना चाहते हैं, तो इसके लिए मोबाइल से *#07# डायल करना होगा।

### इन बीमारियों का बढ़ता है खतरा

रेडिएशन के कारण दिमाग और दिल दोनों पर बुरा असर पड़ता है। धड़कन अनियमित हो सकती है और दिमाग की याददाश्त प्रभावित होती है। ये फर्टिलिटी पर भी बुरा असर डालती है। कैंसर, आर्थराइटिस, सर्वाइकल, अल्जाइमर और हार्ट डिजीज का रिस्क बढ़ाती है। इतना ही नहीं एकाग्रता, आंख की समस्याएं के साथ न्यूरोडेगेनेरेटिव डिसऑर्डर होने का भी खतरा रहता है।

### ऐसे प्रभाव करें कम

- यदि फोन पैंट की जेब में है तो यह फर्टिलिटी को प्रभावित करता है इसलिए ऐसा करने से बचें। अच्छे मोबाइल केस का इस्तेमाल करें।
- कई बार आप फोन में मल्टी-टास्किंग कर रहे होते हैं या गेम खेल रहे होते हैं या फिर लो बैटरी में भी लगातार फोन चला रहे होते हैं। इन तमाम चीजों से बचें. चार्जिंग के दौरान भी फोन पर काम न करें।
- रेडिएशन का असर दिमागी सेल्स पर भी पड़ता है, अगर लंबे समय तक फोन पर बात करते हैं तो आपके दिमाग पर इसका असर हो सकता है। सबसे सही तरीका है कि आप फोन को स्पीकर में रखकर बात करें, या इयरफोन का प्रयोग करें।
- कमजोर सिग्नल के दौरान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन सबसे ज्यादा होता है, खासकर जब आप बेसमेंट या लिफ्ट जैसी जगहों पर हों तो फोन कॉल करने से बचें।

## एक नजर

### फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का निधन

पेरिस। द लेपर्ड और रोक्को एंड हिज ब्रदर्स जैसी सुपर हिट फिल्मों में अभिनय का जौहर दिखाने वाले फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का रविवार को निधन हो गया। वह 88वर्ष के थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता डेलन को 20वीं सदी के उत्तरार्ध के सबसे बेहतरीन यूरोपीय सितारों और सेक्स प्रतीकों में से एक माना जाता है। डेलन कई वर्षों से स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे थे और पूरी तरह से एकांतप्रिय हो गए थे। डेलन को 1960 में रिलीज हुई फिल्म पर्पल नून से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली।

### ब्राजील में संचालन बंद करेगा एक्स

**मेक्सिको सिटी।** सोशल मीडिया मंच एक्स ने ब्राजील में अपना संचालन बंद करने की शनिवार को घोषणा की। कंपनी ने आरोप लगाया कि ब्राजीलियाई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे डि मोरेज ने सेंसरशिप से जुड़े आदेशों का अनुपालन न करने पर ब्राजील में एक्स के न्यायिक प्रतिनिधि को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी है।

### रूस में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के सुदूर पूर्व में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रूसी विज्ञान अकादमी (आरएएस) ने कहा भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7 .0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 108 किलोमीटर 67 मील दूर सतह से छह किमी गहराई में था।

### अमेरिका में सैन्य अड्डे पर गोलीबारी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के टेक्सास में ज्वाइंट बेस सैन एंटोनियो-लैकलैंड (जेबीएसए) में सुरक्षा बलों ने जेबीएसए-चैपमैन ट्रेनिंग एनेक्स को तोड़ने का प्रयास कर रहे संदिग्धों के साथ गोलीबारी की घटना हुई। सैन्य अड्डे ने यह जानकारी दी। जेबीएसए की अनुसार सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 :30 बजे गोलीबारी करने वालों के जवाबी गोलीबारी की।

# सत्ता हस्तांतरण में सहयोग करे भारत

## राजनीतिक विश्लेषक बोले- अल्पसंख्यकों से व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में महत्वपूर्ण कारक होगा

**ढाका, एजेंसी**

कई राजनीतिक विश्लेषकों और विदेशी संबंध एवं सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि अगर भारत बांग्लादेश में हो रही सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का समर्थन करता है और किसी एक व्यक्ति और पार्टी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक दलों के साथ भी संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो इससे उसे फायदा होगा। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

अग्रणी थिंकटैंक बांग्लादेश एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (बीईआई) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने कहा मुझे लगता है कि हमारे संबंधों को फिर से तय करने के लिए आपसी समझ शुरुआती बिंदु होनी चाहिए, क्योंकि हम एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए हमें अपने संबंधों को पुनर्निर्धारित करने के लिए एक-दूसरे की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का पड़ोसी होने के नाते भारत मुश्किल समय में हमेशा हमारे साथ रहा है और बदलाव की मौजूदा प्रक्रिया के दौरान भी यदि वह हमारा समर्थन करता है तो मुझे लगता है कि बांग्लादेश के लोग भारत को एक मित्र के रूप में देखेंगे। कबीर ने कहा बांग्लादेश शांति एवं सुरक्षा अध्ययन संस्थान (बीआईपीएसएस) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर जनरल मुनीरुज्जमां ने कहा कि भारत को बांग्लादेश की वास्तविकता देखनी चाहिए, जहां जन क्रांति हुई है। उन्होंने कहा उन्हें (भारत को) इतिहास के सही पक्ष की तरफ होना चाहिए और बांग्लादेश के लोगों के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करनी चाहिए।



### हसीना ने बांग्लादेश की हर संस्था को नष्ट किया : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता बरकरार रखने की कोशिश के तहत हर संस्था को तबाह कर दिया। यूनुस ने वादा किया कि जैसे ही उनकी सरकार अहम सुधार करने की जरूरी प्रक्रिया पूरा कर लेगी, वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव कराएंगे। सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद 76 वर्षीय हसीना ने 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद 84 साल के यूनुस ने 8 अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। यूनुस ने कहा सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में शेख हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका चरमरा गई। डेढ़ दशक तक चली क्रूर कार्रवाई के जरिये लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया।

### हसीना पर सामूहिक हत्या के आरोप में वाद दायर

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक अर्जी दायर की गई, जिसमें उन पर 2013 में हिफाजत-ए-इस्लाम द्वारा आयोजित एक रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश पीपुल्स पार्टी (बीपीपी) के अध्यक्ष बाबुल सरदार चखारी ने ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर की है।

### एक महीने बाद शिक्षण संस्थान खोले गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सभी शिक्षण संस्थान रविवार को खोल दिए गए। इन्हें छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा होने के कारण एक महीने से अधिक समय पहले बंद कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शनों के कारण हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर जाना पड़ा था। नौकरियों में आरक्षण से संबंधित प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हाल में हुए आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 17 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

**कुवैत के प्रधानमंत्री और युवराज से द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा**

# भारत और कुवैत के बीच सद्भावना व मित्रता सदियों पुरानी : जयशंकर

**कुवैत सिटी, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा और युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनसे चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और कुवैत के बीच सद्भावना और मित्रता के सदियों पुराने संबंध हैं। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। हमारे संबंधों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने से जुड़े उनके विचार और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद।

रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने के लिए शेख सबा के विचारों को सराहा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कुवैत के प्रधानमंत्री शेख डॉ. मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्होंने कहा भारत-कुवैत संबंधों को और मजबूत बनाने के उनके विचारों की सराहना करता हूं। आगे के आर्थिक सहयोग के संबंध में उनके विचारों को महत्व दिया। जयशंकर ने इससे पहले देश के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के बारे में मशविरा किया। उन्होंने पोस्ट कर कहा कुवैत के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।



कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ एस जयशंकर।

### विदेश मंत्री से अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का हुआ आदान-प्रदान

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों को राजनीतिक मसलों, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास समेत भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने का मौका मिला है और आपसी हितों के जुड़े क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी हुए।

# सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने 85 की हत्या की

- लूटपाट, आगजनी के बाद महिलाओं व बच्चों को बनाया निशाना
- 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की ताजा घटना

**काहिरा, एजेंसी**

सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने एक गांव में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी के बाद महिलाओं एवं बच्चों समेत कम से कम 85 लोगों की हत्या कर दी। प्राधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। देश में 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की यह ताजा घटना है। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अर्धसैन्य बल 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ)' ने जुलाई में सेन्नार प्रांत के गलगानी में हमले शुरू किए और पिछले सप्ताह आरएसएफ लड़ाकों ने गांव के निहत्थे निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। ग्रामीणों ने अपहरण और महिलाओं व लड़कियों के साथ यौन शोषण का विरोध किया, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। इसमें बताया गया है कि हमले में 150 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। एक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी ने बताया कि शुक्रवार तक चिकित्सा केंद्र में 24 महिलाओं और नाबालिगों समेत कम से कम 80 मृतकों के शव आए।



# सड़क हादसे में भारतीय मूल के तीन सदस्यों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक कार दुर्घटना में भारतीय मूल के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दुर्घटना टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के पास हुई। ऑस्टिन अमेरिकन स्टेट्समैन की रिपोर्ट के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गयी। इसमें कहा गया है कि सभी लिएंडर के रहने वाले थे। उनका एकमात्र पारिवारिक सदस्य बच गया है। मृतक दंपती का 14 वर्षीय पुत्र आदिरयान दुर्घटना के दौरान उनके साथ वाहन में नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि टक्कर से पहले वाहन तेज गति से उनके पास से गुजरा था।

# इजराइली हमलों में 28 की मौत, संघर्ष विराम को प. एशिया रवाना हुए ब्लिंकन

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

गाजा में बीती रात इजराइल के हमलों में एक महिला और उसके छह बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हो गई। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन महीनों से जारी जटिल वार्ताओं के बाद एक संघर्ष विराम समझौता कराने के उद्देश्य से रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हो गए। दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर सावधानीपूर्वक आशा व्यक्त की है। लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। संघर्ष विराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास 7 अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### नेतन्याहू से मुलाकात कर सकते हैं अमेरिकी विदेश मंत्री

इस बीच, इजराइल का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ताओं के लिए रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा जबकि सोमवार को ब्लिंकन के इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करने की संभावना है। हमास ने निकट भविष्य में समझौता होने को लेकर संदेह जताया है। इसने कहा है कि नवीनतम प्रस्ताव पिछले प्रस्ताव से काफी अलग है, जिसे उसने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया था।



# नेपाल की विदेश मंत्री की भारत में पांच दिवसीय यात्रा शुरू

**काठमांडू।** नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा ने रविवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जयशंकर के निमंत्रण पर राणा भारत की यात्रा कर रही हैं। यह पदभार संभालने के बाद राणा की विदेश की पहली आधिकारिक यात्रा है। इसमें कहा गया है, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री राणा भारत के अपने समकक्ष जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और नेपाल-भारत संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए परस्पर हित के मामलों पर चर्चा करेंगी।

# ट्रंप बोले- हैरिस से बेहतर दिखता हूं

**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में की टिप्पणी**

- ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है।

ट्रंप (78) ने टाइम पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ अत्यधिक उदारता दिखाने की आलोचना करते हुए कहा मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं। ट्रंप पिछली रैलियों में भी इस तरह की टिप्पणियां कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा टाइम पत्रिका के पास उनकी (हैरिस) कोई तस्वीर नहीं है। उनके पास एक अविश्वसनीय कलाकार है जो उनके चित्र बना रहा है। उन्होंने बहुत सारी तस्वीरें लीं जो काम नहीं आईं, इसलिए उन्होंने स्केच कलाकार को काम पर रखा। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस पर उनकी आर्थिक नीति को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें हैरिस पर व्यक्तिगत रूप से हमला करने का अधिकार है, क्योंकि वह उनके प्रति बहुत सम्मान नहीं रखते। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की रैली के दौरान चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला किया। अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पेंसिल्वेनिया की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि ट्रंप ने 2016 में राज्य को बहुत कम अंतर से जीता था, लेकिन फिर 2020 में बाइडन से मामूली अंतर से हार गए।



### कहा- बाइडन हैरिस ने नफरत करते हैं

हालांकि, ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि वह कीमतों को नीचे ला सकते हैं, लेकिन उन्होंने अमेरिकी तेल उत्पादन को बढ़ाने की कवायद के अलावा कोई अतिरिक्त विवरण नहीं दिया। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने लगातार दावा किया कि हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन से राष्ट्रपति पद की दावेदारी चुरा ली। ट्रंप ने दावा कि बाइडन गुस्से में हैं और वह हैरिस से नफरत करते हैं। ट्रंप ने कहा बाइडन उनसे नफरत करते हैं क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### हैरिस की टीम बोली- फिर वही पुराना शो

ट्रंप की रैली के बाद एक बयान में हैरिस की चुनाव प्रचार टीम ने कहा एक और रैली, वही पुराना शो। हैरिस की चुनाव प्रचार टीम के प्रवक्ता जोसेफ कोस्टेलो ने कहा डोनाल्ड ट्रंप अपने खतरनाक प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे को नहीं बेच सकते, जिसमें कामकाजी परिवारों पर करों में 3,900 डॉलर की वृद्धि, किफायती देखभाल कानून को समाप्त करना और हमारी स्वतंत्रता को छीनना शामिल है। इसलिए वह झूठी, बेतुकी और भ्रमित करने वाली बातों का सहारा लेते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 35 साल बाद फिर से रिलीज होगी फिल्म मैंने प्यार किया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री भाग्यश्री की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया 35 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनीं सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया वर्ष 1989 में प्रदर्शित हुयी थी। बतौर मुख्य अभिनेता सलमान खान की यह पहली फिल्म थी। भाग्यश्री ने भी इसी फिल्म से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। राजश्री प्रोडक्शन ने मैंने प्यार किया को फिर रिलीज करने का फैसला किया है। राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसको दोबारा रिलीज किए जाने की जानकारी दी है। फिल्म मैंने प्यार किया 23 अगस्त को पीवीआर और सिनेपॉलिस में रिलीज की जायेगी।



# अमिताभ बच्चन ने काम करने की बताई वजह

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 81 साल की उम्र में भी काम करने की वजह बतायी है। अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब छह दशक हो गये हैं। अमिताभ आज भी जोशो-खरोश के साथ 81 वर्ष की उम्र में काम कर रहे है।अक्सर उनसे यह सवाल पूछा जाता है कि वह काम क्यों करते रहते हैं। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में इसका जवाब दिया है। अभिनेता ने लिखा कि वे काम के सिलसिले में मुझसे पूछते रहते हैं, मेरे काम करने का कारण और मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि यह मेरे लिए एक और नौकरी का अवसर है और क्या कारण हो सकता है।दूसरों के पास अवसरों और स्थितियों का अपना आकलन होता है और अक्सर वे अपने मॉडल को सर्वोपरि मानते हैं। मेरे जूते पहनें और पता करें। हो सकता है आप सही हों और हो सकता है नहीं। आपको अपने निष्कर्ष निकालने की स्वतंत्रता है और मुझे अपने काम की स्वतंत्रता है।मेरा काम मुझे दिया गया था। जब यह आपको दिया जाता है, तो उस प्रश्न का उत्तर दें। मेरे कारण आपसे सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन अभिव्यक्ति के अधिकार को उपस्थिति की कई सुरंगें दी गई हैं, आपको सुना जाता है।आपने कहा, मैंने सुना, मैंने काम करने का कारण दिया। वह मैं हूं, मेरे पास जो कारण है वह मेरा है। बंद शटर और ताला लगा हुआ है और सामग्री की नपुंसकता आपको अपने रेत के महल बनाने और इसके निर्माण का आनंद लेने के लिए मजबूर करती है।

